कोलकाता

INDIAN PREMIER LEAGUE

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

* * * * *

हैदराबाद

एक राज्य - एक अखबार

बुधवार, 20 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 242









पैट कमिंस

**आईपीएल नीलामी**

24.75 करोड़ में केकेआर ने खरीदा

## आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिके स्टार्क

**दुबई।** आईपीएल के मिनी ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बने. उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा, ऑस्ट्रेलिया के ही पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में खरीदा. -पूरी खबर पेज 14 पर

## झारखंड के कुशाग्र, रोबिन मिंज और सुशांत भी बने करोड़पति

कुमार कुशाग्र
7.2 करोड़
दिल्ली कैपिटल्स



रोबिन मिंज
3.6 करोड़
गुजरात टाइटंस



सुशांत मिश्रा
2.2 करोड़
गुजरात टाइटंस



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण के लिए झारखंड के कुमार कुशाग्र 7.2 करोड़ रुपये में बिके, रोबिन मिंज 3.6 करोड़ में और सुशांत मिश्रा 2.2 करोड़ रुपयें में बिके. बोकारो के 19 वर्षीय कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने खरीदा, जबकि रांची के बाएं हाथ तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने खरीदा है.

# रांची से दिल्ली तक निलंबन... निलंबन

## बिरंची, भानु व जेपी निलंबित

➲ **विधानसभा में नियोजन के मुद्दे पर भाजपा विधायकों का हंगामा**

सत्य शरण मिश्रा। रांची

झारखंड विधानसभा के सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को भाजपा ने रोजगार के मुद्दे पर सदन के अंदर- बाहर जोरदार हंगामा किया. सदन में हंगामा इतना बढ़ गया कि स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण और विधायक भानू प्रताप शाही और जेपी पटेल को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया.स्पीकर ने दोनों विधायकों को मार्शल आउट करने का आदेश दिया, जिसके बाद मार्शल दोनों को टांग कर बाहर ले गये. विधायकों को बाहर छोड़ कर आने के बाद मार्शल विधायक जेपी पटेल को भी टांग कर बाहर छोड़ आये.

11.09 में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि राज्य में युवाओं को भविष्य दांव पर लगा है. परीक्षाएं रद्द की जा रही हैं. सरकार जवाब दे. इसके बाद भाजपा के अन्य विधायकों ने रोजगार के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया. स्पीकर ने हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 12.30 तक के लिए स्थगित कर दी. 12.35 में दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बिरंची नारायण रोजगार के मुद्दे पर कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाए. स्पीकर से कार्यस्थगन पढ़ने का आग्रह करने लगे. मांग नहीं मानी गई, तो बिरंची और भानु वेल में आकर स्पीकर के सामने कागज लहरा कर हंगामा करने लगे. इससे स्पीकर नाराज हो गये और दोनों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया. इसके बाद भाजपा के सभी विधायक भी सदन का बहिष्कार कर बाहर निकल गये और बाहर धरने पर बैठ गए. फिर शाम 4 बजे राजभवन जाकर राज्यपाल से पूरे मामले की शिकायत की.

– शेष पेज 13 पर

### हंगामा करने से नाराज स्पीकर ने कराया मार्शल आउट



- बिरंची और भानु के साथ जेपी पटेल को भी टांग कर सदन से बाहर ले गये मार्शल
- विधायकों के निलंबन से नाराज भाजपा पहुंची राजभवन, गवर्नर से किया शिकायत

### सांसदों के निलंबन पर लाएं निंदा प्रस्ताव



प्रदीप यादव ने संसद में सस्पेंड किये गये 141 सांसदों का मामला उठाया. कहा कि यह तानाशाही है. इसके खिलाफ विस में निंदा प्रस्ताव लाया जाए. इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने सदन में शेम-शेम के नारे लगाये.

### पंचायत स्वयंसेवकों की चिंताः आलम



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सदन में धरना देने वाले पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू और पंचायत स्वयंसेवकों का मामला उठाया. इस पर मंत्री आलमगीर ने कहा कि पूर्व सैनिक मामले में पता नहीं. सरकार पंचायत सेवको को नियमित करेगी.

### दूसरा अनुपूरक बजट पास, भाजपा गैरहाजिर

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बीजेपी विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार ने 8 हजार 111 करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट सदन से पास करा लिया. इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है. इससे पहले बीजेपी विधायकों का सदन में हंगामा जारी रहा. इस बीच स्पीकर ने नाराज होकर बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही और बिरंची नारायण को

**सदन बुधवार तक के लिए स्थगित**

पूरे विधानसभा सत्र से निलंबित कर दिया. मार्शल दोनों विधायकों को टांगकर सदन से बाहर ले गये. दोनों सदन में लगातार हंगामा कर रहे थे. जिसके बाद स्पीकर गुस्सा गये और कहा कि इन दोनों विधायकों को बाहर निकालो. वहीं जेपी पटेल को भी सदन से निकाल दिया गया है.

## लोस के 49 सांसद फिर सस्पेंड

➲ **संसद के शीतकालीन सत्र में अब तक 141 सांसद हो चुके हैं सस्पेंड**

एजेंसी। नयी दिल्ली

विपक्षी सांसदों के निलंबन की कड़ी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के चलते 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया. इससे इस सत्र में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 141 हो गई है, जो निलंबन के मामले में अब तक की सबसे अधिक संख्या है.

बता दें कि पिछले हफ्ते लोकसभा में बड़े पैमाने पर सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्षी सांसद संसद के संसद के दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. वे मांग कर रहे हैं कि गृह मंत्री अमित शाह सुरक्षा विफलता पर संबोधित करें. स्पीकर ने कहा कि सदन में सुरक्षा संबंधी कोई भी घटना सचिवालय के दायरे में आती है और वह केंद्र को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे. उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था, सरकार हमारे सचिवालय की इन जिम्मेदारियों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती. हम इसकी अनुमति भी नहीं देंगे.

**अर्जुन राम मेघवाल ने रखा प्रस्ताव :** भारी हंगामें के बीच लोकसभा में मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 49 विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा. जिस पर लोकसभा स्पीकर ने अपनी सहमति प्रदान कर दी. बता दें कि इससे पहले सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा के कुल 78 सांसदों को निलंबित किया गया था. इसके पहले 14 दिसंबर को 14 सांसदों को निलंबित किया गया था. इस तरह अब तक कुल 141 सांसद सस्पेंड किये जा चुके हैं.

**सस्पेंड होने वाले सीनियर सांसदः** सदन में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना को लेकर कांग्रेस के शशि थरूर, मनीष तिवारी, गुरजीत सिंह औजला, सप्तगिरि उलाका, प्रद्युत बोरदोलोई, गीता कोड़ा, ज्योत्सना – शेष पेज 13 पर

### विरोध में सांसदों ने संसद परिसर में किया जोरदार प्रदर्शन



### संसद की गरिमा का अपमानः खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कहा, मोदी-शाह ने संसद की गरिमा का अपमान किया है. सुरक्षा चूक के बाद वो संसद में आकर बयान नहीं देते. मुझे बहुत दुःख है कि पहली बार इतने सांसदों को सस्पेंड किया गया.

### बहस की जरूरत नहीं : पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा चूक को बहुत गंभीर मामला बताया है और कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि इस पर बहस की जरूरत नहीं. मामला लोकसभा सचिवालय के अंतर्गत आता है,अध्यक्ष इस पर जांच करवा रहे हैं.

### टीएमसी सांसद मजाक उड़ाते रहे, हंसते राहुल ने बनाया वीडियो

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर संसद में घमासान जारी है. मंगलवार को निलंबित सांसद संसद परिसर में ही प्रदर्शन कर रहे हैं. प्रदर्शन के दौरान टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया. कल्याण बनर्जी धनखड़ की मिमिक्री कर रहे थे, जबकि वहीं खड़े कांग्रेस नेता राहुल गांधी हंसते हुए वीडियो बना रहे थे. –शेष पेज 13 पर

**वीडियो में क्या है :** दरअसल, लोकसभा और राज्यसभा के निलंबित सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे. इस दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतार रहे थे. वीडियो में देख सकते हैं कि राहुल गांधी वहां खड़े होकर हंस रहे हैं और वीडियो भी बना रहे हैं.

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.1 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 24.3 | 11.2 |
| डालटनगंज | 24.6 | 07.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,100 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

### नमो ऐप का सर्वे शुरू

**नयी दिल्ली।** मिशन 2024 से पहले नमो ऐप ने एक सर्वेक्षण शुरू किया है, जिसके जरिए भाजपा सरकार और सांसदों के प्रदर्शन के बारे में लोगों के विचार समेत विभिन्न मुद्दों पर लोगों के मूड का पता लगाया जाएगा.

राज्य स्तर पर होगी सीट शेयरिंग, 30 जनवरी से साझा रैलियां, बैठक में हुए बड़े फैसले

## सीटों का बंटवारा जनवरी तक कर लेंगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को यहां बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया कि जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना है.

इस बैठक में यह भी तय किया गया कि पीएम पद के चेहरे के बारे में फैसला चुनाव में जीत के बाद होगा. हालांकि, एमडीएमके नेता वाइको ने कहा कि बैठक में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की ओर से पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में दलित चेहरे के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया. ममता बनर्जी के प्रस्ताव पर खरगे ने कहा कि हमें चुनाव जीतने पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने कहा, सभी लोग मिल कर काम करेंगे और सीट शेयरिंग को लेकर जिस राज्य में हमारे लोग हैं, वो एक दूसरे से समझौता करेंगे. अगर समझौता नहीं बन सकता, तो गठबंधन के लोग निर्णय करेंगे. सांसद नहीं हैं तो पीएम की बात का क्या फायदा? इसलिए हमें कोशिश करनी है पहले हम जीत कर आएं. –शेष पेज 13 पर




**खास बातें**

- **ममता ने** पीएम चेहरे के लिए खड़गे के नाम का रखा प्रस्ताव, केजरीवाल ने किया समर्थन
- **खरगे बोले–** पहले जीत कर तो आइए, पीएम पद पर बाद में बात कर ली जाएगी

सीएम ने बिंदोरा में आयोजित शिविर में आए लाभुकों से किया संवाद

## गरीबों को जरूर देंगे घरः सीएम

**गुमला में मुख्यमंत्री**

- 467 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास
- 1,45,091 लाभुकों के बीच 204 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण

प्रमुख संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है. सरकार गठन से पूर्व मैंने कहा था कि हमारी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा. राज्यवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए, यहां के लोगों को प्रखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाएगी, बल्कि आपकी सरकार खुद आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी. इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार तीसरी बार चरण का आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गांव और पंचायत में कर रही है.

मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला के कसीरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव और त्यौहार रूपी शिविर का आयोजन होता रहेगा. गांव को मजबूत किए बिना राज्य को सशक्त नहीं कर सकते. यही वजह है कि आपकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी. इसके लिए हम सब को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा.



### हुनरमंद होना ज़रूरी है, खेलों में दिख रही प्रतिभा

सीएम ने कहा कि बदलते समय और मांग के अनुरूप हुनरमंद होना जरूरी है. ऐसा नहीं होने पर मानव की जगह मशीन ले लेगा. कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहें हैं. हाल ही में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी झारखंड ने की. यहां के खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि सरकारी नियुक्ति में भी आगे लाने पर विचार कर रहे हैं.

### जरूरतमंदों को देंगे आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी. परंतु आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी. हर गरीब का अपना आवास होगा. सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख गरीबों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी. अगर जरूरत हुई तो योजना का दायरा और भी बढ़ाया जाएगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद बिना अपना आवास के न रहे. एक-एक पाई इकट्ठा कर जरूरतमंदों को आवास देंगे.

**बेहतर शिक्षा के लिए हो रहा कार्य :** राज्य में छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है. बेटियों की पढ़ाई नहीं छूटे, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आर्थिक सहयोग किया जा रहा है. वहीं उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया गया है. सरकार इस योजना के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहयोग करेगी.

**हेमंत का फिर मास्टर स्ट्रोक** सरकार की मंशा राजभवन और भाजपा को घेरने और दबाव बनाने की

## 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल हूबहू आज होगा पेश

कौशल आनंद। रांची

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार फिर से मास्टर स्ट्रोक की तैयारी में है. राज्यपाल द्वारा वापस किया गया 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल बिना संशोधन के बुधवार को हुबहू सदन में पेश करने जा रही है.

इस बात की पुष्टि झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शुभम संदेश अखबार से बातचीत में की. उन्होंने सदन में मंगलवार को कहा कि 20 दिसंबर) का दिन फिर से ऐतिहासिक होगा. जो लोग स्थानीय नीति पर दोहरी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें कल जवाब मिल जाएगा. दरअसल राजभवन द्वारा लौटाए गए 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को राज्यपाल ने अपनी टिप्पणियों और संदेश के साथ लौटा दिया था. इसके बाद सरकार ने यह मन बनाया कि इसमें वह किसी प्रकार का संसोधन करने नहीं जा रही है.

**खास बातें**

- दोहरी राजनीति करनेवालों को जवाब देने की तैयारी

### सबसे पहले पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने 29 जनवरी को लौटाया था

विस से 10 नवंबर 2022 को विशेष सत्र में पारित होने के बाद इसे संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए सरकार ने इसे राजभवन को भेजा. मगर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने इसे 29 जनवरी को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया. पूर्व राज्यपाल ने इसे वापस करते हुए कहा कि राज्य-सरकार इसकी वैधानिकता की समीक्षा करे कि यह संविधान के प्रविधानों एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप हो. उन्होंने संबंधित विधेयक 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए बिल' की पुनर्समीक्षा को कहा. बैस ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि मात्र संसद को यह शक्ति प्राप्त है कि वह अनुच्छेद 35 (ए) के अंतर्गत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्त लगाए. राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है.

**मौदूगा राज्यपाल ने इसे फिर लौटाया :** चूंकि रमेश बैस ने लौटाने के साथ अपना संदेश नहीं दिया था, इसलिए झामुमो ने मौजूदा राज्यपाल से संदेश सहित वापसी की मांग की थी. इसके बाद राज्यपाल ने 3 दिसंबर को इसे संदेश के साथ विस को वापस कर दिया. और इस पर पुनर्विचार करने को कहा. राजभवन ने बिल में शामिल कानूनी मुद्दों पर अटॉर्नी जनरल से राय मांगी थी. राय मिलने के बाद राजभवन ने बिल को लौटा दिया.

## रांची सहित दर्जनभर जिलों में हैं कई तरह के खनिज, किया जाएगा अन्वेषण

# सूबे में मिला खनिजों का भंडार, 18 जगहों पर की जाएगी मैपिंग

रवि भारती। रांची

झारखंड खनिजों का अकूत भंडार मिला है. जल्द ही भूतत्व विभाग एक दर्जन से अधिक जिलों के 18 जगहों पर मैंपिग करेगा. साथ ही अन्वेषण का काम भी शुरू होगा. पश्चिमी सिंहभूम के बलजोरी और कुमिरत में लौह अयस्क के लिए 60 वर्ग किलोमीटर में भूतात्विक मानचित्र तैयार किया जाएगा. पूर्वी सिंहभूम के बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर में दो वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में मैगनीज के अन्वेषण का काम होगा. पलामू के सतबरवा के रेवारातू में एक वर्ग किलोमीटर दायरे में ग्रेफाइट की खोज की जाएगी.

### क्या है योजना

- मौजूदा भंडार-संसाधनों को बढ़ाने और विभिन्न खनिजों विशेष रूप से लोहा, बॉक्साइट, मैंगनीज, चूना पत्थर, आधार धातु, दुर्दम्य चट्टानों के नए भंडार की खोज
- मौजूद संसाधनों की पहचान और मूल्यांकन करना
- खनिज के छोटे भंडारों को भी क्लस्टर खनन की सुविधा के लिए तलाशना
- आयरन बॉक्साइट, मैंगनीज आदि जैसे परिवर्तित थ्रस्ट होल्ड वैल्यू वाले खनिजों के भंडार का पुनर्मूल्यांकन किया जाना
- खनिजों की ग्रेड-वार सूची विकसित करने का प्रयास किया जाना
- निदेशालय अपने उद्देश्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए निजी क्षेत्रों को पूर्वेक्षण और अन्वेषण की सेवाएं भी प्रदान करता है



### किस खनिज का कहां होगा अन्वेषण का काम

| खनिज का का नाम | अन्वेषण का स्थान | जिला |
|---|---|---|
| बॉक्साइट | जोजीपट ,लोदापट, हेथीलोधा | गुमला |
| बॉक्साइट | सेंरेंगदाग | लोहरदगा |
| लाइम स्टोन | चौकीटांड, बभने | रांची |
| पाइरोक्सनाइट | परसागोरा, सोबराडीह | पूर्वी सिंहभूम |
| मैंगनीज | पहाड़पुर | पूर्वी सिंहभूम |
| आयरनओर | इतरबालजोरी, कुमरिता | पश्चिमी सिंहभूम |
| डोलोमाइट | खुदिया | गढ़वा |
| ग्रेफाइट | रेवारातू | पलामू |
| क्वाट्र्ज | देवीपुर | देवघर |
| क्वाट्र्ज | जामताड़ा | जामताड़ा |

**रांची में चूना पत्थर और डोलामाइट**

रांची के बभने, डीहवाटोली और चौकीटांड में चूना पत्थर और डोलामाइड के अन्वेषण का काम होगा. गढ़वा के धुरकी प्रखंड में चूना पत्थर व डोलामाइट की खोज की जाएगी. गोड्डा के पोड़ैयाहाट और लातेहार के बालूमाथ और जामताड़ा में क्वार्टज का अन्वेषण किया जाएगा. लोहरदगा के सेंरेनदगा में बॉक्साइट के अन्वेषण का काम होगा. डाइड्रोलॉजिकल स्टडीज, रांची, सरायकेला-खरसावां व पूर्वी सिंहभूम में किया जाएगा.

## आपकी बात



असहायों व जरूरतमंदों की सेवा करने से मन में खुशी और दिल को सुकून महसूस होता है

**नाम : श्रेया केडिया**
**पद** : अध्यक्ष, प्रेरणा शाखा
**जन्मस्थल** : दुमका (झारखंड)
**कार्यक्षेत्र** : कोडरमा

श्रेया केडिया का जन्म 1991 में तब के एकीकृत बिहार और झारखंड के दुमका जिले में हुआ था. वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थीं. उनकी प्राथमिक शिक्षा दुमका जिले में हुई. उन्होंने इंटर और कॉमर्स में ग्रेजुएशन एएन कॉलेज, दुमका से किया. उन्हें कॉलेज के समय से ही समाजसेवा में काफी रुचि थी. उस वक्त वह अपने घर से जितना बन पाता था, उतना जरूरतमंदों की सेवा करती थीं. वर्तमान में वह पिछले चार वर्षों से मारवाड़ी युवा मंच, कोडरमा की इकाई प्रेरणा शाखा से जुड़ी हैं और दो वर्षों से प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष भी हैं. प्रेरणा शाखा के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्यक्रम आयोजित कर श्रेया केडिया समाज में लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं. बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ को साकार करते हुए वह जरूरतमंद व गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह संपन्न कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं. आपको बता दें कि श्रेया केडिया गो प्रेमी भी हैं. इसलिए वह हर शुभ काम की शुरुआत गोशाला जाकर गो माता की सेवा के साथ करती हैं. वह कहती हैं कि यह जरूरी नहीं है कि आप बहुत ज्यादा समाजसेवा करें, तभी आपकी पूछ होगी. आपसे जितना बन पाए, जरूरतमंदों व असहायों की मदद करने में अपना योगदान जरूर दें. श्रेया केडिया यह भी कहती हैं कि गरीब, असहायों व जरूरतमंदों की सेवा करने से मन में एक अलग सी खुशी और दिल को सुकून महसूस होता है.

## एयरपोर्ट के पास बिल्डिंग बनाने वालों ने नहीं लिया था एनओसी

# फ्लाइंग जोन में 51 ऊंची इमारतें, 37 पर मामला दर्ज

विशेष संवाददाता। रांची

बिरसा मुंडा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (रांची एयरपोर्ट) के आसपास बने 37 भवनों पर अवैध निर्माण का मामला दर्ज हुआ है. ये सभी भवन रांची एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में बने हुए है. इन भवनों की वजह से विमानों के लैंडिंग और डेक-ऑफ में हमेशा खतरा बना रहता है. नगर निगम ने जिन भवनों पर अवैध निर्माण का ममला दर्ज किया है, इसमें ज्यादातर भवन निगम से नक्शा स्वीकृत कराए बिना ही बनाए गए है. इसमें अपार्टमेंट, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और निजी भवन शामिल हैं.

**ऊंचे भवन विमानों के परिचालन के लिए खतरनाक :** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का मानना है कि एयरपोर्ट के समीप, फ्लाइंग जोन में ऊंचे भवनों से हवाई जहाज के लैंडिंग और उड़ान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. जमीन एयरपोर्ट के आसपास है, तो मकान बनाने से पहले नगर निगम से नक्शा पास करवाना है. उसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी से एनओसी लेने का नियम है. एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा कराए गए सर्वे में पता चला है कि रांची एयरपोर्ट के नजदीक निर्धारित ऊंचाई से 24 मीटर ज्यादा ऊंचे मकान अवैध ढंग से बने हुए है. 15 मकान बिना नक्शा के ही बने हैं, जो रेड जोन में आते हैं.

**ऑब्सटेकल लिमिटेशन सर्फेस सर्वे में हुए खुलासा :** रांची एयरपोर्ट के आसपास ऊंची इमारतों की वजह से लैडिंग और टेक-ऑफ में परेशानी की शिकायत मिल रही थी. जिसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रांची एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में ऑब्सटेकल लिमिटेशन सर्फेस सर्वे कराया. सर्वे में 51 निजी मकान और 4 अपार्टमेंट की ऊंचाई तय सीमा से ज्यादा मिली. इससे पहले भी सर्वे हुआ था. हर दो साल पर सर्वे होता है. सर्वे में जो मकान चिन्हित किए गए थे, अऑरिटी ने सबों को नोटिस भेजा था. मगर नोटिस पर मकान मालिकों ने कोई कार्रवाई नहीं की. अथॉरिटी को संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया. जिसके बाद अथॉरिटी ने मुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त और रांची नगर निगम को पत्र लिख कर मामले की जानकारी दी. मामले को गंभीर बताते हुए चिन्हित भवनों को तुड़वाने की बात कही है.

**एयरपोर्ट अथॉरिटी से एनओसी लेना जरूरी :** रांची एयरपोर्ट के आसपास के चिन्हित ज्यादातर भवनों ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से भी एनओसी नहीं लिया है. जबकि एयरपोर्ट रेड जोन और 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले भवनों को अथॉरिटी से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है. एयरपोर्ट अथॉरिटी की वेबसाइट पर एनओसी के लिए आवेदन किया जा सकता है. जिसके बाद अथॉरिटी निर्माण कार्य को लेकर सर्वे कराता है.

**इन पर दर्ज हुआ है मामला :** बलबीर जैन, कमल देवी, अरुण कुमार बडाईक, आरपी सिंह, भारती दत्ता, विश्वजीत कर्मकार, अजय कुमार, एमपी जायसवाल, स्वाति कुमारी, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, हरेंद्र कुमार सिन्हा, मनेज कुमार साहू, अनुज जायसवाल, राजीव कुमार, चंपा देवी, सुशील सिन्हा, राजेश खलखो, राजू खलखो, आशा सिंह, राज किशोर नाग, सुनिया देवी, राजेश चौधरी, राजेश खलखो, राजीव कुमार, राजेश कुमार, राजेश प्रसाद, चंद्र कांति देवी, सूरज सिन्हा, नारायण उरांव, सुभाष चंद्र सिंह, राम चंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, श्याम सिंह, श्याम हार्डवेयर, अमित कुमार, नरेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद.

| बिल्डिंग ऑनर | पता | ऊंचा भवन |
|---|---|---|
| मुकेश रंजन सिन्हा | न्यू एरिया, गांधी नगर | 4.3 मीटर |
| मथुरा प्रसाद | न्यू एरिया, गांधी नगर | 4.4 मीटर |
| अरूण कुमार बड़ाईक | बिरसा चौक | 11.0 मीटर |
| चंपा देवी | गोविंद नगर, पीटर लेन | 7.4 मीटर |
| कमला देवी | मेन रोड, हिनू | 6.8 मीटर |
| पंकज पुनीत पोद्दार | मेन रोड, हिनू | 6.9 मीटर |
| डैनियल लकड़ा | डिबडीह | 6.6 मीटर |
| बलवीर जैन | बिरसा चौक | 9.2 मीटर |
| डीसी हेंब्रम | बाईपास रोड | 24.0 मीटर |
| हरेंद्र कुमार सिन्हा | न्यू एरिया गंधीनगर | 3.6 मीटर |
| मनोज कुमार साहू | बिरसा चौक | 3.0 मीटर |
| मदन प्रसाद | खूंटी रोड | 1.8 मीटर |
| अनुज जायसवाल | न्यू एरिया, गांधी नगर | 4.0 मीटर |
| आरपी सिंह | बिरसा चौक | 4.0 मीटर |
| मुकेश रंजन सिन्हा | न्यू एरिया, गांधी नगर | 4.3 मीटर |
| सुरेश प्रसाद | बिरसा चौक | 1.4 मीटर |
| नरेश प्रसाद | बिरसा चौक | 1.4 मीटर |
| एसपी विद्यार्थी | संत पीटर रोड, बिरसा चौक | 7.7 मीटर |
| अन्नपूर्णा साव | खूंटी रोड | 5.1 मीटर |
| अमित कुमार | मेन रोड, हिनू | 1.8 मीटर |
| श्याम सिंह | मेन रोड, हिनू | 5.0 मीटर |
| संतोष कुमार | बिरसा चौक | 1.8 मीटर |
| रामचंद्र प्रसाद | न्यू एरिया, गांधी नगर | 1.3 मीटर |
| राजेश कुमार | मेन रोड, हिनू | 3.5 मीटर |
| राजेश खलखो | मेन रोड, हिनू | 6.1 मीटर |
| राजेश चौधरी | नियर निर्मला भवन, हिनू | 1.6 मीटर |
| राजेश कुमार | बिरसा चौक | 5.6 मीटर |
| सुनिया देवी | गांधी गनर, हिनू | 3.4 मीटर |
| राज किशोर नाग | खूंटी रोड, बिरसा चौक | 4.6 मीटर |
| शंकर साहू | बिरसा चौक | 3.0 मीटर |
| श्याम हार्डवेयर | मेन रोड, हिनू | 3.1 मीटर |
| नारायण उरांव | न्यू गांधी नगर, हिनू | 4.4 मीटर |
| सूरज सिन्हा | पीटर कैंपस, हिनू | 4.3 मीटर |
| चंद्रकांति देवी | पीटर कैंपस, हिनू | 6.8 मीटर |
| राजेश प्रसाद | हिनू मेन रोड | 6.2 मीटर |
| आरएम सिंह | न्यू एरिया गांधीनगर | 3.8 मीटर |
| दारोगा सिंह | प्रकाश नगर, बिरसा चौक | 4.5 मीटर |
| आशा सिंह | बिरसा चौक | 6.7 मीटर |
| राजेश खलखो | न्यू एरिया गांधीनरगर, हिनू | 6.3 मीटर |
| सुशीला सिन्हा | गांधी नगर, हिनू | 2.2 मीटर |
| मार्ट कॉम्पलेक्स | क्वाटर नंबर 63-3, एचईसी | 7.4 मीटर |
| चंपा देवी | गोविंदनगर लेन, बी एसेंबली चर्च | 5.9 मीटर |
| राजीव कुमार | मोक्ष फैमिली रेस्टोरेंट, हिनू | 6.1 मीटर |
| संतोष कुमार | संत पीटर लेन, हिनू | 6.1 मीटर |
| मीना शर्मा | बीकेबी मॉल, हिनू | 4.7 मीटर |
| भारती दत्ता | हियर टेन-11, कैफे हिनू | 3.1 मीटर |
| विश्वजीत कर्मकार | पीटर लेन, हिनू | 9.0 मीटर |
| अजय कुमार | हाउस नंबर-4,रोड नं-1,हिनू | 2.0 मीटर |
| एमपी जायसवाल | 2/51,गांधी नंबर हिनू | 3.5 मीटर |
| पंकज कुमार | नियर ललिता निकेतन | 7.6 मीटर |
| स्वाति कुमारी | प्रकाश नगर, संत पीटर रोड | 8.1 मीटर |
| दिनेश कुमार | बिरसा चोक, गैमन इंडिया रोड | 4.0 मीटर |
| राहुल सिंह | होटर रासो, बिरसा चौक के पास | 5.5 मीटर |

# हाईकोर्ट के समक्ष वीसी से पेश हुए गृह सचिव और डीजीपी

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने जमशेदपुर एसएसपी को प्रार्थी सतनाम सिंह गंभीर की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया. कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में आज गृह सचिव और डीजीपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष उपस्थित हुए.

दोनों अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि पीड़ितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है. वहीं क्रिमिनल मामलों में चार्जशीट एवं फाइनल फॉर्म ट्रायल कोर्ट में जमा कर दिया गया है. सरकार इस पूरे मामले में काफी संजीदा है. जिसके बाद अदालत ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को यह बातें शपथ पत्र के माध्यम से बताने का निर्देश दिया. इसके बाद अगली सुनवाई के लिए जनवरी का समय निर्धारित किया. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा.



## सिपाही से एएसआई प्रमोशन मामला : हाईकोर्ट में आज सरकार की ओर से बहस

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी. न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में मंगलवार को प्रतिवादियों की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने बहस पूरी कर ली. अब बुधवार 20 दिसंबर को राज्य सरकार और अन्य प्रार्थियों की ओर से बहस की जाएगी. हाईकोर्ट में दायर याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गयी है. याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गयी थी. इसे निरस्त किये बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नयी सूची बनाकर उन्हें प्रोन्नत करते हुए उनकी पदस्थापना कर दी गयी. लेकिन यह सब बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन किये बगैर किया गया.

## हिरासत में मरने वाले के परिजन को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** झारखंड पुलिस की हिरासत में मरने वाले के परिजन को मुआवजा मिलेगा. इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है. आदेश में कहा गया है कि पुलिस हिरासत में मरने वाले जसीम अंसारी (गिरिडीह के बरवाडीह निवासी) के भाई रुस्तम अंसारी को पांच लाख की राशि मुआवजा के रूप में देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है. जसीम अंसारी को अपनी पत्नी अफसाना परवीन की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार जुलाई 2019 को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद उसने मुफस्सिल थाना के हाजत में देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.

CLASSIFIED































## सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 24 जनवरी तक विस्तार दिया है. न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा. अब अदालत इस मामले में 24 जनवरी को सुनवाई करेगा.

## 82 आवेदनों का ऑन स्पॉट निबटारा हुआ

**रांची।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को वार्ड नं 41 और वार्ड नं 42 में शिविर का आयोजन किया गया था. इसमें निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया और शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया. निगम स्तर से दोनों शिविर में कुल मिलाकर 82 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया.

# दवा कंपनियों में काम करने वालों की आज रहेगी हड़ताल

प्रमुख संवाददाता। रांची

विभिन्न कंपनियों के विक्रय प्रोत्साहन के काम से जुड़े, दवा तथा विक्रय प्रतिनिधियों के रूप में कार्यरत, देशभर के दो लाख से अधिक कर्मचारी बुधवार को हड़ताल पर रहेंगे. सीटू राज्य कमेटी ने सेल्स प्रमोशन क्षेत्र की इस देशव्यापी हड़ताल को राज्य के विक्रय प्रतिनिधियों की यूनियन बीएसएसआर ने भी समर्थन किया है. साथ ही सीटू की राज्य कमेटी द्वारा तमाम ट्रेड यूनियन, जनवादी संगठनों तथा समाज के सभी जनवादी तबकों से जनहित में, इस हड़ताल का समर्थन करने के लिए भी अपील की गई है.

**क्या है मांग :** स्वास्थ्य सेवा के कॉर्पोरेटीकरण के विपरीत बजटीय आवंटन बढ़ाना, सार्वजनिक क्षेत्र की दवा कंपनियां का पुनरुद्धार किया जाना, शून्य जीएसटी सहित अन्य प्रभावी उपायों के जरिए दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कीमतों में कमी सुनिश्चित करना, खतरनाक ऑनलाइन बिक्री पर रोक, वैधानिक कार्य नियम तैयार करना, कानूनी रूप से परिभाषित कार्यस्थलों में निर्बाध कार्य करने का अधिकार सुनिश्चित करना, अवैध इलेक्ट्रॉनिक निगरानी एवं नौकरी की सुरक्षा को बिक्री से जोड़ने पर रोक तथा मौजूदा श्रम कानूनों के उन प्रावधानों को बहाल रखना जिन्हें मजदूर विरोधी चार श्रम कोड के तहत निरस्त करना प्रस्तावित है. हड़ताल की मांगों के प्रति सीटू की राज्य कमेटी ने समर्थन और एकजुटता देने का निर्णय लिया है.



## डीलिस्टिंग रैली का किया विरोध

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को होने वाली डीलिस्टिंग रैली का विरोध आदिवासी समन्वय समिति, आदिवासी जन परिषद, केंद्रीय सरना समिति और आदिवासी सामाजिक संगठन किया है. इसके लिए लक्ष्मीनारायण मुंडा, अजय तिर्की, प्रेमशाही मुंडा, प्रफुल्ल लिंडा, अजीत उरांव, निकोलस एक्का और झरिया उरांव ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि डीलिस्टिंग रैली कर रहे लोगों को आदिवासी के और भी मामले हैं. उस पर भी इनको आवाज उठानी चाहिए. लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि इस रैली का नेतृत्व कड़िया मुंडा कर रहे हैं. जब कड़िया मुंडा 8 बार सांसद रहे, एक बार केंद्रीय मंत्री रहे और एक बार डिप्टी स्पीकर रहे, तब उनको डीलिस्टिंग याद नहीं रहा. आज उन्हें डीलिस्टिंग याद आ रहा है.

तापमान 21° अधिकतम | 09° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | बुधवार, 20 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 242




पेज 8-9

# एमएसीपी की मांग पर शिक्षकों ने विधानसभा के समक्ष दिया धरना

संवाददाता। रांची

विधानसभा सत्र के दौरान एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्य के सभी प्राथमिक,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने राज्य के कर्मियों के समान एमएसीपी शिक्षकों के लिए लागू कराने के लिए धरना प्रदर्शन किया. धरनास्थल पर विधायक विनोद सिंह, अमित यादव व मनीष जायसवाल ने कहा, राज्य कर्मियों के समान ही शिक्षकों को एमएसीपी मिलना चाहिए, क्योंकि शिक्षक भी राज्य के सरकारी कर्मी हैं.

**राज्य सरकार के कर्मचारी हैं शिक्षक, पर लाभ से वंचित : अमीन :** मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि राज्य के सभी कर्मचारियों को 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर संवर्धित सुनिश्चत वृति उन्नयन के तहत एक इंक्रीमेंट देते हुए अगले ग्रेड पे पर वेतन तय किया जाता है, जिससे शिक्षकों को आज तक वंचित रखा गया है. शिक्षक भी राज्य सरकार के कर्मचारी हैं फिर भी शिक्षकों को इसके लाभ से वंचित रखा गया है. मौके पर संघर्ष मोर्चा के प्राथमिक, माध्यमिक, 2 संवर्ग के शिक्षक सहित झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों में अमरनाथ झा, वैधनाथ सिंह, गंगा प्रसाद यादव, आदिल जहीर, नरेंद्र यादव, डॉ सुधांशु कुमार, मो नसीमुद्दीन, निवास रजक जय होरो, विजय ओझा, दिलीप कुमार पांडेय, मनी उरांव, संजीव ठाकुर आदि ने अपने विचार रखा. धरना स्थल में साहेबगंज, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, गढ़वा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, खूंटी, रांची आदि सभी जिला से भारी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए.



विधानसभा के सामने मंगलवार को एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्य के शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया. -फोटो: रमीज

## विधायकों ने दिया समर्थन कहा शिक्षकों की मांग जायज



- सरकारी कर्मियों के समान एमएसीपी सरकार शिक्षकों के लिए भी लागू करे
- राज्य के शिक्षक भी सरकार के कर्मचारी हैं, तो ये भेदभाव क्यों किया जा रहा है

## पुल से गिर कर बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रांची।** जिले के मांडर थाना क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन पुल मलटूटी से सोमवार देर रात बाइक नीचे गिर गयी. जिसकी वजह से बाइक पर सवार दो व्यक्ति की मौत हो गयी. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को मंगलवार की सुबह हुई, जब लोगों ने पुल के नीचे दो युवकों के शव और दुर्घटनाग्रस्त बाइक देखी. इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों के शव को बाहर निकाल कर कब्जे में ले लिया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बाइक से दोनों युवक मांडर से रांची की तरफ जा रहे थे. अंधेरा होने के कारण दोनों युवक बाइक सहित निर्माणाधीन पुल मलटूटी से नीचे गिर गये. जिसकी वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी.

### ब्रीफ खबरें

## सभी जिलों में भाजपा का प्रदर्शन कल

**रांची।** भाजपा ने 21 दिसंबर को हेमंत सरकार के खिलाफ राज्य के सभी जिलों में प्रदर्शन करने का फैसला किया है. कानून व्यवस्था,भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा प्रदर्शन करेगी और राज्यपाल के नाम जिलों के उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर हेमंत सरकार को बर्खास्त करने की मांग करेगी.

## केंद्रीय मंत्री जॉन बारला से मिलीं मिस्फिका हसन



**रांची।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री और भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता मिस्फिका हसन ने दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्यमंत्री जॉन बारला से मुलाकात की. मिस्फिका ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपकर अल्पसंख्यक महिलाओं के विकास और शेरशाहबादी मुसलमानों के आर्थिक-सामाजिक स्थिति पर चर्चा की. उन्होंने केंद्रीय मंत्री से संथाल परगना की मुस्लिम महिलाओं को मोदी सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों से जोड़ने की अपील की.

## वाहन का निबंधन फिटनेस एवं परमिट के लिए 1-1 रुपए का चार्ज

**रांची।** मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई. इसमें जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने ग्राम गाड़ी योजना के तहत् गाड़ियों के क्रय एवं वित्त पोषित वाहनों के किस्त में दी जाने वाली सब्सिडी की जानकारी दी. वाहन का निबंधन, फिटनेस और परमिट का एक-एक रुपये का चार्ज लगेगा. योजना के तहत पांच वर्षों के लिए वाहन पूर्ण रूप से रोड टैक्स मुक्त होगा.

**एचईसी** | जमीन कब्जे को ले मंत्रालय गंभीर हो रही जीआईएस मैपिंग की तैयारी | अफसरों-कर्मियों की मिलीभगत से कंपनी में हो रहे बड़े-बड़े खेल

# 1800 करोड़ रुपये की जमीन पर अवैध कब्जा

अमित सिंह। रांची

केंद्र सरकार का भारी उद्योग मंत्रालय, हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर बड़े कार्रवाई की तैयारी में है. वर्ष 2016 में एचईसी आवासीय परिसर का सर्वे हुआ था. जिसमें 74 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा मिला था. वर्तमान में कब्जे वाली जमीन का दायरा 150 एकड़ से भी ज्यादा हो गया है. मंत्रालय अवैध कब्जे वाली जमीन की सच्चाई जानने के लिए जीआईएस से मैपिंग कराएगा.

एचईसी राजस्व उगाही के लिए खाली जमीन लीज पर दे रहा है. जमीन की लीज दर 12 करोड़ रुपए प्रति एकड़ निर्धारित की गयी है. ऐसे में कब्जे वाली जमीन की कीमत 1800 करोड़ रुपए है. जमीन पर कब्जा होने से कंपनी को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है. वहीं आवासीय परिसर की विधि व्यवस्था भी बिगड़ रही है. आवासीय परिसर में 27 से ज्यादा अवैध बस्तियां बस गई हैं. अवैध कब्जे की वजह से लीज पर जमीन लेने वाली एजेंसियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वहीं कई एजेंसियों ने अवैध कब्जे की वजह से लीज पर जमीन से से इनकार कर दिया है.

**मैपकॉस्ट के सहयोग से होगी मैपिंग :** जीआईएस मैपिंग के लिए मंत्रालय ने इसरो और एचईसी प्रबंधन के आला अफसरों से बातचीत किया है. मंत्रालय एचईसी कंपनी के एक-एक इंच जमीन का डिजिटल नक्शा तैयार करवाएगा. एचईसी के पास वर्तमान में कुछ पुराने नक्शे और दस्तावेज को छोड़, जमीन से संबंधित कोई ठोस रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं. मंत्रालय एचईसी की जमीन से संबंधित पूरा ब्योरा तैयार कराने के लिए इसरो से आग्रह किया है. जमीन की मैपिंग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकॉस्ट) भी सहयोग करेगा.

## जीआईएस मैपिंग से क्या होगा फायदा





एचईसी परिसर के जीआईएस मैपिंग से पता चल जाएगा कि कहां-कहां जमीन है. कितनी जमीन खाली है. कितने में निर्माण हुआ है. झारखंड सरकार को दी गयी जमीन पर कितने प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं. कितने जमीन पर अवैध कब्जा है. आवासीय परिसर में कहां-कहां जमीन खाली है. कितने में एचईसी प्लांट है, प्लांट के लिए ली गई जमीन की वर्तमान में क्या पोजिशन है, यह सब जीआईएस मैपिंग के बाद पता चल जाएगा.

## मंत्रालय तक पहुंची शिकायत, खुलेआम हो रहे अवैध निर्माण

मंत्रालय को जानकारी मिली है कि एचईसी के 1800 करोड़ मूल्य की 150 एकड़ से ज्यादा जमीन पर अवैध कब्जा है. अफसरों-कर्मियों की मिलीभगत से जमीन पर कब्जा कर लोगों ने निर्माण कर लिया है. कब्जा कराने की एवज में लाखों की वसूली की गई है. वसूली के ऑडियो और शिकायती पत्र मंत्रालय को मिले हैं. इसके बाद मंत्रालय ने प्रबंधन से अवैध कब्जे पर जानकारी मांगी. और पूछा कि कब्जा करने वालों पर क्या कार्रवाई हुई. इसमें कंपनी के अफसरों-कर्मियों की क्या भूमिका है. मंत्रालय के कड़े तेवर को देखते हुए प्रबंधन ने नगर प्रशासन विभाग के 21 कर्मियों का तबादला में कर दिया है. जानकारी मंत्रालय को भेजी गयी है.

## स्पॉट बताएगा कहां है कितनी जमीन पर कब्जा

भारी उद्योग मंत्रालय ने इसरो से कहा है कि एचईसी की जमीन पर कहां-कहां अतिक्रमण है, वैसे स्थान को एक विशेष स्पॉट से दर्शाएं. हर 25 मीटर पर स्पॉट के माध्यम से एचईसी की जमीन पर कब्जा दिखाया जाएगा. हाई रेजोल्यूशन सेटेलाइट कैमरे की मदद से जमीन की मैपिंग होगी. इसमें प्रत्येक क्षेत्र का विस्तृत ब्योरा तैयार किया जाएगा. उसमें सड़क, आवासीय इलाका, पानी, नाला, स्लम बस्ती, खाली जगह, एंगल, डिग्री, संभावना सभी चीजों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय को उपलब्ध कराया जाएगा.

## एचईसी जमीन का ब्यौरा एक नजर में

- एचईसी स्थापना के लिए 7199 .51 एकड़ जमीन का अधिग्रहन किया गया था .
- **1669 एकड़ जमीन पर एफएफपी, एचएमटीपी और एचएमबीपी प्लांट बना .**
- सीआईएसएफ को 158 एकड़ जमीन दी गई .
- **स्मार्ट सिटी के लिए 675 एकड़ जमीन दी गयी .**
- 2005-06 में 2341 एकड़ जमीन राज्य सरकार को हस्तांतरित की गयी .
- **शैक्षणिक और अन्य संस्थानों को**



**313 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया .**

- आरडीसीआईएस की सेटेलाइट कॉलोनी के लिए 65 एकड़, निफ्ट को 57 .47 एकड़, स्कूल और कॉलेज को 86 .18 एकड़, जेएससीए को 31 .70 एकड़, पेट्रोल पंप को 1 .8 एकड़ व दूरसंचार विभाग को 1 .6 एकड़ जमीन लीज पर दी जा चुकी है .

# रांची और जमशेदपुर में एक साथ पान मसाला कारोबारियों के यहां आईटी रेड

**खास बातें**

- जमशेदपुर में बंटी भालोटिया के घर रेड में कई दस्तावेज जब्त
- रांची में कारोबारी जेपी सिंघानिया के ठिकानों पर आईटी की रेड

संवाददाता। रांची/जमशेदपुर

जमशेदपुर में बीते दिनों ही ईडी ने छापेमारी की थी. इधर मंगलवार को आयकर विभाग की टीम ने जुगसलाई नया बाजार स्थित बंटी भलोटिया के आवास पर छापेमारी की. बंटी पान मसाला के कारोबार से जुड़ा हुआ है. मंगलवार को आयकर विभाग की टीम सीधे बंटी के घर पहुंची और दबिश देते हुए छापेमारी शुरू कर दी, जो कि देर शाम तक जारी रही. टीम में 10-15 की संख्या में विभाग के अधिकारी मौजूद थे.

सूत्रों के अनुसार टीम को कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिनमें करोड़ो रुपए के आयकर घोटाले सामने आए हैं. हालांकि अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है कि कितने करोड़ के आयकर का घोटाला किया गया है. जमशेदपुर के स्क्रैप कारोबारी चिंटू भलोटिया और मंटू भलोटिया के जुगसलाई नया बाजार स्थित आवास में मंगलवार सुबह आयकर विभाग ने छापेमारी की. सुबह आयकर विभाग की टीम 10 से 15 की संख्या में दोनो के आवास पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी. बता दे कि स्क्रैप कारोबारी चिंटू भलोटिया गैंगस्टर अखिलेश सिंह का करीबी माना जाता है. इसके पूर्व भी आयकर विभाग की टीम ने चिंटू भलोटिया के आवास पर छापेमारी कर चुकी है. फिलहाल आयकर विभाग की छापेमारी जारी है.



बंटी भलोटिया के घर छापेमारी

## रांची में भी दो ठिकानों पर छापेमारी

आईटी की टीम ने पान मसाला कारोबारी जेपी सिंघानिया के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की. धनबाद आयकर विभाग की टीम अपर बाजार स्थित जेपी सिंघानिया के दो ठिकानों पर छापेमारी की. जेपी सिंघानिया राज्य के बड़े पान मसाला व्यापारी हैं और इनका राज्यभर में एक बड़ा कारोबार है. आईटी की टीम में सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं. आईटी की धनबाद की टीम यहां छापेमारी कर रही है. जेपी सिंघानिया के ठिकानों पर आईटी की टीम ने कागजातों की जांच की. अपर बाजार स्थित कार्यालय के गेट पर सीआरपीएफ के जवान तैनात थे. किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने और न ही अंदर से किसी व्यक्ति को बाहर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही थी. बता दें, इससे पहले भी जेपी सिंघानिया के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी हुई थी.

## 11 सुपरिटेंडेंट इंजीनियर बने चीफ इंजीनियर

**रांची।** सरकार ने 11 सुपरिटेंडेंट इंजीनियरों को चीफ इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दी है. प्रोन्नति पाने वालों में नरेंद्र प्रसाद, सुदर्शन चौबे, जय प्रकाश सिंह, कृष्ण कुमार लाल, राकेश श्रीवास्तव, अविनाश दीपक, प्रमोद कुमार, रामप्यार प्रसाद,संजय कुजूर, सुशील हांसदा और पंकज कुमार शामिल हैं. अधीक्षण अभियंता के पीबी-4 , 37,400-67,400, ग्रेड पे-6700 रिवाइज वेतनमान मैट्रिक्स लेबल 13 से प्रोन्नति देते हुए उन्हें पीबी 4-37400- 67000 ग्रेड पे- 8900 रुपये में प्रमोशन दिया गया है. पथ निर्माण विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

## कायरो बार के संचालक कुश अग्रवाल सहित तीन गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

लालपुर थाना क्षेत्र में स्थित काइरो बार एंड लाउंज में टिप्स नहीं देने और पैसे के लेन-देन के विवाद में मारपीट की घटना हुई थी. जानलेवा हमला और छिनतई के आरोप में बार के संचालक कुश अग्रवाल और दो बाउंसर अमन व पवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. काइरो ईस्ट जेल रोड में स्थित है. यह घटना 10 दिसंबर की है. पीड़ित की ओर से प्रदीप के बयान पर थाने में कुश अग्रवाल, बाउंसर सहित 20-25 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. मारपीट में प्रदीप, बबलू, प्रिंस व दीपक गंभीर रूप जख्मी हो गये थे. आरोपियों ने बेसबॉल के बैट व बंदूक के बट से प्रदीप पर का जबड़ा तोड़ दिया, प्रिंस को सिर फोड़ दिया और बबलू उरांव के बेसबॉल के बैट से रोड पर दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट की गयी थी. दूसरी ओर बार के कर्मचारी प्रकाश रॉय ने भी बाउंसर के साथ मारपीट का थाना में लिख कर दिया था. जानकारी के अनुसार कुश अग्रवाल को छोड़ने के लिए पुलिस के वरीय अधिकारियों के पास कई वीवीआइपी की पैरवी भी आयी.

**आयोजन** | बिजली वितरण के टैरिफ प्रस्ताव को उपभोक्ताओं ने एक सिरे से नकारा, कहा

# उपभोक्ताओं को कोई लाभ नहीं, बंद हो जनसुनवाई

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम के टैरिफ प्रस्ताव पर मंगलवार को विद्युत नियामक आयोग ने आइएमए परिसर में जनसुनवाई की. इसमें आए उपभोक्ताओं ने एक सिरे से वितरण निगम के प्रस्ताव को नकार दिया. अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एनके पाटोदिया ने कहा कि लाइन लॉस का नुकसान उपभोक्ता क्यों सहे. निगम को मालूम है कि तोप मांगेंगे तो बंदूक मिलेगी ही. इसी हिसाब से टैरिफ प्रस्ताव बनाया जाता है. निगम ने इंप्रूवमेंट की बात कही है, अगर वह लागू हो जाए, तो बिजली दर बढ़ाने की जरूरत ही नहीं.

उद्यमी केदार नाथ दास ने कहा, टैरिफ बढ़ाने का सिस्टम ही गलत है. आयोग भी सही तरीके से गठित नहीं है. पहले घर को दुरुस्त करने की जरूरत है. जनसुनवाई बंद कर देनी चाहिए. कितना भी चिल्ला लें, टैरिफ बढ़ेगा ही. यहां निगम के एक भी सीनियर ऑफिसर मौजूद नहीं है.



**खास बातें**

- इंडस्ट्रियल कंज्यूमर का शेयर 70 से घट कर हो गया 10%
- वितरण निगम का कोई फीगर उपभोक्ताओं की समझ से परे

## जनता हार चुकी है, उम्मीद भी छोड़ी : अंजय पचेरीवाल

जेसिया के अध्यक्ष अंजय पचेरीवाल ने कहा कि जनसुनवाई से जनता को कोई लाभ नहीं है. जनता हार चुकी है, उम्मीद छोड़ चुकी है. सिर्फ फॉरमिलिटी पूरा किया जा रहा है. एक दिन बिल पेमेंट करने में देरी हो जाती है, तो डीपीएस चार्ज कर लिया जाता है. अपने कारनामों को छिपाने के लिए वितरण निगम जीवन में कभी भी एनर्जी ऑडिटिंग नहीं कराएगा.आयोग का आदेश वितरण निगम अगर नहीं मानेगा तो उपभोक्ता के पास विकल्प क्या है. बिल सुधारने में छह महीना लग जाता है. कभी जेई नहीं तो कभी कोई और नहीं. बिजली नुकसान नहीं हो तो टैरिफ की जरूरत ही नहीं. आज इंडस्ट्रीयल कंज्यूमर का शेयर 70 फीसदी से घटकर 10 फीसदी हो गया है.

## 6333 करोड़ का गैप: वितरण निगम

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम के जीएम कॉमर्शियल ने कहा कि रेवेन्यू गैप 6333 करोड़ रुपए का हो गया हैं. आज बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी कम बिजली दर है. वितरण निगम बिलिंग और कनेक्शन एफिशियंसी को बढ़ा रहा है. 2.41 लाख उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए जाएंगे. इस पर 1456 करोड़ खर्च होगा. 700 मेगावाट सोलर पावर और 400 मेगाट विंड एनर्जी के लिए करार किया गया है.

## आयोग है तभी जनता के हित: अतुल

आयोग की ओर से सदस्य तकनीक अतुल कुमार ने कहा कि आयोग के बंद कर देने से समाधान नहीं होगा. आयोग है तभी जनता का हित भी है. नहीं तो कोई सुनने वाला नहीं होगा. वहीं सदस्य विधि महेंद्र कुमार ने कहा कि बिजली कंपनी और जनता दोनों के हितों को देखना आयोग का काम है. कंपनी बंद हो जाएगी तो बिजली कैसे मिलेगा. इसी तरह जनता पर भी दबाव न पड़े, यह आयोग देखता है

## जहां प्रवासी पक्षी आते हैं वहां की खूबसूरती का क्या कहना: चैंबर

- राज्य के टूरिज्म डेवलपमेंट पर चैंबर जल्द राज्य के विभागीय उच्चाधिकारियों से मिलेगा

संवाददाता। रांची

झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में हुई. बैठक में कहा गया कि राज्य की खूबसूरती ही है कि प्रदेश में प्रवासी पक्षियों का आवागमन होता है. नेतरहाट व अन्य बर्ड सेंचुरी डेवलपर करना चाहिए. इसके लिये चैंबर ने निजी कंपनियों को सहभागी बनाने की बात कही है. कहा गया कि जोन्हा समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर सरकार ने गेस्ट हाउस बनाए हैं, अन्य स्थलों पर भी प्राइवेट इटरप्रिन्योर के लिए विंडो खोलना चाहिए ताकि स्थानीय उद्यमी भी टूरिज्म डेवलपमेंट में अपना योगदान दे सकें.



**नेतरहाट को विकसित करें :** नेतरहाट क्वीन ऑफ छोटानागपुर कहा है वह अन्टच्ड है. जबकि वहां ब्यूटी है जिसे लोग दूर दूर से देखने आते हैं. इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग को निजी एंटरप्रिन्योर को साथ लेना चाहिए. ताकि अंतर्राष्ट्रीय मैप में यह क्षेत्र शामिल हो सके.

**सारंडा के फॉल्स की खूबसूरती अनोखी : गट्टानी :** महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि सारंडा को निजी हाथों में देने विंडो खोलना चाहिए ताकि वहां होटल, रिसॉर्ट बन सकें. मौके पर राहुल साबू, शैलेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल आदि मौजूद थे.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

## शहर में आज

1. डीएसपीएमयू में यूथ फेस्ट, 10 बजे से
2. मारवाड़ी कॉलेज में यूथ फेस्ट, 10 बजे से
3. विधानसभा का शीतकालीन सत्र, 11 बजे से
4. किताब उत्सव, टीआरआई में 11 बजे से
5. क्रिसमस गैदरिंग, लोयला मैदान में 12 बजे से
6. वार्ड 43 और वार्ड 44 में सरकार आपके द्वार, 10 बजे से
7. श्रीराम भागवत कथा, राम कोठी गाड़ीखाना में शाम 6 बजे से
8. जोनल मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल, मोरहाबादी में 10 बजे से
9. मानवाधिकार सहयोग संघ का सम्मान समारोह, पुरानी विधानसभा में 10 बजे से
10. बीजेपी महिला मोर्चा का प्रेसवार्ता, बीजेपी ऑफिस में 12:30 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### हटिया-मौर्य एक्सप्रेस आठ जनवरी तक रद्द

**रांची।** उत्तर पूर्व रेलवे के द्वारा पटरी पर नॉन इंटरलॉकिंग का काम किया जा रहा है. जिसके वजह से रांची रेल मण्डल से परिचालित होने वाली दो ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है. ये ट्रेन रहेगी रद्द : ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस, 20 दिसंबर से 8 जनवरी तक गोरखपुर से रद्द रहेगी. ट्रेन संख्या 15027 हटिया-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस, 21 दिसंबर से 9 दिसंबर तक हटिया से रद्द रहेगी.

### 31 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में जनसेवक प्रतिनियुक्त

**रांची ।** झारखंड सरकार ने इस वर्ष धान की खरीदारी के लिए रांची जिला के 18 प्रखंड के 31 केंद्र बनाए हैं. डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने 31 धान अधिप्राप्ति केंद्रों में जनसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दी है. केंद्रों पर अधिप्राप्त किये गये धान का लेखा एवं अन्य सभी जिम्मेवारी प्रतिनियुक्त जनसेवक एवं कर्मी की होगी. वहीं, चयनित 10 राइस मिलों में भी एक-एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी. इनके द्वारा धान के मिलिंग कार्य को मॉनिटर किया जायेगा.

## वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रिट्रीटेड वाटर पर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मंथन शुरू

# लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर ड्राफ्ट रूल रेगुलेशन तैयार, मांगी राय

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

शहरों के लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के स्टेक होल्डर्स के साथ राज्य शहरी विकास अभिकरण की बैठक हुई. नगर विकास एवं आवास विभाग तथा यूनाइटेड स्टेट्स की संस्था यूएसऐड के संयुक्त तत्वावधान में इस मीटिंग का आयोजन किया गया था.

इस दौरान विभिन्न स्टेक होल्डर्स के बीच राज्य सरकार की ओर से लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और इसके रखरखाव तथा यूजर्स चार्ज पर बनायी गयी एक ड्राफ्ट रेगुलेशन को रखा गया और सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी राय मांगी गयी. इस मौके पर झारखंड सरकार के राज्य शहरी विकास अभिकरण, मेकॉन, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एनटीपीसी, यूएसऐड, जुडको लिमिटेड, सुवासी, केपीएमजी, विश्व स्वराज सहित विभिन्न संस्थों के प्रतिनिधि शामिल हुए.

**कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूदः** सूडा के निदेशक अमित कुमार, यूएसऐड की ओर से लाइया डोमेनेक, आरके श्रीनिवासन, सुवासी की ओर से कुमार साकेत, केपीएमजी की ओर से विजय बेहरा, एएससीआई हैदराबाद के प्रो. वी. श्रीनिवास चैरी, विश्वराज ग्रुप से अरिंधन तालुकदार, राजस्थान के मुख्य अभियंता अरुण व्यास, एनजेएसइआई के डॉ. योगेश गोखले के अलावा अन्य विशेषज्ञों में रूप मुखर्जी, सौरभ काले आदि ने अपनी अपनी बातें रखीं.

इस मौके पर जुडको के पीडीटी गोपाल जी और डीजीएम आलोक मंडल, सूडा, स्मार्ट सिटी और जुडको के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे.

### दिया जा रहा निःशुल्क वाटर कनेक्शन

राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार शहरों के लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर बेहद ही संवेदनशील और गंभीर है. यही वजह है कि प्रदेश के अधिकांश नगर निकायों में या तो सीवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है. हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और हम सबों को नि : शुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं. इसलिए, जरूरी है कि हम उपयोग किए पानी को री-ट्रीट कर उसका उपयोग सेकेंडरी वाटर के रूप में किया जाए. उन्होंनें भारी उद्योग में उपयोग होनेवाले फ्रेश वाटर की जगह अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल का आग्रह किया. झारखंड के 49 नगर निकायों में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है और उन शहरों में जहां सीवरेज सिस्टम विकसित हो रहा है, वहां सभी को नि : शुल्क कनेक्शन देना है.

### स्टेकहोल्डर मीटिंग की महत्वपूर्ण बातें

- शहरों में सीवरेज और सेप्टेज के माध्यम से ट्रीट किए गए वाटर का उपयोग कहां कहां किया जाए.
- रिहायशी कॉलोनियों में भी सेकेंडरी यूज के लिए इस जल का उपयोग हो.
- बड़ी कंपनियों खासकर पावर प्लांट में इसका उपयोग किया जाए.
- सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक दर तय किया जाए.
- हर घर से सीवर्स लाइन में कनेक्शन नि :शुल्क दिया जाएगा.
- जहां सेप्टेज की व्यवस्था है, वहां भी एक वर्किंग सिस्टम विकसित किया जाए.
- सीवरेज एव सेप्टेज के दोनों मामले में एक दर तय हो.
- इसके ट्रीटमेंट के बाद भी इसके उपयोग के लिए कॉमर्शियल और आवासीय क्षेत्र में दर निर्धारित किया जाए.
- औद्योगिक प्लांट्स और बड़ी कॉलोनियों को कुछ इन्सेंटिव मिले.
- कई शहरों में सीवरेज और सेप्टेज की योजनाएं चल रही हैं.

## जिस पर सवाल, उसी से पूछकर विधानसभा को सौंपी झूठी रिपोर्ट

# बुरे फंसे हजारीबाग डीएफओ

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

डीएफओ सबा आलम अंसारी द्वारा एनटीपीसी से पूछ कर झारखंड विधानसभा में झूठी रिपोर्ट भेजने के मामले में सरकार ने सख्त रुख अपनाया है. दरअसल, डीएफओ से हजारीबाग में एनटीपीसी द्वारा सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के संबंध में जानकारी मांगी गई थी. पूर्व में मंटू सोनी की शिकायत के बाद पीसीसीएफ से एक महीने में रिपोर्ट-मंतव्य के साथ जांच प्रतिवेदन मांगा गया था.

लेकिन, समय बीतने के बाद भी सरकार को रिपोर्ट नहीं भेजी गई. इसके बाद सरकार के अवर सचिव प्रभाकर ओझा ने पीसीसीएफ को पत्र लिखकर अविलंब रिपोर्ट देने को कहा है. इसके पूर्व सरकार के अवर सचिव मितरंजु कुमार द्वारा पीसीसीएफ को लिखे पत्र में यह भी कहा गया था कि डीएफओ सबा आलम अंसारी के क्षेत्राधिकार से भिन्न किसी वरीय पदाधिकारी से जांच कराएं.


सबा आलम अंसारी, डीएफओ.

### सरकार सख्त

- झूठी रिपोर्ट भेजने के मामले में सरकार के तेवर तल्ख
- सरकार ने पीसीसीएफ से अविलंब मांगी जांच रिपोर्ट
- एनटीपीसी द्वारा सड़क से कोल ट्रांसपोर्टेशन मामला

### आरोपी से पूछकर सरकार को भेजी झूठी रिपोर्ट

विधायक लोबिन हेंब्रम द्वारा फरवरी महीने में विधानसभा सत्र के दौरान एनटीपीसी द्वारा सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किए जाने से संबंधित एक सवाल पूछा गया था. इसका जवाब देने के लिए झारखंड सरकार ने हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल को पत्र लिखा था. झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक पंकरी बरवाडीह एनटीपीसी लिमिटेड के पत्रांक 23 दिनांक 10 फरवरी 2023 के हवाले से जवाब दिया गया कि भूमि अधिग्रहण एवं स्थानीय विधि व्यवस्था के चलते कन्वेयर बेल्ट पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं हो पाया है. इसलिए वन मंत्रालय के दिल्ली कार्यालय द्वारा दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को जारी नोटिफिकेशन के आलोक में सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किया जा रहा है. उक्त परिपेक्ष्य में सड़क मार्ग से कोयला परिवहन के लिए ट्रांजिट परमिट निर्गत किया जा रहा है.

### सरकार को भेजी रिपोर्ट को खुद किया खारिज

हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी ने फरवरी महीने में एनटीपीसी से पूछकर विधानसभा में सरकार को जवाब देने के तीन महीने बाद उसी जवाब को लेकर एनटीपीसी से स्पष्टीकरण पूछा. जवाब में एनटीपीसी द्वारा भारत सरकार के वन मंत्रालय के दिल्ली कार्यालय द्वारा दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को जारी नोटिफिकेशन के तहत ट्रांसपोर्टेशन किए जाने की जानकारी दी गई. डीएफओ ने एक सप्ताह बाद उसे मानने से इनकार करते हुए गलत बताया था.

### एनटीपीसी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को छुपाकर डीएफओ को दिया था जवाब

विधनासभा में पूछे गए सवाल का जवाब देने के लिए हजारीबाग डीएफओ सबा आलम अंसारी ने विभागीय रिपोर्ट भेजने के बदले एनटीपीसी से ही रिपोर्ट मांग लिया. एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने डीएफओ को भारत सरकार के वन मंत्रालय के दिल्ली कार्यालय द्वारा दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को जारी नोटिफिकेशन के तहत ट्रांसपोर्टेशन किए जाने की जानकारी दी. हालांकि, उस समय सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को छुपा लिया, जिसमें उसे अक्टूबर 2023 तक सड़क से कोयला ट्रांसपोर्टेशन करने का आदेश दिया गया था. पूरे प्रकरण को लेकर दोषियों पर शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने विभागीय और कानूनी कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा था.

### नई नियमावली से अनुसार इंस्पेक्टर में होगी प्रोन्नति

**रांची।** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में दारोगा से इंस्पेक्टर पद पर नई नियमावली के अनुरूप ही पदोन्नति दी जायेगी. मंगलवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा पूछे गये अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब में कहा. बता दें कि शिल्पी नेहा तिर्की ने आरोप लगाया था कि डीजीपी कार्यालय द्वारा 41 दारोगा को इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नति के लिये 27 नवंबर 2023 तक मनोनयन की मांग की गई थी और वह पुरानी नियमावली के अनुसार है.

### औद्योगिक नगर से बेहतर पंडालों का प्रारूप : सरयू

**रांची।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगर घोषित करने के फैसले को लेकर सदन के अंदर सवाल उठाया. कहा कि 15 दिसंबर को विधानसभा का सत्र आहूत होने के बाद सरकार ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगर घोषित करने का फैसला लिया. नियम के मुताबिक, चलते सत्र के दौरान अगर सरकार कैबिनेट में कोई नीतिगत फैसला लेती है, तो उसकी सूचना सदन की देनी चाहिए, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया. सरयू ने कहा कि औद्योगिक नगर के प्रस्ताव के प्रारूप से बेहतर तो दुर्गा पूजा समितियों के पंडालों के प्रारूप होते हैं.

# सीएमपीडीआई व सीआईपीईटी के बीच एमओए पर हस्ताक्षर



**संवाददाता।रांची**

सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर के सीएसआर के तहत महाराष्ट्र के 120 बेरोजगार युवकों को मशीन ऑपरेटर का कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीआईपीईटी) के बीच एमओए पर हस्ताक्षर किया. सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-4 नागपुर के क्षेत्रीय निदेशक राजेश रल्हन एवं सिपेटः सीएसटीएस, चंद्रपुर, महाराष्ट्र के प्रमुख एवं निदेशक अवनीत कुमार जोशी के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया.

इस परियोजना को बहुवर्षीय परियोजना के रूप में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए चार बैचों में कुल 120 छात्रों को स्वीकृत लागत 1 करोड़ 2 लाख की राशि से कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस समझौता ज्ञापन के तहत सीआईपीईटी, चंद्रपुर में महाराष्ट्र के 60 लाभार्थियों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग तथा 60 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर -इंजेक्शन मोल्डिंग टेक्नोलाजी में प्रशिक्षित किया जाएगा.

अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए. यह पाठ्यक्रम छह माह का होगा. उक्त कोर्स नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से संबद्ध है तथा नेशनल स्कील्स क्वालिफिकेशन कमेटी (एनएसक्यूसी)- नेशनल स्कील डेवलपमेंट एजेंसी (एनएसडीए), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत है.

### सुनहरा अवसर

- 120 बेरोजगारों को मिलेगा मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण
- सीआईपीईटी, चंद्रपुर में छह माह का मिलेगा प्रशिक्षण

# प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाएं : बाबूलाल



**प्रमुख संवाददाता।रांची**

भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की बैठक रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य रूप से बैठक में शामिल हुए. इस दौरान प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कलाकारों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से पूरे झारखंड के गांव-गांव में झारखंड की समृद्ध संस्कृति के बारे में जनता को जागरूक करना है. गांव-कस्बे के कलाकारों को सामने लाना है. राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है. प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता जन-जन तक इस विरासत को पहुंचाएं.

**लोक कलाकारों की आवाज बने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ : कर्मवीर सिंह :** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को छोटा नहीं समझना है. इसकी जिम्मेदारी बड़ी है. मंडल व पंचायत स्तर में लड़के-लड़कियों को जोड़ कर कलाकारों की टीम बनाएं.

बैठक में हजारीबाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी. पद्मश्री जमुना टुडू के अलावा गुमला, लातेहार, रांची, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारी मौजूद थे.

### खास बातें

- भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक
- कार्यकर्ताओं से कलाकारों को सामने लाने की अपील

## पीएमएफएमई की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक

# रांची में मात्र 14 % लक्ष्य की प्राप्ति

**संवाददाता।रांची**

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यान उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की. बैठक में जिला महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची राजीव रंजन, राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (SPMU) के सदस्य, सभी बैंक के अधिकारी, डी. ई. सी. एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे. डीसी ने पीएमएफएमईकी प्रगति की समीक्षा करते हुए एसपीएमयू से जानकारी मांगी. जिसपर उन्होने बताया कि रांची में मात्र 14 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है. जिसपर डीसी ने लक्ष्य प्राप्त करते हुए योजना का लाभ सभी लाभुकों को दिलाना सुनिश्चित करने को कहा. इसके साथ बैंक को निर्देश देते हुए कहा कि हर बैंक द्वारा एक-एक संवितरण लंबित क्यों है. आवेदन क्यों नही आ रहा है, इसकी जानकारी बैंक के अधिकारी से लेते हुए इसपर तेजी लाने को कहा. इसके साथ इस योजना से सम्बंधित 2-2 आवेदन प्रत्येक बैंक जेनरेट करने का निर्देश दिया. डीसी ने सम्बंधित जिला समन्वयक सह डीआरपी रांची को लक्ष्य से तीन गुणा ज्यादा आवेदन सृजित करने का निर्देश दिया ताकि लक्ष्य कि प्राप्ति कि जा सकें.



### संभावित इकाइयों की सूची

अचार निर्माण, पापड़ निर्माण, बड़ी निर्माण, बिस्कुट निर्माण, चनाचूर उत्पादन,चिप्स निर्माण, कुरकुरे निर्माण, जैम/जेली निर्माणजूस (फ्रूट जूस) निर्माण, साबुदाना निर्माण, पेठा निर्माण, नमकीन /मिक्सचर अन्य, सेवई निर्माण, आइस कैंडी निर्माण, सत्तू निर्माण, दाल निर्माण, पेड़ा निर्माण पनीर निर्माण, गजक निर्माण, चिकी निर्माण, हल्दी निर्माण, मसाला निर्माण, मिर्ची पाउडार उत्पादन, गरम मसाला उत्पादन, पोहा निर्माण, मैगी निर्माण, उपमा निर्माण, चना मुंजा निर्माण, चूड़ा उत्पादन, ड्राय फट निर्माण, कैचअप निर्माण, सॉस निर्माण, पास्ता/मेकोनी निर्माण, धान मील, मूढ़ी उत्पादन, तेल मील, आईसकीम निर्माण, केक निर्माण, टोस्ट निर्माण,मिल्क प्लांट, घी उद्योग, पशु आहार उद्योग, मछली आहार उद्योग, मुर्गी दाना, आटा चक्की उद्योग, मसरूम उत्पाद, मखाना निर्माण, नूडल्स निर्माण, गुड़ उत्पादन, सोयाबीन का पनीर निर्माण, धनिया पाउडर निर्माण, ड्राई प्याज निर्माण, लहसून/प्याज / अदरख पेस्ट निर्माण, मिठाई निर्माण निर्माण, पॉपकॉन निर्माण, तिलकुट निर्माण, ओट्स (दलिया) निर्माण, स्नैक्स (मकेन) निर्माण, चटनी निर्माण, मिश्री दाना निर्माण, बतासा निर्माण,पोटैटो फ्रेंच फाई निर्माण, चॉकलेट निर्माण तथा खाद्य पदार्थ से समबंधित अन्य निर्माण कार्य.

## सिटी अपडेट

### हाईकोर्ट ने पहाड़ी मंदिर की कमेटी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पहाड़ी मंदिर विकास समिति के मामले में नई कमेटी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से शपथ पत्र दायर किया गया. साथ ही अंतरिम आदेश को लेकर दायर आइए याचिका पर सुनवाई कोर्ट में हुई. मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने पहाड़ी मंदिर की 11 सदस्य वाली नई कमेटी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज एवं रवि प्रकाश मिश्रा ने पक्ष रखा. अगली सुनवाई 11 जनवरी 2024 को होगी.

### कांग्रेस नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिवों को विभिन्न अग्रणी संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों एवं कार्य विशेष की जिम्मेवारी प्रदान की गयी है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो को संगठन, आदिवासी कांग्रेस, एससी विभाग, राकेश सिन्हा को मीडिया विभाग, मदन मोहन शर्मा को प्रोटोकॉल एवं जवाहर बाल मंच, मानस सिन्हा को युवा कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस,ट्रेनिंग लोकसभा चुनाव समन्वय नियंत्रण कक्ष, संजय पांडे को प्रदेश इंटक, एनएसयूआई, सेवादल, असंगठित कामगार कांग्रेस एवं पुष्पा कुल्लू को प्रदेश महिला कांग्रेस की जिम्मेवारी दी गयी है.

### आजसू ने किया महिला इकाई कमेटी का गठन

**रांची।** आजसू छात्र संघ ने मारवाड़ी कॉलेज की महिला इकाई की कमेटी गठन किया. अध्यक्ष रूफी प्रवीण, कार्यकारी अध्यक्ष साहिबा अख्तर, महासचिव विष्ठा अंशु, उपाध्यक्ष तम्माना प्रवीण, गुंचा क्वामर, निशा कुमारी, रागिनी कुमारी व शामिहा नवाज, सचिव अनामिका कुमारी, आरजू तम्मानना, अस्फिया परवीन व नर्गिस परवीन, सह सचिव तन्नू कुमारी, अपराजिता कुमारी, गुलनाज परवीन, कुशी हुसैन, कुशी बर्नवाल, लीसा कुमारी व अन्वेष्ठा सिंह, कार्यसमिति सदस्य करुणा कुमारी, दिव्य कुमारी, अर्चना कुमारी, सोनिया कुमारी, स्वाति कुमारी व सुमन कुमारी को बनाया गया. कमेटी गठन में पर्यवेक्षक के रूप में रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला शामिल कहे.

### अल्पसंख्यक आयोग को मजबूत करने की जरूरत

**रांची।** महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से कांग्रेस भवन में अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक दिवस दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया गया. बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शरीक हुए. उन्होंने कहा कि आज समूचे जिले में विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया जा रहा है. यह कांग्रेस अल्पसंख्यक की अच्छी पहल है. ठाकुर ने कहा कि आज देश बहुत ही खतरनाक मोड़ से गुजर रहा है. अल्पसंख्यकों से बहुत भेदभाव हो रहे हैं. उन्हें समान निगाह से देखा तक नहीं जा रहा है. हमारे नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की मुहिम के तहत भारतवासियों को जोड़ा. इसी तरह सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है. अल्पसंख्यक आयोग को और मजबूत करने की जरूरत है.

### स्टेशन व एयरपोर्ट पर जल्द होगा कोविड टेस्ट

**रांची।** कोविड के नए जेएन-1 वेरिएंट के कारण देश भर में चिंता बढ़ गई है. कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी से चिंतित होकर केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों के लिए गाइडलाइन जारी किया है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड के नए जेएन-1 वेरिएंट को लेकर राज्यों को नई स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा है. कहा कि राज्यों को नियमित आधार पर जिलेवार एसएआरआई और आईएलआई मामलों की रिपोर्ट और निगरानी करनी होगी. अधिक से अधिक संख्या में आरटी-पीसीआर टेस्टिंग की व्यवस्था करने की सलाह दी है. वैसे झारखंड में अभी तक नए जेएन-1 वेरिएंट का एक भी केस नहीं आया है. लेकिन केंद्र सरकार की एडवाइजरी जारी करने के बाद ऐतिहातन रिम्स से लेकर सदर अस्पताल में तैयारी शुरू कर दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट में जल्द ही कोरोना जांच शुरू की जाएगी.

## मोटिवेशन स्पीच

## मौलाना आजाद कॉलेज में विद्यार्थियों को बताए गए सफलता पाने के गुर

# तालीम से ज्यादा तरबियत की है जरूरत : सईद अहमद

**संवाददाता।रांची**

इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सह राब्ता फाउंडेशन पुणे के अध्यक्ष सईद अहमद मंगलवार को मौलाना आजाद कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. उन्होंने कहा कि तालीम से ज्यादा तरबियत की जरूरत है, अच्छे शब्द जिंदगी बदल देते हैं. विद्यार्थियों में शिक्षा की प्यास होनी चाहिए, शिक्षा की भूख बढ़नी चाहिए. मैं क्या हूं, कैसा हूं, यह भीड़ को बताना होगा. दिमाग उन चीजों को कभी नहीं भूलता, जिनको वह समझता है. इसलिए समझकर पढ़ना जरूरी है.

उन्होंने कहा कि यदि आप जीवन में एक अच्छा वक्ता बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको एक अच्छा श्रोता बनना होगा. उन्होंने यह भी कहा कि हम हारना नहीं चाहते, इसलिए जीतते नहीं. हार आपको मजबूत बनाता है. परीक्षा में असफल होना बुरा नहीं है, निराश होना बुरा है. प्रकाश फैलाने के लिए जलने की आवश्यकता होती है. जो अपने विचारों को ऊंची उड़ान देता है, भगवान उसे नया आसमान देता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने की. उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि हालात बदलते नहीं, बदलने पड़ते हैं. जब तक बच्चे किसी मिशन के साथ आगे नहीं बढ़ेंगे, तो सफल कैसे होंगे. आज हम यहां खड़े हैं, तो यह हमारे 35 साल का संघर्ष है. संघर्ष के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता है.



### बानापीढ़ी में होगी मौलाना आजाद कॉलेज की स्थापना

कॉलेज के उर्दू प्रोफेसर मौलाना ओबेदुल्लाह कासमी ने कहा कि इस संस्थान का निर्माण मौलाना आजाद के हाथों हुआ था. यहां वे बच्चे आते हैं, जो पौसों की तंगी के कारण जेवियर्स कॉलेज, गोस्नर कॉलेज आदि में अपना दाखिला नहीं करा पाते हैं. बताया कि बानापीढ़ी में 5 एकड़ जमीन ली गई है. वहां भव्य मौलाना आजाद कॉलेज का निर्माण जल्द शुरू किया जायेगा. मौके पर कॉलेज के पीआरओ परवेज अहमद, प्रो महमूद आलम, डॉ अशरफ हुसैन, एजाज अहमद, डॉ फिरदौस जबी, हैदर अली, डॉ अनवर अली, परवेज आलम, मालती सिन्हा, गुल फरहा आदि शामिल थे. संचालन डॉ. इलियास मजीद ने किया.

### झारखंड में 7.92 लाख लोगों ने की हवाई यात्रा

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सदस्य ने भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय से 2019 से लेकर 2024 तक झारखंड राज्य के घरेलू विमान यात्रियों संख्या से संबंधित जानकारी मांगी थी. उन्होंने विमानपत्तन के निर्माण के कारण विस्थापित लोगों को विमानपत्तन क्षेत्र के अंतर्गत स्वरोजगार देने से संबंधित सवाल पूछे. उत्तर देते हुए नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) ने बताया कि झारखंड राज्य में हवाई अड्डों पर वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक कुल घरेलू विमान यात्रियों की कुल संख्या 7 लाख 92 हज़ार थी. 2019-20 में 2.48 लाख, 2020-21 में 1.22 लाख, 2021-22 में 1.72 लाख, 2022-23 में 2.50 लाख यात्री विमान से यात्रा किये. वहीं, 2023-24 अक्टूबर तक 1.64 लाख यात्री विमान से यात्रा कर चुके हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नए सीवीएस डायरेक्टर बने डॉ. एमसी मेहता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सीवीएस के डायरेक्टर डॉ. मुकुंद चंद मेहता को बनाया गया. डॉ. मुकुंद चंद मेहता रांची विश्वविद्यालय के कॉमर्स के एसोसिएट प्रोफेसर है. वे तीन साल तक रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भी रहे हैं. उनका स्वागत वित्त पदाधिकारी डॉ. ज्योति प्रकाश , सीवीएस के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. स्मृति सिंह और सीवीएस के वित्त समन्वयक डॉ. वीके देवघरिया ने किया.

### छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया

**रांची ।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा चला रहे वोकेशनल एडुकेशन के तहत मारवाड़ी 2 उच्च विद्यालय के 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया. स्कूल के छात्रों ने झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, टाटीसिल्वे का भ्रमण किया. इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंडस्ट्री के बारे में बताना था. भ्रमण के दौराण विद्यार्थियों को ये बताया गया कि किस प्रकार से इंडस्ट्री काम करते हैं.

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में योग पर कार्यक्रम

**रांची ।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में योग और साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास, डीएसडब्ल्यू प्रो. रत्नेश विश्वकसेन शामिल रहे. योग गुरु श्याम ने छात्रों और शिक्षकों को योग और आसन करवाया. उन्होंने वृक्षासन, ताड़ासन, पद्मासन जैसे आसन का लाभ समझाया. सूर्य नमस्कार का भी उन्होंने अभ्यास कराया और बताया कि यह संपूर्ण व्यायाम है.

### हार्ट के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रांची ।** जन आरोग्य केंद्र सीसीएल की ओर से मंगलवार को रांची के सुकुरहुट्टू बस्ती में निःशुल्क ह्रदय रोग सहित सहित अन्य बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. सुकुरहुट्टू बस्ती में विषेशज्ञ डॉक्टरों ने 222 मरीजों की जांच की और डॉक्टरी सलाह दिया. इस शिविर में विशेष कर होमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन की जांच की गयी. आयोजन में डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ. मयूरी भट्टाचार्य आदि ने भूमिका निभाई.

### पेंशनधारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**रांची ।** बिजली बोर्ड के पेंशनधारियों को लाइफटाइम सर्टिफिकेट जमा करने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसका आयोजन 22 दिसंबर को दिन के तीन बजे से चार बजे तक किया जायेगा. इस संबंध में उर्जा विकास निगम के महाप्रबंधक कार्मिक की ओर से आदेश जारी किया गया है. जिसमें बताया गया है कि पेंशनभोगियों और उनके परिजनों को लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध की गयी है.

### मदरसा रहमानिया के 20 बच्चों में कंबल बांटे

**रांची ।** पूर्व मंत्री स्व. हाजी हुसैन अंसारी के छोटे बेटे मो इकराम मंगलवार को मदरसा रहमानिया व रहमानी ट्रस्ट के कार्य को सराहा. मौके पर मदरसा के 20 बच्चों के बीच कंबल वितरित किये गये. मौके पर मिकाइल रहमानी, हाजी इस्लाम, मौलाना यूसुफ, सदर हाजी मेराज, हाजी शराफत हुसैन, मो मीर आदि मौजूद रहे.

## लोयला ग्राउंड में क्रिसमस मेले का शुभारंभ, मेले में लगे हैं 92 स्टॉल

# हैप्पी क्रिसमस टू यू... पर झूमे लोग

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो ने किया मेले का उद्घाटन
- 72 स्टॉल आदिवासियों द्वारा लगाए गए हैं

रांची के लोयोला ग्राउंड में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग एवं चार दिवसीय मेले का उद्घाटन मंगलवार को रांची के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो द्वारा किया गया. मेले में मुख्य अतिथि के रूप में बंधु तिर्की रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो रहे. मेले में जाने की इंट्री फीस 30 रुपये प्रति व्यक्ति रखी गई हैं. मेले में 92 स्टॉल लगे हैं, जिनमें से 72 स्टॉल आदिवासियों द्वारा लगाये गये हैं, जिनमें खाने-पीने की चीजें जैसे पिज्जा, बर्गर, मोमो, ढोसा साथ ही क्रिसमस के डेकोरेटिव आइटम, कपड़े व अन्य चीजें मौजूद हैं. मेले को रोमांचक बनाने के लिए झूले भी लगे हैं. लोगों के लिए क्रिसमस सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए हैं.

कार्यक्रम की शुरुआत फेलिक्स टोप्पो द्वारा प्रार्थना कर की गयी और दीप प्रज्वलित कर चरनी आशीष की गई. स्वागत नृत्य कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी व मेले में रांची बीट बैंड द्वारा मेले में क्रिसमस गाने (हैप्पी क्रिसमस टू यू खुश जन्म पर्व मुबारक) व (मधुमक्खी उड़े सेकर शब्द सुंदर लागे की मांदर बाजे ) गाए गए. मेले में चार चांद लगाने के लिए रांची के दीपक तिर्की द्वारा लाइव म्यूजिक कॉस्ट का प्रदर्शन किया गया. बॉलीवुड हिट्स से लेकर प्रिय सादरी धुनों, क्रिसमस की धुनों और अपने खुद के लिखे हुए सांग्स तक दीपक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनके मूल गीतों में 'चाहबुन टोके' और चार्ट-टॉपिंग ट्रैक 'सजनी मोर' शामिल थे. कार्यक्रम में दीपक तिर्की और उनके बैंड के सदस्य, गायक दीपक तिर्की, ड्रमर अभिषेक तिर्की, गिटारिस्ट जस्टिन टिर्की, कीबोर्डिस्ट बिनीत लकड़ा, बैस गिटारिस्ट रवि विनीत लकड़ा, लीड गिटारिस्ट विवियन क्लेमेंट केरकेट्टा, स्टेज मैनेजर हर्ष कच्छप, आर्टिस्ट मैनेजर तरूण पॉल कच्छप ने भी प्रस्तुति दी. मंच का संचालन सीमा खोया एवं लुईसा बखला ने किया.

इस मेले के आयोजक सुनिल लकड़ा, फादर दीपक बाड़ा, सुनील खलखो, समीर खलखो, जॉन लकड़ा, अजय टोप्पो और अन्य सदस्य रहे. फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि यीशु के आगमन उत्सव की शुरुआत में यह मेला दूसरों की खुशी का कारण बने. ईश्वर अपनी योजना के अनुसार हमारी देखभाल करेंगे और मार्ग दर्शन करेंगे. बंधु तिर्की ने कहा कि यह मेला यूथ को आगे बढ़ाने का मौका प्रदान कर रहा है. यह मेला युवाओं को सफलता के मार्ग पर बढ़ने के लिए मदद करे.

आनंद डेविड खलखो ने कहा कि मेला एवं पर्व खुशी का अनुभव कराते हैं. यीशु जन्म पर्व भी खुशी और प्रेम के साथ हमारे घर, हमारे कुटुंब, पल्ली और परिवार में आए. स्टॉल धारकों को सफलता और आगे बढ़ने की शुभकामनाएं .



### एसपीजी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में हुई गैदरिंग

**रांची ।** रांची के बहूबाजार स्थित एसपीजी प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को क्रिसमस गैदरिंग समारोह काआयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राइट रेव्य बिशप बीबी बिस्के, रेव्य जोलजेश कूजूर, अनिल तथा क्रिकेटर सैमुएल मिंज थे. कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से की गई एवं टीचर ट्रेनिंग की छात्राओं द्वारा वेलकम सॉन्ग, प्रेयर डांस, क्रिसमस पैगाम, क्रिसमस सॉन्ग, पंजाबी डांस, राजस्थानी डांस, मरियम का बेटा येशु सॉन्ग, नागपुरी डांस एवं संथाली डांस की प्रस्तुति की गई. मंच का संचालन सलोनी ढींगरा तथा दीप्ति सरोज एक्वा द्वारा किया गया. इस मौके पर डॉ. सरोजिनी भेंगरा, दीप्ति एक्का, नीलम लकड़ा, रेणुका मिंज, शालिनी नाग, श्वेता आनंद एवं प्रथम और दूसरे सत्र की छात्राएं उपस्थित थीं.

## न्यूज अपडेट

### सरला बिरला स्कूल में एडवेंचर कैंप आयोजित

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने कक्षा केजी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों के लिए एडवेंचर कैंप की एक शृंखला का आयोजन किया. छात्रों को बैंबू ब्रिज, बर्मा ब्रिज, डबल लॉग क्रॉसिंग, पैरलल रोप, फ्लाइंग फॉक्स, डबल जंपिंग, टायरोलियन ट्रैवर्स, कमांडो नेट एवं कैट वॉक जैसी गतिविधियां कराई गई. इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न हर्डल का सामना करने का प्रशिक्षण दिया गया. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा व प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को प्रेरक संदेश दिया.



### विवेकानंद ने सरला बिरला को हराकर खिताब जीता

**रांची ।** विकास विद्यालय में आयोजित 5वीं मोहनलाल जी नोपानी मेमोरियल अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल ने सरला बिरला पब्लिक स्कूल को हराकर खिताब जीत लिया. इससे पहले सरला बिरला की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए. जवाबी पारी खेलने उतरी विवेकानंद विद्या मंदिर की टीम ने महज 16.2 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया.



### टेंडर हार्ट ने केवि दीपाटोली को 8 विकेट से हराया

**रांची ।** धुर्वा सेक्टर-2 स्थित शाखा मैदान में आयोजित जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में टेंडर हार्ट स्कूल ने केन्द्रीय विद्यालय, दीपाटोली को 8 विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए केन्द्रीय विद्यालय की टीम ने 29 ओवर में 118 रन बनाये. जवाब में टेंडर हार्ट स्कूल की टीम ने 14 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया. टेंडर हार्ट की ओर से आकाश पाण्डेय ने सर्वाधिक 72 रन बनाये जबकि अविराज ने 22 रन देकर 4 विकेट चटकाए.



### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची ।** माहिलौंग स्थित बड़ाम पंचायत भवन में प्राण बजाना क्लीनिक और स्वयंसेवी संगठन आशा के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. सरला बिरला विश्वविद्यालय और एनएसएस के सहयोग से आयोजित शिविर में अमेरिका से आए ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश गुप्ता और डॉ. गीता गुप्ता ने मरीजों की जांच की और दवाओं का वितरण किया. विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी.



### गुरुनानक स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

**रांची ।** पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें स्पून मार्बल, स्किपिंग रोप, सैक रेस और स्लो साइकिल रेस जैसे कई आकर्षक खेलों में छात्रों ने अपना दम दिखाया. इस दौरान स्लो साइकिल रेस ने सभी को रोमांचित किया. वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया. खेल समापन के बाद विजेता छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया.



### श्रीश्याम मंदिर में गूंजा सुंदरकांड-हनुमान चालीसा का पाठ

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को खाटू नरेश का भव्य पुष्प शृंगार-पूजन किया गया गया. साथ ही साप्ताहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ हुआ. श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ का उच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. शाम साढ़े पांच बजे मंगला आरती के बाद शृंगार-पूजन किया गया. नोएडा निवासी विनीत महिपाल और आयुषी गोयल ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया. इसके बाद हनुमान जी की पूजा-अर्चना से पाठ प्रारंभ हुआ. प्रकाश मोदी, सुनील मोदी, आशा मोदी, बलराम मोदी, शिखा मोदी ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भोग अर्पित किया. मंगल कामनाएं की. श्रीश्याम मित्र मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया.



### पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा

**रांची।** स्वर्गीय युवराज कृष्ण महेंद्र की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बरियातू हाउसिंग कॉलोनी के सीताराम मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर मंगलवार को लगाया गया. शिविर में डॉ राहुल प्रसाद व उनकी टीम ने बड़ी संख्या में मरीजों के नेत्र की जांच की व उचित परामर्श दिये. राजस्थान के तारा स्थान उदयपुर द्वारा वृद्ध आश्रम के करीब 400 लोगों के बीच नाश्ता बांटे गये. गरीब बच्चों को भोजन भी कराये गये. बिहार के पटना में मीठापुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया. कथावाचक संत निर्वाण मोढ ने प्रसाद का वितरण किया. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जितेंद्र सिंह, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, संतोष कुमार, सुनील उर्फ बॉबी, कुलदीप राज, शार्दुल बहादुर आदि मौजूद रहे.



### 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम संपन्न

**रांची।** कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का समापन समारोह सोमवार को वाई.बी.एन.विश्वविद्यालय नामकुम में किया गया. ये कश्मीरी छात्र झारखंड में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत आए थे. इसमें कश्मीर से 122 छात्र 5 दिनों तक रांची के वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय कैंपस में आए थे. समापन समारोह के मुख्य अतिथि, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के वीसी टी.एन. साहू, वाईबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर रामजी यादव, प्रो. हनी सिन्हा थे. युवाओं को रांची विवि, वाई.बी.एन. विवि और नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखंड की ओर से समृति स्वरूप गिफ्ट देकर विदा किया गया.



### फुटबॉल कप प्रतियोगिता में रांची की दोनों टीम विजयी

**रांची ।** झारखंड खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित जोनल स्तरीय तीन दिवसीय पुरुष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन का मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम और मन्दिर मैदान मोरहाबादी में खेला गया. मुकाबले की शुरुआत डीएसओ रांची सह आयोजन सचिव शिवेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. प्रतियोगिता में 12 पुरुष एवं 12 महिला टीम में भाग ले रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से रांची, पलामू रामगढ़, लातेहार, गढ़वा, लोहरदगा की विजेता एवं उप विजेता टीमें भाग ले रही हैं.

### शिक्षकों को सुपर सलेक्शन ग्रेड में वेतनमान का निर्देश

**रांची ।** डीसी-सह-जिला शिक्षक स्थापना समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जिला शिक्षा स्थापना (माध्यमिक प्रक्षेत्र) की बैठक आयोजित की गई. बैठक में अहर्ता पूर्ण करने वाले जिले के शिक्षकों को सुपर सलेक्शन ग्रेड में वेतनमान का निर्देश डीसी ने दिया. जानकारी हो कि उक्त शिक्षकों को नियमानुसार 12 वर्ष की संतोषप्रद सेवा के बाद वरीय वेतनमान एवं वरीय वेतनमान प्राप्ति के पश्चात न्यूनतम-12 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को प्रवरण देये (सुपर सलेक्शन ग्रेड) होगा.



### श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया, लीला पर चर्चा आज से

**रांची ।** द्वारिकाधीश धाम श्रीराम मंदिर, गाड़ीखाना में इन दिनों श्रीराम कथारस की धारा बह रही है. यहां संगीतमय श्रीराम कथा रस वर्षा का खास आयोजन किया गया है. तीसरे दिन कथा प्रसंग के क्रम में आचार्य विमलेश दास जी ने श्रीराम जन्म की घटना का सुंदर चित्रण अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से किया. कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था. भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया.

### गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा का शहीदी सप्ताह कल से

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा का शहीदी सप्ताह गुरुवार से प्रारंभ होगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि अवसर पर कई कार्यक्रम तो होंगे ही, दीवान भी सजाया जाएगा. 26, 27 और 28 दिसंबर को सुबह नौ से दस और रात नौ से साढ़े दस बजे तक विशेष दीवान सजेगा, जिसमें भाई गुरबक्श जी शान कथा और कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे. रात्रि बेला तीनों दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा. उन्होंने बताया कि नव वर्ष के स्वागत में एक जनवरी को सत्संग सभा द्वारा सुबह आठ से 10:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा.

### शहीद जगदेव जन कल्याण परिषद से तीन सदस्य निष्कासित

**रांची।** शहीद जगदेव जन कल्याण परिषद धुर्वा के तत्वावधान में मंगलवार को एक आम सभा का आयोजन किया गया. आमसभा में संस्था के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कहा गया है कि कुछ व्यक्ति कुशवाहा समाज तथा संस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. प्रस्ताव में नामों का खुलासा करते हुए तीन आरोपित सदस्यों को छः वर्ष के लिए परिषद से निष्कासित कर दिया गया. निष्कासित सदस्यों में धर्मेन्द्र महतो, राजू रंजन तथा रामप्रवेश सिंह शामिल हैं.

## रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान में पुस्तक महोत्सव

संवाददाता। रांची

राज्य की जनजातीय भाषाओं के विविध और समृद्ध साहित्य पर प्रकाश डालने के लिए राजकमल प्रकाशन समूह द्वारा रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान के सहयोग से पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस पुस्तक महोत्सव का सोमवार को उद्घाटन किया गया, जो 24 दिसंबर तक जारी रहेगा. इस उत्सव में पाठन, चर्चाएं और किताबें शामिल हैं. जो आदिवासी आबादी की अनूठी आवाज़ों और कहानी कहने की परंपराओं को उजागर करती हैं. इस किताब उत्सव में देश भर से लेखक, कवि और विद्वान जनजातीय भाषाओं की साहित्यिक विरासत का जश्न मनाने और क्षेत्र के सांस्कृतिक परिदृश्य में उनके महत्व पर ध्यान दिलाने के लिए एक साथ जुटे हैं.

**महोत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक अंतर को पाटना है : महादेव**

'जंगल का पाठ' किताब के लेखक महादेव टोप्पो ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक अंतर को पाटना और आदिवासी समुदायों के साहित्य के लिए एक मंच प्रदान करना है. साथ ही साथ यह सुनिश्चित करना कि उनकी अनूठी आवाजें और कहानियां व्यापक दर्शकों के बीच गूंजें. इस किताब उत्सव में आने वाले लोग विविध प्रकार के साहित्य दर्शन की उम्मीद कर सकते हैं. किताबें पारंपरिक लोक कथाओं से लेकर समसामयिक कृतियों तक, सभी आदिवासी समुदायों की जीवंत विरासत और भाषाई विविधता को दर्शाती हैं. इस साहित्यिक कार्यक्रम में 2,000 से अधिक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगी है, जिनमें 1,600 से अधिक लेखकों की भागीदारी है, जो आदिवासी समुदायों, भूमि और संस्कृति को समर्पित कार्यों पर प्रकाश डालते हैं.



**आदिवासी लेखकों के लिए मंच हैः वेद प्रकाश**

राजकमल प्रकाशन समूह के क्षेत्रीय प्रबंधक वेद प्रकाश ने कहा कि हम आदिवासी लेखकों और कवियों को अपने कार्यों को व्यापक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने की उम्मीद करते हैं, जिससे साहित्य में उनके योगदान के लिए एक बड़ी समझ और सराहना को बढ़ावा मिलेगा. आयोजन का उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए जनजातीय भाषाओं के संरक्षण और प्रचार को प्रोत्साहित करना है.

### हुसैन खान ने मंगनी देवी को एस्बेस्टस का घर किया हैंडओवर

**रांची ।** मेन रोड डेली मार्केट में अगलगी से मंगनी देवी की झोपड़ी पूरी तरह जल गई थी. उस अगलगी में उनका करीब 3 लाख का नुकसान हुआ था. ऐसे इस अगलगी से करीब 100 सब्जी विक्रेताओं की दुकानों में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ था. लेकिन मंगनी देवी जो अपनी झोपड़ीनुमा दुकान में दिन में अदरक लहसुन बेचती थी और रात में रहती थी, इसी झोपड़ी में ही थी. पूर्व में डेली मार्केट दुकानदार समिति एडहाप कमेटी के अध्यक्ष नसीम डब्लू एवं अन्य दुकानदारों की मदद से उनके लिये बांस बल्ली की झोपड़ी बनाई जा रही थी. तभी रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने डेली मार्केट में मंगनी देवी से मुलाकात कर उनके लिये एस्बेस्टस का घर बनाने का वादा किया. हुसैन खान ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में उन्हें अगलगी की वजह से काफी परेशानी थी, इसे देखते हुए छोटी सी पहल की गई है.

## रांची विश्वविद्यालय कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता ।रांची



रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को बीएस कॉलेज लोहरदगा में हुआ. विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने बी एस कॉलेज स्टेडियम में ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया. उदघाटन मुकाबले में बी एस कॉलेज लोहरदगा ने योगदा सत्संग कॉलेज को, दूसरे मैच में डोरंडा कॉलेज ने संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज को मात दिया. मैच से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य और खास कर रांची विवि के छात्र खेल प्रतिभा के स्वाभाविक रूप से धनी हैं. उन्होंने कहा कि रांची विवि प्रशासन खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर प्रकार से कृतसंकल्प है. प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बी एस कॉलेज लोहरदगा और योगदा सत्संग कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें बीएस कॉलेज लोहरदगा मैच जीत लिया. बीएस कॉलेज लोहरदगा के गेंदबाज सुमित ने 5 विकेट लिए.

### अनीत उरांव को 80 मी. हार्डल में गोल्ड

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से लखनऊ में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 आयोजित हुआ. जिसमें अंडर 14 एथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल स्पर्धा में झारखंड के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता. अनीत का चयन खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था.

## ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन का एजुकेशन एक्सपो लगा

संवाददाता। रांची

ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से रांची के होटल रेन्ड्यू में एजुकेशन एक्सपो का आयोजन किया गया. इस एक्सपो में करीब 40 यूनिवर्सिटी ने हिस्सा लिया. छात्रों के लिए यह एक बेहतर मौका था, अच्छी गाइडलाइन के लिए. इस एक्सपो में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल, जेवीएम श्यामली के प्रिंसिपल, फिरायालाल स्कूल के प्रिंसिपल, गोल इंस्टीट्यूट के काली प्रसाद सिंह मौजूद थे.

कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद ग्लोबस फाउंडेशन एजुकेशन के फाउंडर गौरव राजपूत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिलता है. जहां उनकी बेहतर तरीके से काउंसलिंग होती है. आज इस मौके पर करीब 40 यूनिवर्सिटीज के लोग यहां मौजूद हैं. एक से बढ़कर एक शिक्षक यहां हैं जो छात्रों को गाइड करते हैं कि उनके भविष्य के लिए बेहतर क्या है. यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक सुनहरे अवसर के रूप में रहता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इसका लाभ ले सकें. हमारा लक्ष्य है कि हम छात्रों को उनके भविष्य के प्रति बेहतर और सही गाइड कर सकें.

वहीं मौके पर सभी अतिथियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होना चाहिए, ताकि छात्रों को उनका बेहतर भविष्य चुनने में परेशानी न हो. रांची विधायक सीपी सिंह ने इस खास आयोजन के लिए बधाई भी दी.

वहीं इस एक्सपो में मानव रचना यूनिवर्सिटी से अभिषेक आईसीएफ - एआई यूनिवर्सिटी से सुमित राठौड़, एमिटी यूनिवर्सिटी से सुमित सिंह, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, एबीबीएस, प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी, नागार्जुना यूनिवर्सिटी, देवभूमि यूनिवर्सिटी, श्रीश्री यूनिवर्सिटी से लोग मौजूद थे. वहीं छात्र भी इस अवसर पर उत्साहित नजर आये.



एक्सपो में शामिल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि.






## ब्रीफ खबरें

### छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष की सजा

**धनबाद।** नाबालिग से छेड़खानी करने के आरोपी पर्वतपुर निवासी मो कलीम को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने तीन वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर 17 मई 23 को मनियाडीह टुंडी थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 16 मई 23 को शाम 7:00 बजे पीड़िता को आरोपी ने काम करने के बहाने बुलाया और गलत नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ किया.

### बंटी और गॉडविन को मिली जमानत

**धनबाद।** वासेपुर के प्रिंस खान के भाई गॉडविन खान एवं बंटी खान को अदालत से राहत मिली. धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट की दलील सुनने के बाद दोनों को अवैध हथियार रखने के मामले में जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है हालांकि जमानत मिलने पर भी वह दोनों जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे उनके विरुद्ध नन्हे हत्याकांड सहित कई अन्य मामले लंबित हैं.

### भाई की हत्या का आरोपी हुआ बरी

**धनबाद।** अपने भाई की चाकू मार कर हत्या कर देने के छह वर्ष पुराने मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी धनु शर्मा को बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया है. प्राथमिकी मृतक महावीर शर्मा की पत्नी कविता शर्मा की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में आठ अप्रैल 2017 को दर्ज की गई थी.

### अवैध स्टोन चिप्स लदे 5 ट्रैक्टर जब्त

**पाकुड़।** डीसी मृत्युंजय कुमार बर्णवाल के निर्देश पर जिला खनन विभाग ने सोमवार की देर शाम अवैध पत्थर कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया. कालिदासपुर व कासीला क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध स्टोन चिप्स लदे 5 ट्रैक्टरों को जब्त किया. छापेमारी दल का नेतृत्व जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शाह व माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटू कुमार कर रहे थे. जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि ट्रैक्टर मालिकों व चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा.

### खरकई नदी में मिला युवक का शव

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 के पास खरकई नदी में मंगलवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने नदी किनारे शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर कदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस से शव गृह में रखवा दिया. शव 3-4 दिन पुराना है. शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने आसपास के थानों से लापता लोगों को सूची की जांच भी की पर कोई जानकारी नहीं मिली.

### बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चांडिल।** ईचागढ थाने की पुलिस ने बलात्कार के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार चौका थाना क्षेत्र के बडामटांड़ के रहने वाले नुटू भुइयां पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम की रहने वाली एक युवती के साथ बलात्कार करने का आरोप है. इस संबंध में पीड़िता ने 18 दिसंबर को ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया था. मामला 15 दिसंबर का बताया जा रहा है. आरोपी युवक ने युवती को जबरन सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया.

### गेनरो हाट बाजार से हुई बाइक की चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** गेनरो हाट से सोमवार की शाम एक बाइक की चोरी हो गई. बाइक चोर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर बाइक चुरा कर फरार हो गया. इस संबंध में भुक्तभोगी लोधरातरी निवासी कैलाश यादव ने मंगलवार को बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने बताया कि सोमवार को वह साप्ताहिक हाट करने गेनरो गए थे. शिव मंदिर के पास अपनी बाइक खड़ी की और लॉक कर सब्जी खरीदने चले गए.

# संगठन के पूर्व कैडर को जोड़ने में जुटा था विजय आर्य

## एनआईए ने जांच में किया खुलासा

**सौरभ सिंह। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि नक्सलियों के गांधी कहे जाने वाला विजय आर्य भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व कैडर को जोड़ने में जुटा था. एनआईए ने रांची में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दोनों नक्सलियों के खिलाफ दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है. जांच से पता चला है कि विजय कुमार आर्य भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य था, जबकि आनंद पासवान प्रतिबंधित संगठन का एक प्रमुख समर्थक और पूर्व कैडर था. विजय को पूर्व कैडरों को प्रेरित करने में शामिल पाया गया था. वहीं वह संगठन के कार्यकर्ताओं और झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच एक माध्यम के रूप में भी काम कर रहा था. आनंदी पासवान बीते 23 जून 2023 को गिरफ्तार हुआ था. वहीं विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया था. उसके बाद से ही वह पटना के बेउर जेल में बंद थे.

### एनआईए ने 2021 में टेकओवर किया था केस

हजारीबाग पुलिस ने 20 अगस्त 2021 को प्रद्युम्न शर्मा को गिरफ्तार किया था. इसके बाद इस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए 30 दिसंबर 2021 को एनआईए की रांची ब्रांच ने इस केस को टेकओवर कर लिया था. उसके बाद से ही एनआईए पूरे मामले की जांच कर रही है. जांच के क्रम में ही एनआईए को यह जानकारी मिली थी कि विजय आर्य टेरर फंडिंग का पैसा प्रद्युम्न शर्मा व उसके सहयोगियों तक पहुंचता था.

### नक्सली का टॉप कमांडर है विजय आर्य

साल 2018 में जेल से रिहा होने के बाद टॉप नक्सली कमांडर में से एक विजय आर्या को झारखंड और बिहार के कई इलाको में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी थी. जानकारी के मुताबिक, माओवादियों के चाल्हो सब जोन (गया, औरंगाबाद और पलामू का इलाका) को एक्टिवेट करने की जिम्मेदारी उसे मिली थी. इस जोन में माओवादी 2005 के बाद बेहद कमजोर हो गये थे. विजय आर्या बिहार के गया का रहने वाला हैं. साल 2018-19 में माओवादियों की बड़ी बैठक छकरबंधा में हुई थी. इस बैठक में एक करोड़ के इनामी माओवादी प्रशांत बोस ने भाग लिया था. इसी बैठक में विजय आर्य को कई इलाकों में माओवादियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी.

### आओ जानें

**झारखंड पुलिस मुख्यालय में 143 शिकायत लंबित, जाने किस जिले के कितने है मामले**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 59 | जमशेदपुर | 03 |
| धनबाद | 25 | हजारीबाग | 02 |
| गिरिडीह | 15 | लोहरदगा | 02 |
| साहेबगंज | 12 | पाकुड | 02 |
| चतरा | 05 | पलामू | 02 |
| रामगढ़ | 04 | गोड्डा | 01 |
| बोकारो | 03 | सरायकेला | 01 |
| गढ़वा | 03 | सिमडेगा | 01 |
| कोडरमा | 03 | कुल | 143 |

## पहले पति ने हत्या की, फिर शव के पास रात भर बैठा रहा

# कुल्हाड़ी से काट कर पति ने पत्नी को मार डाला, गिरफ्तार

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

कुल्हाड़ी के वार कर एक पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा पति पत्नी के शव के पास ही बैठा रहा. घटना की सूचना पर बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के लुप्पी पंचायत स्थित सिध्वासिंघा गांव की है. मृतिका 38 वर्षीय मंझली देवी सिध्वासिंघा निवासी लोबिन मुर्मू की पत्नी है. घटना को लेकर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 290/ 23 के तहत हत्यारोपी पति लोबिन मुर्मू के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई. जिसके बाद पति आवेश में आ गया और खाना बना रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. घटनास्थल पर ही महिला ने दम तोड़ दिया. पत्नी की हत्या करने के बाद पति उसके शव के पास ही बैठा रहा. घटना की खबर फैलने के बाद सोमवार की शाम बेंगाबाद पुलिस को सूचना मिली. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई. मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद हत्यारोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया. बताया गया कि मृतिका के दो पुत्र और एक पुत्री है. दोनों पुत्र परदेस में रह कर मजदूरी करते हैं. मृतिका का मायका बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गेनरो में है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हत्यारोपी पति का मानसिक स्थिति पूरी तरह ठीक नहीं है.

## पतंग को लेकर हुआ झगड़ा : दो बच्चों के बीच हुआ विवाद, एक बच्चे की पीट-पीटकर हत्या

**गोड्डा।** कटी पतंग को लूटने के क्रम में दो बच्चों के बीच हुए विवाद में एक बच्चे के पिता ने दूसरे बच्चे की पीटकर हत्या कर दिया. घटना गोड्डा जिला के बलबड्डा थाना अंतर्गत ग्राम खट्टी की है. बहियार में आम दिनों की भांति बच्चे पतंग उड़ा रहे थे. इसी बीच एक पतंग अपने डोर से कट कर नीचे की ओर गिरने लगा. यह देख बच्चों ने गिरते हुए पतंग को पकड़ने के लिए शोर मचाते हुए उसके पीछे भागने लगे. आखिरकार बांध के किनारे गिरते हुए कटी पतंग को गांव के ही हरदेव रजक के पुत्र सूरज रजक (12) ने पकड़ लिया, मगर उस कटी पतंग को पकड़ने के लिए दौड़ में शामिल दूसरा बच्चा नीरज कापरी पिता मुकुंद कापरी अपनी दावेदारी कर दिया. जिसके बाद दोनों बच्चों के बीच मारपीट होने लगा. इस बात की जानकारी होने पर नीरज के पिता मुकुंद कापरी ने वहां पहुंचकर बारह वर्षीय सूरज कुमार की बुरी तरीके से पिटाई कर दी जिससे उसकी



**खास बातें**

- मृतक की पहचान हरदेव रजक के पुत्र सूरज के रूप में हुई है
- आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया

मौत हो गई. मृतक सूरज के पिता ने बताया कि मेरे आंखों के सामने ही मेरे पुत्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी. मेरा पुत्र मुझे बार-बार आवाज दे रहा था. पिताजी बचाओ-पिताजी बचाओ मगर मैं अपने पुत्र को बचा भी ना सका.

इस दर्दनाक घटना के बाद आरोपी मुकुंद कादरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है. हत्या का आरोपी घटना के बाद से ही फरार है. मृतक सूरज कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

# एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान हथियार के साथ चार बदमाश हुए गिरफ्तार

**संवाददाता। चतरा**

राजपुर थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. जबकि तीन नाबालिग को निरुद्ध किया है. गिरफ्तार अपराधी का नाम कमलेश कुमार बताया गया है. इनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद किया गया है. एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मंगलवार को बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राइम चेकिंग करने का एसपी से आदेश प्राप्त हुआ था. इसी क्रम में सूचना मिली कि पेलतौल गांव के पास अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के



फिराक में है. सूचना के बाद वाहन चेकिंग शुरू किया गया. चेकिंग के क्रम में दो बाइक को रोका गया जिस पर चार लोग सवार थे. जांच के दौरान एक अपराधी के पास से हथियार बरामद किया गया. जबकि तीन अन्य नाबालिग को निरुद्ध किया गया. पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी ने बताया कि वे लोग चोरी और छिनतई कि घटना को अंजाम देने के फिराक मे थे. इसी दौरान पकड़े गए.

### लूट मामले में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

**गोड्डा।** कार सवार के साथ रात में मारपीट करने एवं गाड़ी का शीशा तोड़ देने की घटना में शामिल रहे दो आरोपियों को महगामा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. घटना बीते रविवार की रात्रि करीब डेढ़ बजे की बताई जाती है. वैभव पाण्डेय के द्वारा थाना प्रभारी महगामा के नाम दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वो बीते रविवार 17/12/23 की रात करीब डेढ़ बजे अपनी कार से गोड्डा से वापस अपने घर महगामा की ओर लौट रहे थे. जैसे ही मोहनपुर मोड़ के समीप पहुंचे कि बोलेरो गाड़ी ने पीछा कर रोक लिया उसपर सवार पांच छह लोग उतर कर गाली-गलौज करने लगे बाद में कार को रोककर लाठी रॉड के साथ हमला कर दिया गया.

## टाटा स्टील कर्मी के घर लगी आग, सामान जलकर खाक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत क्रिश्चयन बस्ती निवासी अनूप राजन के आवास पर मंगलवार दोपहर आग लग गई. आग घर के पिछले हिस्से में बने किचन से होते हुए पूरे घर पर फैल गई. धुआं निकलता देख घर में मौजूद महिला और बच्चे बाहर की ओर भागे. इधर, घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा स्टील की दो दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. कमरों में धुआं भर जाने के कारण घर से सटे किताब दुकान का दरवाजा तोड़कर दमकल कर्मी अंदर घुसा और ऑक्सीजन मास्क लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया.

**सिलेंडर फटने से लगी आग :** अनूप राज ने बताया कि उनके बड़े भाई टाटा स्टील कर्मी है. घर पर महिला और बच्चे ही मौजूद थे. घर के किचन में खाना बन रहा था. सिलेंडर में अचानक विस्फोट हुआ जिससे आग फैल गई. इसके बाद दूसरे सिलेंडर में धमाका हुआ. आग से घर के निचले तल्ले में आग फैल गई जिसमें फर्नीचर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया.

### ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नवादा मोड़ के निकट आरोग्यम अस्पताल के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई है. मृतका डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी अरुण पासवान की पुत्री सोनी कुमारी 17 वर्ष है. घटना के संबंध में बताया गया कि सोनी कुमारी उसकी ममेरी बहन खुशबू कुमारी व अनुराग कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा पिपराकला बैंक में होल्ड लगे खाता को पुनः चालू करने के लिए गढ़वा आ रही थी. इस बीच पिपराकला बैंक से कुछ ही पहले आरोग्यम अस्पताल के पास मोटरसाइकिल से सोनी कुमारी नीचे गिर गई. ट्रक चालक जब तक कुछ समझ पाता तब तक सोनी कुमारी ट्रक की चपेट में आ गई. जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना के बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है.

## अपराधी बेखौफ : हथियार के बल पर दिनदहाड़े घर में लूट

**संवाददाता। जामताड़ा**

जामताड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 अंतर्गत नतुनडीह (वायरलेस) के समीप मयूर विहार मोहल्ला में मंगलवार सुबह करीब सात बजे दो अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है. जब मोहल्ला वासी वहां आ गये तो दोनों वहां से भाग निकले. हालांकि जाते-जाते दोनों तीन मोबाइल, दो वॉलेट और एक रुपये के नोट की गड्डी लेकर चले गये. हालांकि वो अपने डॉक्यूमेंट वही छोड़ गये. घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गये हैं. इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि लूट की वारदात का जल्द खुलासा होगा. बताया कि घटनास्थल से पहचान पत्र सहित अन्य डॉक्यूमेंट मिले हैं. जिओ फाइबर कंपनी का आईडी भी मिला है.

**मेन गेट खोलकर घर के अंदर घुसे थे दोनों :** पीड़ित गृहस्वामी गौतम चौबे ने बताया कि सुबह वह अपने



बगीचे में फूल तोड़ रहे थे. इस बीच घर का मेन गेट खोलकर दो लोग घर के अंदर घुसे. जब वो अंदर आये तो एक ने उनको गन प्वाइंट पर ले लिया. वहीं, दूसरे अपराधी ने गृहस्वामी को रस्सी से बांधने लगे. इस बीच उनकी पत्नी ज्योति कुमारी दूसरे मंजिल पर जाकर अपनी बेटी को छत पर जाकर हल्ला करने के लिए बोली. उनकी बेटी छत पर चढ़कर पहले गेट को अंदर की तरफ से लॉक कर किया. फिर हल्ला कर आस-पास के लोगों को बुलाया. लोगों की भीड़ जुटते देख दोनों अपराधी वहां से भाग निकले.

### दहेज हत्या के दोषी को दस साल की सजा

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोपी राजू कुमार महतो को सिद्ध दोषी पाने के बाद दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. नावाडीह थाना अंतर्गत अरगामो निवासी सूचक अनंत लाल चौधरी ने बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी पुत्री भारती देवी की शादी गांधी नगर थाना अंतर्गत बैदकारो निवासी राजू कुमार महतो के साथ हुई थी. शादी के बाद ससुराल में कुछ दिन ठीक से रही उसके बाद उसके पति एवं ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे. 30 सितंबर 2020 को सूचक की पुत्री के देवर ने फोन कर बताया कि आपकी पुत्री ढोरी रिजनल अस्पताल करगली में भर्ती है. आप लोग यहां आइए. जब करगली रीजनल अस्पताल ढोरी पहुंचा तो देखा की सूचक की पुत्री मृत अवस्था में मर्चरी हाउस में पड़ी हुई है. उसके गला, कान, नाक में चोट के निशान हैं. दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बहस सुनने के बाद अनिल कुमार ने दहेज हत्या के मामले में राजू कुमार महतो को दोषी पाते हुए दस साल की सश्रम कारावास की सजा मामले में 2 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई.

## धनबाद में मां ने बेटे की हत्या का किया प्रयास, गिरफ्तार



बच्चे की मां से पूछताछ करती महिला पुलिस.

**संवाददाता। मैथन**

चिरकुंडा थाना क्षेत्र के झरियापाड़ा में एक मां ने कलेजे के टुकड़े अपने डेढ़ साल के बेटे को हंसुआ से हमला कर हत्या करने की कोशिश की. इसी दौरान चाची के आ जाने से बच्चा बच गया. हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है. उसे पश्चिम बंगाल के आसनसोल के एमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना सोमवार रात की है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मां को गिरफ्तार कर लिया. घटना के संबंध में बताया गया कि सोमवार की रात कृष्णा यादव की पत्नी मुन्नी देवी अचानक अपने डेढ़ साल के बेटे अंकुश यादव के चेहरे और गले पर हंसुआ से हमला कर दिया.

बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बच्चे की चाची दौड़े हुए आई और झपट्टा मार कर बच्चे को छीन लिया, जिससे उसकी जान बच गई. इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. वह गूंगी भी है. वह अपने बेटे को हमेशा गले से लगाए रहती थी. इधर, पुलिस महिला से पूछताछ कर घटना के कारण जानने का प्रयास कर रही है.

### जमीन कारोबारी कृष्णा गोलीकांड में सुराग नहीं

**धनबाद।** 29 नवंबर को गोविंदपुर नवाटांड के रहने वाले कृष्णा मंडल को बाइक सवार दो अपराधियों ने गोली मार दी थी. गंभीर अवस्था में उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद दुर्गापुर रेफर किया गया था. इसी सप्ताह वे अस्पताल से वापस लौटे हैं. इधर, वारदात के अनुसंधान में जुटी पुलिस के पास फिलहाल कोई सुराग नहीं है. न ही वीडियो फुटेज और न ही गुप्तचरों ने वारदात में संलिप्त अपराधियों की कोई जानकारी दी है. ऐसे में पुलिस फिलहाल तक अंधेरे में है. जबकि पीड़ित की दुकान भी वारदात के दिन के बाद से आज तक बंद है. क्योंकि वो अपने घर का इकलौता कमाने वाला है. उनके पिता जी वृद्ध हैं और बच्चे बहुत छोटे-छोटे हैं. बताते चलें कि कृष्णा मंडल को उनकी दुकान में ही बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारी थी. इसके बाद अपराधी बलियापुर की तरफ भाग निकले थे. वारदात के बाद पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने का काम किया था. वारदात के बीस दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं. गोविंदपुर के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक मामले में पुलिस को सुराग हाथ नहीं लग पाए हैं.

**अदालत** मंगलवार को अदालत ने सुनाया फैसला, चाचा की हत्या का आरोपी था युवक

# युवक को मिली आजीवन कारावास की सजा

**संवाददाता। चाईबासा**

न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अदालत में मंगलवार को धारा-302 भादवि में अभियुक्त बुधराम सोय को आजीवन कारावास तथा 10,000 रूपये जुर्माना की सजा सुनाई गई. 04 मई 2022 धारा-302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त चक्रधरपुर के ठेसापीड निवासी बुधराम सोय के विरूद्ध अपने चाचा रामराई सोय के हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था. 03 मई 2022 को शाम 08 बजे अभियुक्त बुधराम सोय एवं मृतक रामराई सोय के बीच गाली-गलौज हुआ था. रात को जब सभी सो गये तभी अभियुक्त बुधराम सोय अपने घर से लोहे का कुल्हाड़ी



निकाल कर अपने घर पर सो रहे रामराई के सिर पर जोर से मार दिया. जिसे रामराई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

**खास बातें**

- अभियुक्त को 10,000 रुपये जुर्माना भी लगाया गया
- अभियुक्त और मृतक के बीच अक्सर झगड़ा होते रहता था

पूर्व में अभियुक्त और मृतक के बीच बराबर जमीन को लेकर झगड़ा होते थे. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा अभियुक्त बुधराम सोय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया, इसके बाद सजा सुनाई गई.

## युवक को मिली 7 वर्ष का कारावास

**चाईबासा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चाईबासा के न्यायालय द्वारा मंगलवार को सुनवाई की गई. जिसमें धारा 307 भादवि में अभियुक्त शंभू गोप को 07 वर्ष कारावास तथा 20,000/ रूपये जुर्माना की सजा दी गई. धारा



307/324/452/504 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त सदर थाना के बड़ी बाजार निवासी शंभू गोप चाईबासा के विरूद्ध सदर थाना के बड़ी बाजार निवासी अनिकेत सिरका ने चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी करने के आरोप में सदर थाना में मामला दर्ज किया था. मालूम हो कि 06 सितंबर 2022 को सुबह 05.30 बजे अभियुक्त शंभू गोप जख्मी अनिकेत सिरका के घर में घुस कर मोबाइल चोरी के आरोप लगाकर चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा अभियुक्त शंभू गोप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया, इसके पक्ष न्यायालय में सुनवाई की गई.

## मानगो में डबल मर्डर के आरोपी मोईन ने कोर्ट में किया सरेंडर

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहर नगर रोड नंबर 17 के पास सज्जाद उर्फ टांडा और टाइगर मोबाइल जवान रामदेव की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कपाली निवासी मोईन अंसारी ने पुलिसिया दबाव में आकर मंगलवार को जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया. मोईन की गिरफ्तारी के लिए मानगो, आजादनगर और कपाली की पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. सोमवार को भी पुलिस ने मोईन के घर छापेमारी की थी पर उसके घर पर महिला और बच्चों के अलावा कोई नहीं मिला जिसके बाद पुलिस ने उसके घर से एक बाइक को जब्त किया और थाने ले गई थी. पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव के कारण मोईन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया.



**शेख असद, जमशेद और कादिर के घर की कुर्की करेगी पुलिस :** इधर, पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट से मामले के फरार आरोपी शेख असद, जमशेद आलम और कादिर के घर की कुर्की का आदेश प्राप्त कर लिया है. बुधवार को पुलिस फरार आरोपियों के घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरु करेगी. बता दें कि जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत रोड नंबर 17 के पास चार अपराधियों ने सज्जाद उर्फ टांडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय सामान्य है. चंद्रमा बारहवें भाव में है. किसी नए कार्य पर खर्च अधिक होगा और कार्यक्षेत्र में किये गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी. अपनी योग्यता में वृद्धि करें, कार्य के प्रति उत्साह बना रहेगा.

**वृषभ** किसी नए व्यक्ति से लाभ का योग है. आय होगी. आपको मेहनत का फल अवश्य मिलेगा, दिन सामान्य रहेगा. अपने जीवन को सुखमय बनाने का प्रयास करेंगे. यात्रा के दौरान कोई नई वस्तु की प्राप्ति होगी. अन्न और जल का दान करें.

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. पिता और सत्कर्म के सहयोग से कर्म का लाभ मिलेगा. पर शरीर में आलस्य की प्रधानता बनी रहेगी. शिक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः मन नहीं लग पाएगा. स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है.

**कर्क** भाग्य और धर्म में मन लगेगा. परिवार में आपका या किसी और का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है. क्रोध पर नियंत्रण रखे. किसी से बिना वजह के तकरार से बचना चाहिए. शिव मंदिर में जल का दान करें.

**सिंह** कोई बड़ा नुकसान हो सकता है, पर परिवार का सुख भी उत्तम स्तर का प्राप्त होगा. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. गलत संगति की ओर मन आकर्षित हो सकता है. किसी से बिना वजह की लड़ाई हो सकती है. मीठी वस्तु का दान करें.

**कन्या** जीवनसाथी का सुख मिलेगा. पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा. वाहन का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें. आज मिथ्या आरोप लग सकता है. धन से संबंधित दिक्कतें आ सकती हैं. मंदिर में जल और अन्न का दान करें.

**तुला** कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है. खान-पान पर ध्यान दें. शत्रु से बचें. अपनी इच्छा अनुसार कार्य करेंगे. घर में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा. गुस्से पर काबू नहीं रहेगा. अकारण क्रोध से बचें. इत्र दान करें.

**वृश्चिक** शिक्षा में कोई नयी जिमेवारी मिल सकती है. माता की सहायता से लाभदायक फलों की प्राप्ति होगी. पढ़ाई लिखाई में पूरी तरह से मन नहीं लग पाएगा. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है. पक्षी को जल और अन्न दें.

**धनु** किसी से बिना वजह की लड़ाई हो सकती है. जवान पर नियंत्रण आवश्यक है. मेहनत और समझदारी से जीवन को सुखमय बनेगा. बड़ों का आदर करने में आगे रहेंगे. परिवार का सुख मिलेगा. गृहस्थ सुख में मधुरता बनी रहेगी.

**मकर** भाई-बहन का सुख सहयोग मिलेगा. पराक्रम में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य होने से मन खुश होगा. पारिवारिक सुख मिलेगा. मन में नया उत्साह और जोश देखने को मिलेगा. कामकाज ठीक-ठाक रहेगा. मिठाई का दान बच्चों को करें.

**कुंभ** कल मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. वाणी का प्रभाव दूसरों पर अच्छा बना रहेगा. मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. धन का संचय होगा. कोई बड़ा कार्य करने का मन होगा. शनि को दीपक दान करें.

**मीन** समय बहुत ही उत्तम है. मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा. परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. धन खर्च होगा. यात्रा करते समय सावधानी बरतें. मिठाई का दान करें.

## माही ने 52 स्कूली बच्चों में स्वेटर बांटा



**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमन इनिशिएटिव (माही) के तत्वावधान पर मंगलवार को हिंदपीढ़ी स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किये गये. नन्हें बच्चों से जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे गये. सही उत्तर देने वाले बच्चों को स्वेटर गिफ्ट के रूप में दिया गया. ऐसे स्कूल में करीब 52 बच्चों के बीच ठंड से राहत के लिए स्वेटर बांटे गये. मौके पर माही के संयोजक इबरार अहमद, उपाध्यक्ष हाजी नवाब, संरक्षक जुनैद अनवर, सरवर इमाम खान, मो शमीम, शहाबुल हक, मो शकील, मो सलाउद्दीन, मिस्बाह, राज कुमार सिंह समेत स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं शालु अंसारी, हुस्न आरा, शाहिना, तलत, सादिया,रेशमा, प्रिया, जीनत समेत विद्यार्थी शामिल थे.

## गायिका कविता ने किया क्रिसमस सांग लांच



**रांची।** क्रिसमस मेला सामलोंग, लोवाडीह में सुप्रसिद्ध गायिका कविता होरो ने नया क्रिसमस सांग लांच किया. "प्रभु चरनी में जन्म ले ले रे... बड़ी हलचल है दाउद नगरे " इस मधुर गीत की लांचिंग ट्राइब कार्ड द्वारा की गई. ऑर्गनाइज करने में अनमोल टोप्पो , कुलभूषण डुंगडुंग, पवन तिर्की, नवीन होरो, एंकर आकांक्षा मिंज शामिल है.मौके पर मनीष आयिन्द, रितु लांबा, नवीन होरो, सिंगर कुमार गहलोत शामिल थे.

## रोजगार मेला में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़

**आदित्यपुर।** मंगलवार को आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन हुआ, जिसमें 16 स्टॉल लगाए गए थे. नियोजनालय की पदाधिकारी अनामिका तिर्की ने बताया कि इस मेले में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारो के नियोजन अधिनियम 2021एवं नियमावली 2022 के तहत मेला लगाकर उन्हें योग्यता अनुसार रोजगार दिया जा रहा है. श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत रोजगार सह कौशल मेला 2023 का आयोजन आदित्यपुर फुटबॉल मैदान परिसर में किया गया है.

## एआई के युग में करियर की संभावनाएं

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के वोकेशनल विभाग की ओर से मंगलवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार का विषय था ''कृत्रिम बुद्धिमता के युग में करियर की संभावनाएं''. सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान के एल्युमनी एवं चित्कारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के स्ट्रेटेजिक निदेशक किरन कुरवड़े उपस्थित थे. सेमिनार में कॉलेज के विभिन्न संकायों से लगभग 100 विधार्थी उपस्थित थे. सेमिनार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में विभिन्न क्षेत्रों में जॉब के अवसरों पर चर्चा में छात्रों ने अपनी विशेष रुझान दिखायी. अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की.

## झारखंड विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने किया हंगामा, दिया धरना, की नारेबाजी







### भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति में 8111 करोड़ का अनुपूरक बजट पास

# यूनिवर्सल पेंशन की तरह हम लाएंगे यूनिवर्सल फूड सिक्योरिटी : वित्त मंत्री

**रांची । भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति के बीच राज्य की हेमंत सरकार का दूसरा 8 हजार, 111 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास हो गया. आजसू, माले एवं अन्य निर्दलीय विधायकों ने जहां इसका विरोध किया, वहीं सत्ता पक्ष ने इसे जरूरी बताते हुए इसे सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया बताया. आजसू विधायक लंबोदर महतो ने अनुपूरक बजट का कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया. इस बीच सत्ता पक्ष एवं अन्य विधायकों के बीच तीखी बहस हुई. अनुपूरक बजट पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने इस बजट का कारण स्पष्ट किया. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कर्ज लेने में नहीं, बल्कि रेवन्यू बढ़ाने में विश्वास रखती है, पूर्ववर्ती सरकारों ने जहां इतना कर्ज लिया कि राज्य कर्ज में ही डुब गया था, जबकि पिछले पांच साल राज्य में डबल इंजन की सरकार थी. केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा था. मगर हमारी सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार ने कई योजनाओं की राशि में कटौती की. सौतेला व्यवहार किया. इसके बावजूद हमारी सरकार ने गत वित्तीय वर्ष में केवल 1.25 प्रतिशत ही लोन लिया. यह हमारी हेमंत सरकार के बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण है. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भूखों को खाना देने और अर्धनग्न लोगों के तन ढंकने का काम किया. 20 लाख नए राशन कार्ड बनवाकर उन्हें राशन देने का काम कर रहे हैं. लोगों को तन ढंकने के लिए धोती एवं साड़ी दे रहे हैं. इसके बाद हमारा फोकस लोगों को छत देने की ओर है. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास के तहत 8.50 लाख आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख लोगों को तीन साल में आवास देने का निर्णय लिया. हमने पिछले वित्तीय वर्ष में 21 हजार करोड़ राजस्व कामिर्शियल टैक्सेज से अर्जित किया, जबकि इस वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 24 हजार करोड़ करना है. इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों से भी राजस्व संग्रहण में सुधार हो रहा है. हम कर्ज लेकर नहीं, बल्कि रेवन्यू जेनरेट करके राज्य के लोगों का आंसू पोंछने और विकास का काम करना चाहते हैं. हमारी सरकार बहुत जल्द यूनिवर्सल पेंशन की तर्ज पर यूनिवर्सल फूड सिक्योरिटी लाने की दिशा में काम कर रही है.**

### दूसरे अनुपूरक बजट की आवश्यकता और कारण पर वित्त मंत्री ने सदन को दिया जवाब, कहा

## हम कर्ज लेने में नहीं रेवन्यू बढ़ाने में रखते हैं विश्वास

## अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान किस विधायक ने क्या कहा

### झारखंड में रहना है तो जोहार बोलना होगा : डॉ. इरफान



कांग्रेस विधायक डा इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के सभी लोग बाहरी हैं. संजय सेठ, बीडीराम, रघुवर दास, समरी लाल, सुनील सिंह, पीएन सिंह सभी बाहरी हैं. भला ये लोग कैसे आदिवासी-मूलवासियों के हितों की बातें कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड में रहना है तो सभी को जोहार बोलना होगा.

### भाजपा के रामराज का मतलब लड़ो और बंटो : समीर मोहंती



झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा कि इन लोगों का कुछ काम नहीं है. बस राम के नाम पर वोट लेना है. विकास और बेरोजगारी पर इन्हें तो कुछ बोलने का हक ही नहीं है. इनका काम धर्म के नाम पर बांटो और राज करो. कहते हैं कि रामराज लाना है. मगर रामराज में मार-काट और बांटने का काम नहीं होता था.

### हर योजना में केंद्र कर रहा है सौतेला व्यवहार : सुदिव्य



अनुपूरक बजट के पक्ष में बोलते हुए झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि केंद्र सरकार हर चीज में सौतेला व्यवहार कर रही है. पहले तो झारखंड के हिस्से का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए नहीं दे रही है. ऊपर से ग्रामीण विकास, मनरेगा, पीएम आवास योजना सहित कई योजनाओं की राशि आधी कर दी.

### केंद्र ने झारखंड के साथ किया सौतेला व्यवहार : शिल्पी नेहा



कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने अनुपूरक बजट के पक्ष में कहा कि वर्तमान सरकार केंद्र के सौतेले व्यवहार के बाद भी हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है. केंद्र सरकार ने 24 लाख लोगों का राशन कार्ड से नाम हटाकर राशन बंद कर दिया. यूपीए सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा, फूड सिक्योरिटी कानून और सबको शिक्षा कानून की धज्जियां उड़ा कर रखी दीं.

### विधानसभा में भाजपा विधायकों का आचरण बहुत गलत था : प्रदीप



कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा के लोग स्पीकर की कार्यवाही को बदले की कार्यवाही कह रहे हैं. मगर यह पूरी तरह से गलत है. संसद में जो सांसद निलंबित किए गए हैं, वह सुरक्षा में चूक पर गृह मंत्री से जवाब मांग रहे थे, जबकि विधानसभा में भाजपा विधायकों का आचरण बहुत गलत था.

### विधायकों के सवालों के जवाब और अनुपालन की समीक्षा हो



निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है या खराब. अनुदान मांग क्यों जरूरी है. यह अधिक महत्वपूर्ण नहीं है. सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चार साल में सदन में विधायकों ने जो सवाल उठाए हैं, उसपर कितना अमल हुआ, कितना पूरा हुआ. इसकी समीक्षा हो.

### योजना चलाकर फिर बंद कर देने से बढ़ती बेरोजगारी : विनोद सिंह



माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार भी केंद्र या अन्य सरकारों की तरह चल रही है जो बहुत घातक है. केंद्र कई योजनाएं शुरू करती है. उसके लिए अनुबंध या आऊटसोर्स पर मैन पावर रखे जाते हैं. जब योजनाएं बंद हो जाती हैं तो उन्हें हटा दिया जाता है, वे सड़क पर आ जाते हैं. यही काम राज्य सरकार भी कर रही है.

### सरकार रोजगार देने के नाम पर बांट रही मुर्गी और बकरी : अमित यादव



निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सरकार रोजगार देने के नाम पर मुर्गी और बकरी बांट रही है. क्या यही है सरकार की रोजगार और नौकरी. इससे राज्य का विकास हो जाएगा. टेट पास पारा शिक्षकों ने अपना पहली आकलन परीक्षा दे दी तो अब सरकार को सफल शिक्षकों को वेतन बढ़ाने में क्या दिक्कत हैं.

### अब तक केवल 51.06 प्रतिशत ही हुआ खर्च : लंबोदर महतो



अनुपूरक बजट पर कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि आखिकार दूसरे अनुपूरक बजट की जरूरत सरकार को क्यों है. अभी तक सरकार मूल और पहले अनुपूरक बजट का केवल 51.06 प्रतिशत ही खर्च कर पायी है. इसलिए सरकार को अनुपूरक लेने का कोई हक नहीं है.







## भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 12.30 तक की गयी स्थगित

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी भाजपा विधायक वेल में जाकर हंगामा कर रहे हैं. इस हंगामे के कारण स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12.30 तक स्थगित कर दी. इससे पहले भानु प्रताप शाही ने राज्य में नियुक्तियां नहीं होने का मामला उठाया था. कहा कि नियोजन नीति नहीं होने के कारण परीक्षाएं रद्द हो रही है. युवाओं का भविष्य दांव में लगा है. वहीं विधायक प्रदीप यादव ने लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने का मामला उठाया था. कहा कि इसके खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए. इसके बाद भाजपा विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे थे.







## भाजपा विधायकों ने राजभवन पहुंचकर की हेमंत सरकार की शिकायत

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से हेमंत सरकार की शिकायत की. कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है. भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है और राज्य संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है. इस सरकार में आए दिन, हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं. सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ने रिकॉर्ड बना लिया है. खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो झारखंड देश के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह बन गया है. इस दौरान भाजपा विधायकों ने विधानसभा में 2 विधायकों के निलंबन का भी मामला राज्यपाल के सामने रखा.भाजपा ने राज्यपाल से कहा कि अब तो मुख्यमंत्री ने सभी संवैधानिक मर्यादाओं को ठेंगा दिखा दिया है. ईडी उनसे पूछताछ के लिए अबतक 6 समन भेज चुकी है. लेकिन वे पूछताछ से लगातार भाग रहे हैं. जांच एजेंसियों के खिलाफ रोज-रोज मुख्यमंत्री के दिये गये बयानों से संवैधानिक मर्यादाएं तार-तार हो रही है. अगर राज्य का मुख्यमंत्री कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन करने लगे तो फिर आम जनता से कानून पालन करने की बात यह सरकार कैसे कर सकती है. भाजपा ने कहा कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राज्यपाल अविलंब इन मामलों पर विधिसम्मत कार्रवाई करें.

### कहा : अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल कर राज्य को संकट से निकालें



**प्रतिनिधिमंडल में ये थे मौजूद :** प्रतिनिधिमंडल में बाबूलाल मरांडी के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण,जेपी पटेल,नवीन जायसवाल,अनंत कुमार ओझा,कोचे मुंडा,केदार हाजरा,भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, आलोक चौरसिया, मनीष जायसवाल, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, किशुन कुमार दास और पुष्पा देवी शामिल थे.

## खरसावां कॉलेज में प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को भेजी गयी है अधियाचना

**रांची।** विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कोल्हान यूनिवर्सिटी के खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया.कहा कि वह सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं है. सरकार बताये कब तक वहां शिक्षकों की नियुक्ति होगी. इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि विभाग ने प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है. जल्द ही नियुक्ति होगी.

### स्पीकर बोले-प्रश्नकाल को हंगामाकाल कर दें क्या?



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज मंगलवार को तीसरा दिन है. सदन की कार्यवाही 11 बजकर 9 मिनट में शुरू हुई. कार्यवाही शुरू होते ही नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक वेल में पहुंच गये और जोरदार हंगामा करने लगे. भाजपा विधायक सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं. स्पीकर ने कहा प्रश्नकाल को हंगामाकाल कर दें क्या.

### भाजपा के मारे लोग सड़कों पर हैं : मिथिलेश ठाकुर



रांची। सदन में भाजपा विधायकों के हंगामे पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह सही परिपाटी नहीं है. भाजपा विधायकों को जब अपनी बात सदन में कहनी होती है तो यह लोग शांत हो जाते हैं, लेकिन जब सत्ता पक्ष के विधायक बोलना चाहते हैं तो ये लोग हंगामा शुरू कर देते हैं. उन्होंने कहा कि उनके मारे हुए लोग ही सड़कों पर हैं और ये घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं.

### बाउरी ने पूर्व सैनिक व पंचायत यंसेवकों का मामला उठाया



रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सदन में राजभवन के सामने धरने पर बैठे पूर्व सैनिक पोदना बलमुचू और पंचायत स्वयंसेवकों का मामला उठाया. इस पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पूर्व सैनिक के मामले में पता कर मामले का निराकरण किया जाएगा. वहीं पंचायत स्वयंसेवकों के मामले में सरकार चिंतन कर रही है.

- ✓ संसद सत्र के 11वें दिन कुल 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया
- ✓ आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए
- ✓ इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे






# सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन

भारतीय संसद लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है. इस मंदिर में आमजन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होती है. जनता से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं. उसके समाधान पर बात होती है. इस बार के शीतकालीन सत्र में कुछ इसी तरह की जनहित मुद्दों पर चर्चा होनी थी, जो बहस की बजाय हंगामे में तब्दील हो गई. दरअसल विपक्ष सुरक्षा में चूक को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहा था. इसे लेकर ही विरोध बढ़ा और राज्यसभा और लोकसभा में सत्र के 11वें दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया. ऐसे में सदन की कार्यवाही बाधित करने को लेकर सोमवार को कुल 78 सांसदों (लोकसभा-33, राज्यसभा-45) को निलंबित कर दिया गया. आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए. इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे. वहीं निलंबन के मामले पर विपक्षी सांसद ने सदन से लेकर सदन के गेट और परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन किया. इसमें लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित की गई. सुबह से 3 बार स्थगित की गई. वहीं मंगलवार को भी लोकसभा से विपक्ष के 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र पर हमला करार दिया. खड़गे ने कहा कि पहले घुसपैठियों ने संसद पर हमला किया. अब सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है. सांसदों के निलंबन को लेकर क्या है आमलोगों की राय. इसे जानने शुभम संदेश की टीम लोगों के पास पहुंची और तैयार की रिपोर्ट...

## बेरमो

### विपक्षी नेताओं को भी संसद की गरिमा बनाकर रखनी चाहिए थी : धनंजय रविदास



तेनुघाट महाविद्यालय तेनुघाट के प्रोफेसर धनंजय रविदास ने कहा कि भारत के सबसे बड़ी महापंचायत संसद भवन में 13 दिसंबर को सुरक्षा घेरे को तोड़कर प्रवेश करना कहीं ना कहीं सुरक्षा की लापरवाही को दर्शाता है. विपक्षी दलों के हंगामे के बाद माननीय सांसदों को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है. जो उचित प्रतीत नहीं होता है. विपक्षी दल को भी संसद की गरिमा बनाकर अपनी बातों को रखना चाहिए तथा सत्ता एवं विपक्षी दल दोनों को मिलकर इस बड़ी समस्या के समाधान की चर्चा करनी चाहिए. देश के गृहमंत्री अमित शाह जी इसमें चुप्पी साधे हुए हैं. इस पर खुलकर उन्हें अपनी बयान देनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की खतरा उत्पन्न ना हो.

### सांसदों का निलंबन लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं कही जा सकती: बासुदेव प्रजापति



केबी कॉलेज बेरमो के प्रोफेसर बासुदेव प्रजापति ने कहा कि लोकसभा में सत्ता पक्ष के अलावा यदि विपक्ष नहीं हो तब यह कहना मुश्किल हो जाता है कि जो भी नियम कानून बनेंगे वह कैसे लोकहित में हैं. सोमवार को 78 सांसद और मंगलवार को 49 संसद का निलंबन होना एक तरह से लोकसभा में विपक्ष मुक्त सत्र का संचालन होगा. यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है. सांसदों के जो सवाल हैं उनके जवाब देने के बजाय उन्हें संसद से ही बाहर कर दिया जाए, यह तानाशाही की ओर कदम है. लोकसभा में जो सुरक्षा में चूक हुई है, वह एक गंभीर मसला है. उन पर बहस होने जरूरी है और भविष्य में ऐसा ना हो उसकी चिंता करनी चाहिए. तभी लोकतंत्र जिंदा रहेगा. यह समय की मांग है.

## आदित्यपुर

### सांसदों को अपनी बात कहने से रोकना लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता है: उत्पल दत्ता



बंगीय एसोसिएशन के पदाधिकारी उत्पल दत्ता का कहना है कि सांसदों को अपनी बात रखने से रोकना और उनको सदन से निलंबित करना यह लोकतंत्र नहीं है. ऐसे ही संसद के शीतकालीन सत्र के 15 दिन (अवकाश छोड़ कर) बीत गए हैं. इस दौरान लोकसभा व राज्यसभा के कई सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है. यह उचित नहीं है. जहां तक हमें पता है कि सांसदों के निलंबन की वजह लोकसभा व राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा हंगामा किया जाना है. तो इसमें नया क्या है? यह तो सदियों से परंपरा रही है. विपक्षी सांसदों द्वारा अपनी बात रखने और अपनी मांग रखने की मांग की जा रही थी. मुख्य रूप से वो संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे जो उनका हक था.

### सत्ता पक्ष को भी विपक्ष की मांग पर पूरी गंभीरता दिखानी चाहिए थी: सुनील कुमार स्वाइ



अधिवक्ता सह महासचिव जलाडो सुनील कुमार स्वाइ का कहना है कि विपक्षी सांसदों को अपनी बात रखने से रोकना और उनको सदन से निलंबित करना लोकतंत्र में उचित नहीं है. अभी संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है. इस दौरान लोकसभा व राज्यसभा में महत्वपूर्ण बिल पर बहस होना था ऐसे में सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया जाना यह उचित नहीं है. मेरे ख्याल से पक्ष को भी विपक्ष के मांग पर गंभीरता दिखानी चाहिए थी. सांसदों को निलंबित कर संसद की कार्रवाई चलाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं मानी जाएगी. लोकसभा व राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा हंगामा किया जाना यह परंपरा रही है. यह तो सदियों से होता रहा है. विपक्षी सांसदों की मांग मानी जानी चाहिए थी. विपक्ष संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की ही तो मांग कर रहे थे जो उनका हक था. ऐसे में सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित करना लोकतंत्र नहीं है.

## गिरिडीह

### संसद भवन की सुरक्षा चूक मामले में एकजुट रहना चाहिए सांसदों को: अमरजीत सिंह सलूजा



सलूजा गोल्ड टीएमटी के निदेशक अमरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि संसद भवन की सुरक्षा में चूक जरूर हुई है. लेकिन इस मामले में सभी दलों के सांसदों को एक साथ होकर समाधान की दिशा में पहल करनी चाहिए. अब संसद की सुरक्षा में चूक हो चुकी है. अब सभी को मिलकर कोशिश करना चाहिए कि दुबारा सुरक्षा में चूक नहीं हो सके. विपक्ष द्वारा लगातार हंगामा करने के कारण उन्हें संसद भवन के सत्र से निलंबित किया गया है. उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है. थोड़ी सख्ती तो झेलनी पड़ेगी.

### संसद भवन की सुरक्षा में चूक गंभीर विषय है दोषियों को सजा मिलनी चाहिए: राजेंद्र प्रसाद



शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संसद भवन की सुरक्षा में चूक एक गंभीर विषय है. इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए. इस दिशा में केंद्र सरकार सकारात्मक पहल कर रही है. लोकसभा की कार्यवाही भी नियमित रूप से चलना चाहिए. तभी आम लोगों की समस्या का समाधान हो सकेगा. केंद्र सरकार यह प्रयास करे कि इस घटना की पुनरावृत्ति न हो सके. इस पर सभी सांसदों को ध्यान चाहिए. जो जरुरी है. निलंबन समाधान नहीं है. इसके लिए सभी को सोचना होगा.

### सांसद सदस्यों का निलंबन अनुचित है, इस पर सरकार को विचार करना चाहिए : शंकर शर्मा



धनवार प्रखंड के व्यवसायी शंकर शर्मा ने कहा कि लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसद सदस्यों का निलंबन किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है. यही वह जगह है, जहां पर सांसद जनता की समस्या की चर्चा करते हैं. यदि वे संसद में रहेंगे ही नहीं तो फिर चर्चा किसके साथ की जाएगी. वहीं लोकसभा का सत्र सत्ता और विपक्ष के सांसदों के सहयोग से ही सुचारू रूप से चलता है. सत्र को बाधित करने से देश की जनता का नुकसान होता है. इस पर सभी दलों को गंभीरतापूर्वक सोचना चाहिए. आखिर इसमें जनता का पैसा खर्च होता है.

### एक साथ इतने सांसदों का निलंबन अनुचित, यह सही नहीं ठहराया जा सकता: प्रो कमलनयन



प्रोफेसर कमल नयन सिंह ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा का सदन सत्ता और विपक्ष के सहयोग से चलता है. इस स्थिति में एक साथ इतने सांसदों को निलंबित करना कही से भी उचित नहीं है. संसद भवन की सुरक्षा में चूक कैसे हुई है. इस कमी को ढूंढ कर निकालना चाहिए. जिस सांसद की अनुशंसा पर उन युवकों को संसद भवन में बुलाया गया था. इसका जवाब उन्हीं से पूछना चाहिए. उन्होंने कहा कि संसद भवन की कार्यवाही बाधित होने से देश की जनता का काफी नुकसान होता है. आखिर में देश का ही नुकसान होता है.

### संसद भवन की सुरक्षा का मुद्दा गंभीर विषय है इस पर सभी को एकमत होना चाहिए: समीर प्रेम



गावां प्रखंड के समीर प्रेम ने कहा कि संसद भवन की सुरक्षा में चूक एक गंभीर विषय है. इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलकर ठोस कदम उठाना चाहिए. संसद भवन की सुरक्षा में सेंधमारी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए. ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए. इस मामले पर राजनीति होना बिलकुल अनुचित है. इसके अलावा सासंदों को भी संसद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए. इस तरह से सदन के बाहर हंगामा करना ठीक नहीं है. ये नेता यवाओं के आदर्श माने जाते हैं. उन्हें इसका ध्यान रखना चाहिए.

### विपक्ष द्वारा हंगामा करना अनुचित, पहले विषय की गंभीरता देखनी चाहिए थी : जितेंद्र कुमार



बेंगाबाद के दवा व्यवसायी जितेंद्र कुमार ने कहा कि संसद भवन में घुसकर युवकों द्वारा हंगामा किया जाना कहीं से भी उचित नहीं है. इस घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके. इसको लेकर केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को गंभीर रहने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर केंद्र सरकार काफी गंभीर है. इस स्थिति में विपक्ष द्वारा हंगामा करना अनुचित है. सौ से अधिक सांसदों का लोकसभा सत्र से निलंबित करना अनुचित नहीं है. इस विषय पर गंभीरता से विचार होना चाहिए. आखिर विपक्ष के पास यह समय अपनी बात रखने का होता है.

## किरीबुरु

### सरकार को इस गंभीर मामले को देशवासियों को जरूर बताना चाहिए था : कन्हाई बिरुवा



उत्क्रमित उच्च विद्यालय, प्रोस्पेक्टिंग, किरीबुरु के प्रधानाध्यापक कन्हाई बिरुवा ने कहा कि हमें राजनीति में अधिक रुचि नहीं है, लेकिन संसद भवन हमारा मंदिर है. संसद के अंदर घुसकर आपराधिक कृत्य करना गंभीर अपराध है. सिर्फ सांसद ही नहीं बल्कि देश की एक-एक जनता की सुरक्षा का दायित्व सरकार के अधीन होता है. सांसद अगर संसद की घटना से संबंधित गृहमंत्री से जवाब चाह रहे हैं तो इसमें गलत क्या है. सरकार को मामले को देशवासियों को बताना चाहिए. इस मामले को लेकर सांसदों का निलंबन उचित नहीं है.

### गृह मंत्री को घटना की पूरी जानकारी सांसदों को पहले ही दे देनी चाहिए : पंकज कुमार यादव



उच्च विद्यालय, छोटानागरा के शिक्षक पंकज कुमार यादव ने कहा कि हमारा संसद भवन हमारा स्वाभिमान व लोकतंत्र का मंदिर है. संसद पर हमला कोई भी बर्दाश्त नहीं करेगा. संसद हीं नहीं देश के किसी भी भवन या लोगों पर हमला क्षमा योग्य नहीं है. सरकार को इस मामले में गंभीर कदम उठाते हुये दुबारा ऐसी घटना न हो उस दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को घटना के बाबत पूरी जानकारी तमाम सांसदों व देशवासियों को देना चाहिए. सांसदों का निलंबन इस मामले में गलत है.

### सांसदों का निलंबन गलत है: राम प्रकाश यादव



उच्च एवं मध्य विद्यालय छोटानागरा के प्राचार्य राम प्रकाश यादव ने कहा कि लोकसभा में सांसद जन समस्याओं को रखते हैं. संसद भवन में बीते दिनों घटी घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. इस मामले में केन्द्र सरकार को सभी पार्टियों के सांसद के साथ बातचीत करना चाहिए. घटना से संबंधित प्राप्त जानकारियों को भी सांसदों से शेयर करना चाहिये. ऐसी घटना करने वालों को कठोर सजा मिलना चाहिये, क्योंकि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी समस्याएं व बातों को रखने के लिए कई मंच हैं. जहां वह रख सकते थे. सांसदों का निलंबन गलत है क्योंकि वह अपनी सुरक्षा को लेकर भि चिंतित हैं.

## जमशेदपुर

### सुरक्षा में चूक की जांच का उन्हें इंतजार करना चाहिए, उसके बाद बोलना था : विवेक अग्रवाल



जुगसलाई निवासी व्यवसायी विवेक अग्रवाल ने कहा कि संसद में होने वाले हंगामे का असर पूरे विश्व पर पड़ता है. सांसदों को चाहिए की वह अपने पक्ष को संसद में रखें ना कि बाहर हंगामा करे. जहां तक बात संसद में सुरक्षा में चूक की तो इसके लिए संसद में सुरक्षा की कमान संभालने वाले की गलती साफ नजर आती है. हालांकि इसके लिए जांच टीम का गठन कर दिया गया है. अब जांच रिपोर्ट आने तक सभी को इंतजार करना चाहिए.

### हंगामे से कोई हल निकलकर नहीं आने वाला इसे हर सांसद को समझना होगा: राजन कुमार



मानगो निवासी राजन कुमार कहते है कि सांसद अपना काम करे और संसद को अपना काम करने दे. हंगामे से कोई हल निकलकर नहीं आने वाला. लोकसभा और राज्यसभा से जिन्हें भी निलंबित किया गया है यह एक सही कदम उठाया गया है. अब निलंबन की वजह से विपक्षी सदस्य हंगामे की योजना बना रहे हैं. उन्हें भी निलंबित कर देना चाहिए. इसमें अमित शाह का बयान भी अहम रोल अदा करेगा. जाहिर है कि उन्हें अपना बयान देना चाहिए.

### उन्हें हंगामा करना शोभा नहीं देता है: मनोज मलिक



मानगो निवासी मनोज मलिक ने कहा कि एक सांसद ही जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और जनता की समस्या को सांसद में रखते है. अब सांसद अपने कार्यों को भूलकर कहीं और ही जा रहे हैं. उन्हें हंगामा करना शोभा नहीं देता है. सुरक्षा में चूक की जांच तो सरकार कर ही रही है. जांच होने तक मामले को शांत ही रखा जाए तो बेहतर होगा.

## हजारीबाग

### सुरक्षा में चूक हुई है तो इसकी जानकारी सरकार को देनी चाहिए थी : चंदन मेहता



संसद में सुरक्षा की चूक को लेकर विपक्ष गृह मंत्री अमित शाह का जान का मांग कर रहे हैं. विपक्ष चाहता है कि अमित शाह इस मामले को लेकर पूरे देश को जानकारी दे कि आखिर यह घटना क्यों घटी है. इसे लेकर हजारीबाग के शिक्षक चंदन मेहता कहते हैं कि संसद भवन देश का मंदिर है. जहां सभी धर्म के लोगों को आस्था है. अगर वहां सुरक्षा में चूक हुई है तो इसकी जानकारी सरकार को देनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष अमित शाह से मांग कर रही है कि इस मामले में वह देश को जानकारी दें यह सही है. देश जानना चाहता है कि सुरक्षा का चूक क्यों हुआ है. आखिर इसके पीछे बेरोजगारी कारण है या फिर सरकार की नीति. साथ ही देश यह जानना चाहती है कि इस घटना के पीछे कोई विदेशी ताकत तो नहीं है. जो सुरक्षा में सेंध लगाकर जानकारी इकट्ठा कर रही है. जो लड़के सुरक्षा घेरा को तोड़ा है. उनके पास हथियार नहीं बल्कि कलर बम था. ऐसे में उनकी नियत सांसदों को क्षति पहुंचाना नहीं था. इस कारण सरकार को तो जवाब देना चाहिए.

## लातेहार

### संसद के कार्य को बाधित करना उचित नहीं: गजेंद्र



लातेहार चैंबर ऑफ कामर्स के गजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संसद के कार्य को बाधित करना कहीं से उचित नहीं है. संसद की कार्रवाई में काफी खर्च होता है. देश की जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों से संसद में सत्र चलता है. ऐसे में संसद की कार्यवाही को बाधित करना कहीं से उचित नहीं है. अब तक लोकसभा व राज्यसभा के कुल 141 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित किये जा चुके हैं. इन सासंदों को अपनी बातों को लोकतांत्रिक तरीके से रखना चाहिए. निलंबन की कार्यवाही सही है. सांसद जनप्रतिनिधि होते हैं. उनके इस व्यवहार को पूरा देश देख रहा है.

### संसद में हंगामा उचित नहीं : प्रो प्रदीप कुमार



बनवारी साहु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि लोकसभा लोकतंत्र का मंदिर है. यहां देश के लिए नीति निर्धारित किये जाते हैं. लोकतंत्र के इस मंदिर में हंगामा कहीं से उचित नहीं है. संसद का सत्र बहुत ही खर्चीला होता है. संसद में देश के विकास की बात होनी चाहिए. हंगामा कर यूं ही समय बरबाद करना देश के लिए सही नहीं है. अगर सांसदों का कोई ग्रिवांस है तो उसे लोकतांत्रिक तरीके से रखना चाहिए. सबों को अपनी बातें कहने का अधिकार है, लेकिन संयम व मर्यादा भी जरूरी है. इसे सभी को समझना होगा.

### सुरक्षा में चूक हुई है, यह सही नहीं: रंजीत कुमार



दवा व्यवसायी रंजीत कुमार ने कहा कि यह सही है कि संसद की सुरक्षा मे चूक हुई है, लेकिन इसे ले कर संसद को बाधित करना उचित नहीं है. शीतकालीन सत्र के 15 दिन बीत गये और अब तक लोकसभा व राज्यसभा के सौ से अधिक सांसद निलंबित हो चुके हैं. हंगामा करने के आरोप में गत 18 दिसंबर को ही 78 सांसदों को निलंबित किया गया. सांसदों को अपनी मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए. विरोध करना सबों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप अपनी संयम व मर्यादा ही खो दें.

### सांसदों को मर्यादा में रहकर मांग करना चाहिए: प्रो नवल



लोकतंत्र में सबों को अपनी बात कहने का अधिकार है. लेकिन उसकी भी एक मर्यादा है. लोकसभा में सुरक्षा में चूक के मामले में जिस प्रकार विपक्षी दलों के सांसद व्यवहार व आचरण कर रहे हैं, वह सही नहीं है. उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बातें रखनी चाहिए. सरकार ने सुरक्षा में चूक में मामले की जांच करने के लिए जांच टीम बैठा दिया है. आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है. उनसे पूछताछ की जा रही है. बावजूद इसके सांसदों के द्वारा लोकसभा व राज्यसभा में हंगामा करना उचित नहीं है. सदन को चलने देने में सबों को भागीदारी निभानी चाहिए.

### हंगामे की भेंट चढ़ रही है संसद की कार्यवाही : असीम



बाघ टिंबर के असीम कुमार बाग ने कहा कि संसद के मॉनसून सत्र को बाधित करना ठीक नहीं है. होना तो यह चाहिए कि इस सत्र में देश के विकास की बात होनी चाहिए थी. नीति निर्धारण की बात होनी चाहिए थी. लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों के द्वारा इस सत्र को हंगामा के भेंट चढ़ा दिया जा रहा है, यह ठीक नहीं है. संसद से लोगों की अपेक्षाएं रहती है. संसद में स्वस्थ चर्चाएं होनी चाहिए, हंगामा नहीं. जनता ने सांसदों को क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के लिए संसद में भेजा है. उन्हें संसद में क्षेत्र व आम जनता की मांगों को उठाना चाहिए.

## धनबाद

### पक्ष-विपक्ष की राजनीति से ऊपर उठकर इस मामले पर चर्चा होनी चाहिए थी : संजय आनंद



गोल संस्थान के संचालक सह शिक्षक संजय आनंद बताते हैं कि जब देश का सांसद ही सुरक्षित नहीं है. प्रशासनिक अधिकारी संसद की सुरक्षा करने में सक्षम नहीं है तो यह बहुत बड़ा सवाल है कि आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा. इसका उदाहरण हाल के दिनों में धनबाद की जनता के सामने है. यहां के लोग लॉ एंड आर्डर की समस्या से जूझ रहे हैं. संसद की सुरक्षा को लेकर सभी पार्टियों को पक्ष-विपक्ष वह राजनीति से ऊपर उठकर एक मंच पर जाकर सोचने की जरूरत है. जहां तक सांसदों के निलंबन का सवाल है तो यह संसद के प्रक्रिया के अधीन विषय है. कार्यवाही के दौरान हुए अप्रिय घटना व व्यवहार को लेकर स्पीकर के द्वारा लिया गया कदम है. जिस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है.

### किसी मंत्री के बयान की मांग पर संसद की गरिमा धूमिल करना सही नहीं : डॉ बी. जगदीश



जेके सिन्हा मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य सह शिक्षक डॉ बी जगदीश राव ने कहा कि हम प्रजातंत्र का सही अर्थ भुलते जा रहें हैं. संसद विपक्षविहीन होने का निष्कर्ष है कि हम विपक्ष को समझने और समझाने में विफल हैं. वहीं दूसरी ओर सुरक्षा में चूक चिंता का विषय है. लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि किसी व्यक्ति विशेष या मंत्री के बयान की मांग को लेकर संसद गरिमा तार-तार कर दी जाए. सदन में पार्टी व राजनीति से ऊपर देश की समस्याओं पर चर्चा की जाएं ताकि न हंगामा हो न हंगामे का कारण ही शेष हो. शीतकालीन सत्र के बचे हुए दिनों का सकारात्मक उपयोग हो ताकि देश की जनता के पैसे का सदुपयोग हो.

### सांसदों का निलंबन गलत नहीं है : संजय कुमार



कोयलांचल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह शिक्षक संजय कुमार ने बताया कि जहां तक सदन में हुए घटना का सवाल है तो यह सुरक्षा में बहुत बड़ी चूक थी, जो नहीं होनी चाहिए थी. इस घटना की कड़ाई से जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए. सदन की सुरक्षा को लेकर सभी पार्टियों को एक मंच पर आना चाहिए. हंगामा की बजाय सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए थी. शिक्षक के रूप में उनका मानना है कि कक्षा में उपस्थित 100 बच्चों में से 95 की पढ़ाई जारी रहे इसके लिए हंगामा कर रहे पांच बच्चों को कक्षा से बाहर कर देना सही है. हंगामा कर रहे सांसदों का निलंबन कहीं से भी गलत नहीं है. क्योंकि सत्र संचालन में प्रतिदिन लाखों-करोड़ों रुपए का खर्च आता है जिसका सकारात्मक परिणाम जनता के हक में आना चाहिए.

### बचकानी जिद से ऊपर उठे विपक्ष : प्रमोद गोयल



बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स धनबाद के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि सदन की सुरक्षा मामले में अमित शाह के बयान को लेकर विपक्ष का जिद बिल्कुल ऐसा है कि मैं टाटा का ट्रक तभी खरीदूंगा जब रतन टाटा खुद आकर उसकी उपयोगिता बताएंगे. ऐसी बचकानी जिद से ऊपर उठना चाहिए. विपक्ष को संसद में हंगामा करने की बजाय किसी विषय पर सकारात्मक चर्चा करने को बढ़ावा देनी चाहिए. संसद की सुरक्षा पर विशेष चिंता करने की जरूरत है क्योंकि यह घटना बड़ी घटना का ट्रायल हो सकता है. जहां तक सांसदों के निलंबन का विषय है. तो यह विपक्ष के नेताओं के अनुचित व्यवहार का परिणाम है. निलंबन सही नहीं लेकिन अनुचित व्यवहार की भी मैं भर्त्सना करता हूं. सभी को लोकतंत्र की मर्यादा का सम्मान करना चाहिए.

### सांसद अपने आचरण से भारत के संस्कार और सभ्यता का मानक तय करें : प्रदीप



व्यवसायी प्रदीप विश्वकर्मा बताते हैं कि संसद की एक दिन के कार्रवाई में जनता के लाखों-करोड़ों रुपए खर्च होते हैं. साथ ही संसद जैसे बड़े मंच देश की अस्मिता का प्रतिबिंब होते हैं. इसलिए सांसदों की नैतिक जिम्मेवारी है कि वे अपने आचरण से भारत के संस्कार व सभ्यता का मानक तय करें. कभी पीएम नरेंद्र मोदी तो कभी अमित शाह के बयान के नाम पर विपक्ष जिस तरह का आचरण प्रस्तुत करता है वह संसद की मर्यादा के प्रतिकूल है. एक व्यक्ति का बयान ना तो सुरक्षा को उचित मानक प्रदान करता है और ना ही संसद की कार्रवाई को. जहां तक संसद की सुरक्षा का सवाल है तो इस पर वर्तमान सरकार को गंभीरता से जांच कर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है. अब सदन शीतकालीन सत्र के बचे हुए दिन की कार्यवाही पर ध्यान दें.

## पलामू

### गृह मंत्री को सदन में जवाब देना चाहिए: सचिन आनंद



स्वर्ण व्यवसायी सचिन आनंद ने लोकसभा व राज्यसभा के सांसदों के निलंबन पर कहा कि यह समय संसद में हंगामा करने का नहीं है बल्कि संसद की सुरक्षा पर बहस करने का है. हमारे देश की सुरक्षा प्रणाली पर एक चोट है. निश्चित रूप से हमलावरों की अगर उन सबकी पृष्ठभूमि की जांच की जाए तो पता चल जाएगा. उनकी पृष्ठभूमि कहीं ना कहीं देश विरोधी और सत्ता विरोधी दिखती है. इस घटना को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो पूरे देश की जो मूलभूत समस्याएं हैं. उनको हटाकर एक तरफ करने का है. रह गई बात विपक्ष की तो विपक्ष को संयम बढ़ाते हुए उसे लोकसभा के सुरक्षा के बारे में जरूर पूछना चाहिए. जहां तक संसद की गरिमा का बात है और गृह मंत्री से जवाब की बात है तो गृह मंत्री भी एक माननीय सांसद हैं. उन्हें कोई जवाब देना चाहिए. विपक्ष को इस मुद्दे को भुनाने की आवश्यकता नहीं है. बल्कि गंभीरता से विचार करके एकजुट खड़े होकर लोकसभा की गरिमा को बचाए रखने की जरूरत है. आम आदमी के मन में एक डर है कि अगर लोकसभा सुरक्षित नहीं तो हम कैसे सुरक्षित हो सकते हैं. जहां से हमारे लिए कानून बनते हैं. जहां का निर्णय हमारे जीवन में बहुत बड़ा असर डालता है. वहीं अगर सुरक्षित नहीं है तो पूरा देश कैसे सुरक्षित रहेगा. विपक्ष को हंगामा न करते हुए बल्कि साथ में खड़े होकर इस समय साथ देना चाहिए और निश्चित रूप से गृह मंत्री को इस पर विचार करना चाहिए. देश सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं.

### सांसदों का निष्कासन स्वागत योग्य कदम: राहुल कुमार



जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष एके सिंह कॉलेज जपला के राहुल कुमार सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों का निलंबन पर कहा कि शीतकालीन सत्र में लोकसभा व राज्य सभा के सांसदों का निष्कासन स्वागत योग्य कदम है. संसदीय व्यवस्था में लोकसभा व राज्यसभा का संचालन आसन पर बैठे लोकसभाध्यक्ष व राज्यसभा के उपासभापति की होती है ताकि राष्ट्रहित में विधायी कार्य अबाधित संचालित हो. महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकें. जिन मुद्दों को लेकर बहस होनी चाहिए वह हंगामें की बलि चढ़ रही है और सरकार का आश्वासन मिल रहा है कि जांच कमेटी का गठन हो गया है. इस निमित्त रिपोर्ट आते ही त्वरित कार्रवाई की जायेगी. ऐसे में सभी को जांच की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए था. अगर उसमें कोई गड़बड़ी होती तो समझ में आता, लेकिन इसके पहले ही हंगामा कर दिया. ऐसे में पहले ही संसद बाधित करना अलोकतांत्रिक कदम है. अतः निष्कासन जायज है.

## टिप्पणी

हमारे सहयोगी लगातार ,इन पर मिली

संसद अपने आप में हर एक भारतीय के लिए गौरव का प्रतीक है. इस प्रकार सांसदों के द्वारा संसद भवन की मर्यादा को तोड़ना काफी निंदनीय कार्य है. नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस प्रकार का कृत किसी के द्वारा ना किया जा सके.
–दिवाकर कुमार

शीतकालीन सत्र में 92 सांसदों का निलंबित हो जाना बहुत ही दु:ख का विषय है. लोगों ने बड़े ही उम्मीद से अपने लोकसभा क्षेत्र से एक प्रतिनिधि का चुनाव करके लोकसभा भेजने का काम करते हैं ताकि उनकी समस्या एवं अपनी आवाज को संसद में रख सके और क्षेत्र का विकास हो सके. अब संसद में निलंबित हो जाने से लोगों की आवाज एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं को संसद में नहीं रख पाएंगे. सांसद में सभी लोगों को अपनी बात रखने का अधिकार है अब यह तो परिस्थितियों पर निर्भर है कि किन कारणों से विपक्षियों को हंगामा करना पड़ा. यह 92 सांसदों की बात नहीं उन 92 लोकसभा क्षेत्र के लोगों का निलंबन है.
–योगेश कुमार

विपक्ष पार्टी के संसद या विधायक अच्छा काम करते हो तो उन पर किसी न किसी तरह का आरोप लगाकर जेल भेजने का काम करती है बीजेपी और इसके कोई भी विधायक क्या सांसद संसद में बैठकर किसी भी विधायक को आप शब्द बोलने पर उनका कुछ नहीं होता है और कोई और पार्टी के सांसद या विधायक कुछ बोलते है तो उन को निलंबित कर दिया जाता है.
–उमेश चंद्रा

लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है. प्रतिनिधि जनता की जनतांत्रिक आदर्शो भावनाओं और साकारात्मक विचार रखते हैं, लेकिन संसद के संसदीय स्वच्छ, पारदर्शी और साकारात्मक परंपराओं का हनन, लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अवन्नत करने का प्रयास किया है. आम नागरिक को भी संविधान वांछित अभिव्यक्ति की आजादी देता है लेकिन जनप्रतिनिधियों को करोड़ों नागरिकों कीअभिव्यक्ति की आवाज को दमन करना, लोकतंत्र के आदर्शो, परंपराओं और रचनात्मक दृष्टिकोण के विरुद्ध है। किसी भी सरकार को संवैधानिक मूल्यों, आदर्शो, स्वच्छ परंपराओं को संतुलित रखने के लिए, विपक्ष की अहम भूमिका होती है. यदि विपक्षी पार्टी को सरकार उसके अधिकारों और कर्तव्यों को दमन करेगी? तो सरकार तानाशाही की ओर अग्रसर हो रही है. सरकार का काम संवैधानिक मूल्यों को मेंटेन करते हुए उनके आदर्शों, लक्ष्यों को प्राप्त करना है ! केन्द्रीय सरकार की ऐसी रवैया, भारत, भारतीय और भारतीयता के परंपरा के विरुद्ध है. मैं इसकी आलोचना करता हूं.
–अजय कुमार दास

मैं इस तरह की हरकतों से बहुत दुखी हूं. एक दिन का संसद सत्र में लाखों का खर्चा होता है. जनता आस लगाए संसद की ओर देखता है कि जनता जर्नादन के लिए कुछ ठोस होने वाला है.
–मुनेशवर महतो

सरकार चलाने के लिए विपक्ष का होना जरूरी है. इन्हें भी बात रखने का पूरा अधिकार है इनका सामूहिक निष्कासन गलत है.
–राजेन्द्र प्रसाद

# विपक्ष मुक्त संसद

इतिहास अनेक ऐसे दौरों का गवाह है, जब अभिव्यक्ति की आजादी और प्रतिरोध पर बदतरीन बंदिशें लगती रही हैं. भारतीय संसदीय इतिहास में एक ही सत्र में मात्र चार दिनों के भीतर 141 और एक दिन में 78 और फिर दूसरे दिन 49 सांसदों के निलंबन को किस तरह याद करेगा, यह तो भविष्य के इतिहास लेखक ही तय करेंगे. लेकिन यह महसूस तो किया ही जा सकता है कि संसद को विपक्ष मुक्त और सड़क को प्रतिरोध मुक्त बनाने की प्रवृत्ति लगातार स्पष्ट होती जा रही है. डॉ. राम मनोहर लोहिया, जिनकी इन दिनों सत्ता पक्ष सबसे ज्यादा उल्लेख करता है, कहा करते थे कि यदि सड़क खमोश हो जाएगी तो सदन का आवारा होना लाजिमी है. यह तबकी बात है, जब भारतीय संसद ने बहसों के तीखे तेवर और सत्ता पक्ष की कम संख्या के बावजूद विपक्ष के नैतिक दबाव के आगे नतमस्तक होते देखा है. डॉ. लोहिया ने ही जब तीन बनाम तेरह आना की बहस को तीक्ष्ण कर बढ़ती असमानता की ओर नेहरू सरकार का ध्यान आकर्षित किया था तो जवाहर लाल नेहरू को जवाब देना पड़ा था. वह भी विपक्ष के सवालों का पूरे आदर के साथ. तब के दौर में मधु लिमय, भूपेश गुप्त और प्रकाशवीर शास्त्री के तीखे वाणों को संसद ने हमेशा आदर दिया और तबके प्रधानमंत्रियों ने भी उनकी बातों को ध्यान से सुना, लेकिन अब तो ऐसा महसूस हो रहा है कि विपक्ष के महत्व को ही खत्म कर देने का प्रयास किया जा रहा है. संसद को ऐसा नहीं बनाना चाहिए, जिसमें आलोचना, प्रश्न और जवाब के लिए दबाव बनाने वालों को दंडित किया जाए. संसद में गृह या प्रधानमंत्री से किसी बड़ी और संवेदनशीन घटना पर जवाब मांगने का हक विपक्ष को है. इसके लिए शांतिपूर्ण और संसदीय आचरण का निवर्हन करते हुए हर तरीके से प्रतिरोध का हक भी. लेकिन इसके लिए इतनी बडी संख्या में दोनों सदनों से निलंबन की घटना कुछ और ही संकेत दे रही है. इसे समझने की जरूरत है. लोकतंत्र में बहुमत को अल्पमत को नजरअंदाज करने या उन्हें सदन से बाहर का रास्ता दिखाना लोकतांत्रिक तो नहीं ही माना जा सकता है. संसद की अवहेलना लोकतंत्र पर आसन्न संकट की चेतावनी है. संसद में प्रतिपक्ष की जगह ख़ाली होती जा रही है. 11 सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा गया है. समिति विचार करेगी कि इनमें सांसद बने रहने की काबिलियत है या नहीं. विपक्ष सवाल पूछ रहा है कि इन्हें क्यों निलंबित किया गया है! विपक्ष यह भी कह रहा है कि सरकार ने एक योजना के तहत इतनी बडी संख्या में विपक्षी सांसदों को निलंबित कराया, ताकि संसद में अगले कुछ दिन सत्ताधारियों के लिए बहुत आसान और निरापद रहें! सरकार को इन सवालों का न केवल जवाब देना चाहिए, बल्कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को बंद करने से परहेज भी करना चाहिए.

> लोकतंत्र में बहुमत को अल्पमत को नजरअंदाज करने या उन्हें सदन से बाहर का रास्ता दिखाना लोकतांत्रिक तो नहीं ही माना जा सकता है. संसद की अवहेलना लोकतंत्र पर आसन्न संकट की चेतावनी है. संसद में प्रतिपक्ष की जगह ख़ाली होती जा रही है.

## सुभाषित

**न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।**
**हविषा कृष्णमत्र्मेव भुय एवाभिवर्धते।।**

निश्चय ही कामनाएं, काम के उपभोग से कभी शांत नही होतीं. बल्कि जैसे अग्नि मे आहुति डालने से अग्नि बदती है, उसी प्रकार काम के उपभोग से कामनाएं भी बदती हैं.

# एआई : मिथक से बाहर निकलने की जरूरत

**19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति में पश्चिमी यूरोप के देशों में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो रहे थे और इन उद्योगों में मशीनों का इस्तेमाल हो रहा था तो मशीनों को इंसानों के दुश्मन के तौर पर देखा गया. बात वर्ष 1753 की है, ब्रिटेन के मशहूर आविष्कारक जॉन के ने जब कपड़ा बनाने के लिए मशीन बनाई तो कुछ लोगों ने इंग्लैंड में उनका घर जला दिया था. ये उस समय तो इस मशीन का विरोध हुआ, लेकिन दो दशकों के बाद ये मशीन कपड़ा उद्योग में एक नई क्रान्ति ले आई थी.**




इंसान का ऐसा कोई अविष्कार नहीं, जिससे इंसान को सिर्फ फायदा ही हुआ हो. अविष्कारक ने हर आविष्कार मानव और मानवता की भलाई के लिए ही किया है. लेकिन हर अविष्कार के बाद इंसान को भारी मूल्य चुकाना पड़ा है. आज भी चुकाना पड़ रहा है. चाहे वो आग का अविष्कार हो, हवाई जहाज का, एटम बम या फिर बारूद का. इतिहास में थोड़ा पीछे मुड़ कर देखें तो, आविष्कार को लेकर इंसान का खौफ पुराना है. हर नए आविष्कार को लोगों ने शुरुआत में उसे खौफ की निगाह से देखा है. 1980 का दशक, जब भारत में कंप्यूटर युग की शुरुआत घोर विरोध के साथ हुई थी. आम जनता के साथ तमाम विपक्षी पार्टियां, कई दल इसके खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे. इसे ऐसे पेश किया गया कि कंप्यूटर के आते ही इंसानों का काम खत्म हो जाएगा, नौकरियां खत्म हो जाएंगी. आज कई दशक बाद नतीजा आपके सामने है. अमेरिका में भी जब पहलीबार रेल लाइनें बिछाई जा रही थीं. किसानों को लगता था कि खेतों में बिछाई गई पटरियों के ऊपर से जब ट्रेन गुजरेंगी तो आसपास काफी दूर तक के खेतों में लगी फसलें जल जाएंगी. रेल लाइन का भी जोरदार विरोध हुआ था. भारत में जब पहली बार अंग्रेजी राज में रेल चली तब भी इसे औद्योगिक लूट का जरिया और लोगों को मिटाने के लिए लाया गया कॉरपोरेट हथियार बताया गया था. 19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति में पश्चिमी यूरोप के देशों में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो रहे थे और इन उद्योगों में मशीनों का इस्तेमाल हो रहा था तो मशीनों को इंसानों के दुश्मन के तौर पर देखा गया. बात वर्ष 1753 की है, ब्रिटेन के मशहूर आविष्कारक जॉन के ने जब कपड़ा बनाने के लिए मशीन बनाई तो कुछ लोगों ने इंग्लैंड में उनका घर जला दिया था. ये उस समय तो इस मशीन का विरोध हुआ, लेकिन दो दशकों के बाद ये मशीन कपड़ा उद्योग में एक नई क्रान्ति ले आई थी. इसी अविष्कार के क्रम में इंसानों ने अपनी बुद्धि जैसा एक बुद्धिमान मशीन बनाने की सोची और बना डाला एआई यानी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई). फिलहाल यह आविष्कार अभी अपने विकास के दूसरे चरण में ही है. फिर भी मानव को इससे अपनी मानव सभ्यता को खतरा नजर आने लगा है. हालांकि यह दूसरे चरण वाले एआई ने अभी तक ऐसा कुछ किया नहीं है, जिससे कि मानवता को खतरा आ जाये. ज्ञात घटनाओं में ऐसी कोई घटना नहीं है, जिससे यह दावा किया जाए कि एआई से मानव और मानवता का खात्मा हो जाएगा. भारत के लिए तो एआई बिल्कुल नई चीज है . अमेरिका की बात करें तो वहां दो-तिहाई से अधिक अमेरिकी एआई के नकारात्मक प्रभावों के बारे में चिंतित हैं और 61% मानते हैं कि इससे सभ्यता को खतरा हो सकता है. इतिहास का अध्ययन करेंगे तो आपको पता चलेगा कि हर सभ्यता का एक तरह का जीवनकाल होता है. सभ्यताएं विकसित होती है, फलती फूलती है और एक समय बाद खत्म हो जाती है. गौर करने वाली बात है कि खत्म सभ्यताएं होती हैं, सभी इंसान नहीं. अगर सभी सभ्यताएं खत हो गई तो हम कैसे से बचे रह गए. ओपेन एआई का चैटजीपीटी चैटबॉट अब तक का सबसे तेजी से बढ़ने वाला ऐप्लिकेशन बन गया है, एआई के रोजमर्रा के जीवन में बहुत सारे काम में इंटग्रिट होने के चलते एआई सार्वजनिक चर्चा में सबसे आगे पहुंचा दिया है. चैटजीपीटी ने एक तरह से एआई की दौड़ शुरू कर दी है, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसे टेक दिग्गज एक-दूसरे की एआई उपलब्धियों से आगे निकलने की होड़ में हैं. अब सवाल उठता है कि ऐसी मिथक और कोरी कल्पना आई कहाँ से. इसका जवाब भी है... फिल्में, हॉलीवुड और वालीवुड की फिल्मों ने लोगों के मन में ऐसे कई मिथक और डर पैदा कर दिए है, जिससे लोग एआई से डरने लगा है. मैट्रिक्स, मेट्रोपोलिस, स्टार वार, जंग ई, ब्रेन एंड चार्ल्स इत्यादि जैसी कई फिल्मों ने मानव के दिमाग में एआई के डर को भर दिया है. अगर यंग जेनरेशन ऐसी डर से व्याप्त हो जाये तो कैसे होगा मानव का विकास. मानव और मानवता यही इसी पायदान पर थम जाएगी और एआई का सेकंड जनरेशन ही इंसान का आखिरी महा आविष्कार बनकर रह जायेगा. ऐसा न हो, इसके लिए हमें इस मिथक को तोड़ इससे बाहर निकलना होगा. कहीं न कहीं हमने डर के कारण खुद पर से विश्वास खो दिया है. हमें उस विश्वास को फिर से जगाना होगा. हमें खुद को, यंग जनरेशन को और नेक्स्ट जनरेशन को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा. हमें एआई के अविष्कार को आगे बढ़ना होगा. हमे खुद को ट्रेंड करना होगा. इस तेजी से बदलती दुनिया के साथ आप और हम भी चल सकें, इसलिए जरूरी है कि एआई को समझें, उससे डरे बिना इस्तेमाल शुरू करें और इसे अपना दोस्त बनाएं, ताकि हम अपने इंटेलिजेंस के साथ-साथ एआई के इंटेलिजेंस का भी इस्तेमाल एक बेहतर दुनिया के लिए कर सकें, क्योंकि आखिरी सच यही है कि मशीनें कितनी भी स्मार्ट हो जाएं, लेकिन एक लिमिट के बाद हर काम में इंसानी हस्तक्षेप की जरूरत होगी और यहीं से इंसान के लिए मशीनों पर काबिज होने का अवसर शुरू हो जाता है. ऐसा नहीं है कि एआई से बिल्कुल खतरा नहीं है. मुख्य परेशानी तो तब आएगी, जब एआई ही एआई को क्रिएट करेगा. तकनीक की दुनिया कितनी तेजी से बदल रही है इसका अंदाजा भी आम तौर पर लोगों को नहीं है. एआई के मेकर्स ने ऐसे एआई भी क्रिएट कर लिए हैं, जो खुद से नया एआई क्रिएट कर सकेंगे. यानी अब एआई को बनाने के लिए या ट्रेन करने के लिए इंसान की भी जरूरत नहीं होगी और एआई खुद से नए-नए तरह के एआई क्रिएट कर सकेगा. एआई के आने से जहां तकनीकी पारदर्शिता बढ़ेगी, वहीं इंसान की प्राइवेसी में तकनीक का दखल भी बढ़ेगा. इसलिए हम इंसानों को भी फ्यूचर रेडी होने की ओर बढ़ना होगा. मशीनें जितनी स्मार्ट होंगी, हमें उतनी ही तेजी से खुद को भी स्मार्ट बनाते जाना होगा.

**• देश-काल**



प्रेम आनंद

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## जिसको कछु न चाहिए!

सड़क के किनारे, मिट्टी के बर्तन व कलाकृतियां सजा कर, कुम्हार खाट पर पसरा हुआ था. एक विदेशी उन कलाकृतियों का तन्मयता से अवलोकन कर रहा था. उसने मोल पूछा और कुम्हार ने लेटे लेटे ही मूल्य बता दिया. विदेशी उसकी लापरवाही से बड़ा क्षुब्ध हुआ. उसे आश्चर्य हो रहा था. उसने कुम्हार को टोकते हुए कहा, "तुम काम में तत्परता दर्शाने के बजाय आराम फरमा रहे हो?" कुम्हार ने कहा, " जिसको लेना होगा, वह तो खरीद ही लेगा, आतुरता से आखिर क्या होगा?" "इस तरह आराम से पडे रहने से बेहतर है तुम ग्राहकों को पटाओ, उन्हें अपनी ये सुन्दर वस्तुएं बेचो. तुम्हें शायद मालूम ही नहीं, तुम्हारी ये कलाकृतियां विशेष और अभिन्न हैं. अधिक बेचोगे तो अधिक धन कमाओगे.", विदेशी ने कहा. कुम्हार ने पूछा, "और अधिक धन कमाने से क्या होगा?' विदेशी ने समझाते हुए कहा, "तुम अधिक धन कमाकर, इन वस्तुओं का उत्पादन बढा सकते हो, बड़ा सा शोरूम खोल सकते हो, अपने अधीन कर्मचारी, कारीगर रख कर और धन कमा सकते हो." कुम्हार ने पूछा, "फिर क्या होगा?" "तुम अपने व्यवसाय को और बढा सकते हो, देश विदेश में फैला सकते हो, एक बड़ा बिजनेस एम्पायर खड़ा कर सकते हो", विदेशी ने कहा. "उससे क्या होगा", कुम्हार ने फिर पूछा. विदेशी ने जवाब दिया, "तुम्हारी बहुत बड़ी आय होगी, तुम्हारे पास आलिशान सा घर, आरामदायक गाडियां और बहुत सारी सम्पत्ति होगी." कुम्हार ने फिर पूछा, "उसके बाद?"
" उसके बाद क्या, उसके बाद तुम आराम से जीवनयापन करोगे, आराम ही आराम, और क्या?" कुम्हार ने छूटते ही पूछा, "तो अभी क्या कर रहा हूं? जब इतना उहापोह, सब आराम के लिए ही करना है तब तो मैं पहले से ही आराम कर रहा हूं."
क्या पाना है, यदि लक्ष्य निर्धारित है, अन्तः सुख प्राप्त करना ही ध्येय है, तो भ्रमित करने वाले छोटे छोटे सुख साधन मृगतृष्णा है. वे साधन मार्गभ्रष्ट कर अनावश्यक लक्ष्य को दूर करने वाले और मार्ग की दूरी बढ़ाने वाले होते हैं. यदि सुख सहज मार्ग से उपलब्ध हो तो सुविधाभोग, भटकन के अतिरिक्त कुछ नहीं.

# बाल विवाह के अभिशाप से कब मुक्ति मिलेगी

**• समाज**

**अरविंद जयतिलक**

यह बेहद चिंताजनक है कि आजादी के साढ़े सात दशक गुजर जाने के बाद भी देश बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई बनी हुई है. 'द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित स्ट्डी में कहा गया है कि 2016 से 2021 के बीच, कुछ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में बाल विवाह की प्रथा आम हो गई है. स्ट्डी के मुताबिक मणिपुर, पंजाब, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल समेत आधा दर्जन राज्यों में बालिका विवाह के मामले बढ़े हैं, जबकि छत्तीसगढ़, गोवा, मणिपुर और पंजाब समेत आठ राज्यों में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि हुई है. यह स्ट्डी इसलिए विश्वसनीय है कि अध्ययन दल में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और भारत सरकार से जुड़े लोग शामिल थे. हालांकि स्ट्डी में पाया गया है कि बालिका और बाल विवाह में राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट आई है. स्ट्डी के मुताबिक बालिका विवाह की व्यापकता 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गई है, जबकि बाल विवाह की व्यापकता 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत हो गई है. लेकिन विडंबना यह है कि विगत वर्षों में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में जो उल्लेखनीय सफलता मिली है, वह 2016 से 2021 के बीच के वर्षों में थम गई है. यह पहली बार नहीं है, जब बाल विवाह के चिंतनीय आंकड़े सामने आए हैं. अभी गत वर्ष ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के नवीनतम जनसांख्यिकीय नमूना सर्वेक्षण से उद्घाटित हुआ था कि झारखंड में कम उम्र की लड़कियों की शादी का प्रतिशत सबसे अधिक है. बाल विवाह का राष्ट्रीय औसत जहां 1.9 प्रतिशत है, वहीं झारखंड राज्य का आंकड़ा 5.8 प्रतिशत है. उल्लेखनीय है कि यह सर्वेक्षण 2020 में कराया गया और उसके बाद भारत के महानिदेशक (जनगणना) और जनगणना आयुक्त द्वारा रिपोर्ट जारी की गयी. रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल राज्य की स्थिति भी अच्छी नहीं बताई गई थी. यहां जितनी शादियां होती हैं, उनमें से आधी युवतियों का विवाह 21 साल की उम्र पूरी करने से पहले हो जाता है. गत वर्ष पहले नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे से भी खुलासा हुआ था कि तमाम जागरूकता भरे कार्यक्रम और कड़े कानूनी प्रावधानों के बावजूद भी देश में बाल विवाह जारी है. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और गैर सरकारी संगठन यंग लाइव्स की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि गांव के साथ-साथ महानगर भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की चपेट में हैं. संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारत बाल विवाह के मामले में दूसरे स्थान पर है. भारत में दुनिया के 40 प्रतिशत बाल विवाह होते हैं. 49 प्रतिशत लड़कियों को विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाता है. यूनिसेफ के अनुसार राजस्थान में 82 प्रतिशत विवाह 18 साल से पहले ही हो जाते हैं. यह स्थिति तब है, जब भारतीय संविधान में विभिन्न कानूनों एवं अधिनियमों के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रावधान हैं. 1929 में हरविलास शारदा के प्रयत्नों से बाल विवाह निरोधक अधिनियम पारित हुआ, जिसे शारदा एक्ट के नाम से भी जाना जाता है, में प्रावधान है कि विवाह के समय लड़के की आयु 18 वर्ष तथा लड़की की आयु 15 वर्ष होनी चाहिए. इससे कम आयु के विवाह को बाल विवाह माना जाएगा. इस कानून के उल्लंघन पर 15 दिन का कारावास तथा एक हजार रुपया जुर्माना सुनिश्चित किया गया. लेकिन यह अधिनियम बाल विवाह रोकने में सफल नहीं हुआ. हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में भी लड़के व लड़की के विवाह की आयु 18 वर्ष और 15 वर्ष ही रखी गयी. मई, 1976 में इस अधिनियम में संशोधन कर विवाह की आयु 21 वर्ष और 18 वर्ष कर दी गयी. एक दूसरा कानून जो अस्तित्व में है, वह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 है. इस अधिनियम में बाल विवाह निरोधक अधिनियम में व्याप्त खामियों को दूर कर सुनिश्चित किया है कि एक ऐसी लड़की का विवाह जो 18 साल से कम की है और लड़के का विवाह जो 21 साल से कम का है बाल विवाह कहलाएगा. इस अधिनियम में बाल विवाह के आरोपियों को दो साल तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है. चिंता की बात यह कि बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रतिकूल असर पड़ रहा है. बाल विवाह के कारण शिशु मृत्यु दर और अस्वस्थता दर में भी वृद्धि हो रही है. इसके अलावा घरेलू हिंसा, लिंग आधारित हिंसा, बच्चों के अवैध व्यापार, लड़कियों की बिक्री में वृद्धि, बच्चों द्वारा पढ़ाई छोड़ने की आंकड़ों में वृद्धि, बाल मजदूरी और कामकाजी बच्चों का शोषण तथा लड़कियों पर समय से पहले जिम्मेदारी संभालने का दबाव भी बढ़ रहा है.

> राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और गैर सरकारी संगठन यंग लाइव्स की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि गांव के साथ-साथ महानगर भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की चपेट में हैं. संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारत बाल विवाह के मामले में दूसरे स्थान पर है. भारत में दुनिया के 40% बाल विवाह होते हैं. 49 % लड़कियों को विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाता है.

# बंगाल में गैर-भाजपा गठबंधन की तस्वीर

**• सामयिकी**

**एस.चक्रवर्ती**

इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है. इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा. अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं. वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी. वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं. 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है. 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई. इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं. वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं.
2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है. 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है. टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है. सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है. सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा. दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है. अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है. इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है. यह सीट अब भाजपा के पास है. कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है. लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी. ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं. टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है. 2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई. अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है.

> टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है.

## मीडिया में अन्यत्र

# बिटकॉइन की बढ़ती स्वीकार्यता

**बिटकॉइन** या अधिक व्यापक तौर पर कहें तो क्रिप्टोकरेंसी तेजी से 'मुख्य धारा की वैकल्पिक वित्तीय परिसंपत्ति' बनने की दिशा में अग्रसर है, क्योंकि यह पारंपरिक वित्तीय (या ट्राडफी) उपायों के जरिये आसानी से उपलब्ध है. अल सल्वाडोर की सरकार (जो बिटकॉइन को वैकल्पिक मुद्रा के रूप में स्वीकार करती है) ने बिटकॉइन 'वोल्कैनो' बॉन्ड जारी करने की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं.वैश्विक वित्तीय जगत की सबसे प्रमुख कंपनियों में से एक ब्लैकरॉक से हाजिर बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव अमेरिका के बाजार नियामक सिक्योरिटीज ऐंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की मंजूरी के लिए प्रतीक्षारत है. इसके अलावा नैस्डैक भी क्रिप्टोमाइनिंग पर केंद्रित कई कंपनियों को सूचीबद्ध कर रहा है.इन घटनाओं के बीच भारत को क्रिप्टोकरेंसी पर अपने नियामकीय रुख की समीक्षा करने तथा उसे स्पष्ट करने की आवश्यकता है. भारत ने जी20 देशों के घोषणापत्र दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं जो यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय नागरिकों द्वारा विदेशों में क्रिप्टोकरेंसी में किए जाने वाले लेनदेन के बारे में क्रिप्टो-असेट रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के तहत सूचित किया जाए.बहरहाल, इस बारे में स्पष्टता नहीं है कि भारतीय क्रिप्टोकरेंसी का क्या करें. हमारे यहां क्रिप्टोकरेंसी पर नियमन इन परिसंपत्तियों के कारोबार पर भारी भरकम कर के साथ समाप्त हो जाता है. इस बारे में नियमन कुछ नहीं कहता है कि इन डिजिटल उपकरणों को विभिन्न मुद्राओं में धनप्रेषण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं अथवा क्या ये वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में रुपये का विकल्प हो सकते हैं अथवा क्या इनको भारतीय कानूनों के अधीन कला से जुड़ी वस्तु माना जा सकता है.वर्ष 2023 में बिटकॉइन का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है. जनवरी से दिसंबर तक उसने डॉलर के हिसाब से 150 फीसदी प्रतिफल दिया है. अन्य क्रिप्टोकरेंसी का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है. निवेशक क्रिप्टो को 'डिजिटल स्वर्ण' के रूप में देखते हैं, जो मुद्रास्फीति से बचाव मुहैया कराती है. इसके अलावा क्रिप्टोकरेंसी कई अहम क्षेत्रों में उपयोगी साबित हुई है. (बिजनेस स्टैंडर्ड)



## शब्द चर्चा

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

### फकीर/फखीर

**भला** बुरा सबका सुन लीजे, कर गुजरान गरीबी में, मन लागो मेरा यार फकीरी में. यह हैं संत कवि कबीरदास, जिनका मन फकीरी में रम गया है. गरीबी में गुजरान करते हैं, फिर भी भला बुरा सबका सुन लेते हैं. आखिर क्यों? इसलिए कि इनका मन फकीरी में लग गया है. यानी कबीर बाबा पूरी तरह फकीर हो गये हैं. अब सवाल है कि फकीर कहते किसे हैं? फकीर अरबी मूल का हिंदी शब्द है. अरबी में इसे फक्र कहा जाता है, जिसका मतलब है गरीब. इस्लाम में सूफी सन्तों को इसीलिये फकीर कहा जाता था, क्योंकि वे गरीबी और कष्टपूर्ण जीवन जीते हुए दरवेश के रूप में आम लोगों की बेहतरी की दुआ मांगने और उसके माध्यम से इस्लाम पन्थ के प्रचार करने का कार्य मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में किया करते थे. आगे चलकर यह शब्द उर्दू, बांग्ला और हिन्दी भाषा में भी प्रचलन में आ गया. इसका शाब्दिक अर्थ भिक्षुक या भीख मांगकर गुजारा करने वाला हो गया। अपने देश भारत के हर क्षेत्र में हर समाज में फकीरों को खूब सम्मान देने की परंपरा है. हिंदी शब्द सागर के अनुसार फकीर संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका स्त्री रूप है फकीरन या फकीरनी. मतलब है भीख मांगने वाला,भिखमंगा, भिक्षुक. मुहावरा है फकीर का घर बड़ा है. मतलब फकीर को अपनी फकीरी की शक्ति से सबकुछ प्राप्त है. फकीर की सदा. मतलब मांगने केलिए फकीर की आवाज या पुकार. सुनने में कुछ हद तक मिलता-जुलता शब्द है फखीर. फारसी मूल का शब्द फखीर विशेषण के रूप में प्रयोग में लाया जाता है. हालांकि हिंदी में इस शब्द का प्रचलन फकीर जैसा नहीं है. फखीर का मतलब है अभिमानी, घमंडी. इस शब्द की व्युत्पत्ति फारसी के फखर शब्द से होती है, जो संज्ञा पल्लिंग है. फखर को फाखर या फख्र भी कहते हैं,जिसका अर्थ है अभिमान. फख्र शब्द का प्रयोग हिंदी में खूब होता है. जैसे हमें आप पर फख्र है.

# सवार हो गया ईमानदारी का भूत!

**• तीर-तुक्का**

**रवि प्रकाश**

मैं ईमानदार अधिकारियों को पसंद नहीं करता. कारण यह कि उनमें बुद्धि की कमी होती है. न रिश्वत लेते हैं, न अपनी कोठी बना पाते हैं. न विदेशों की मौज-मस्ती सही ढंग से कर पाते हैं. उन्हें रिश्वत दी जाती है, लेकिन वह इंकार कर देते हैं.यह भी कोई बात हुई? आती हुई लक्ष्मी को कोई ठुकराता है? इसी कारण इन ईमानदारों के घर में हमेशा गरीबी का वास रहता है. जब कलयुग के कायदे से नहीं चलोगे तो दुष्परिणाम तो भुगतना ही पड़ेगा. समाज का सीधा और साधा नियम है कि सुबह को दफ्तर में जाओ तो जेबे खाली हों और दिनभर में उन्हें इतना भर लो कि शाम तक जेबों में रुपए ठूंस ठूंस कर इतने भर दो कि जेबें फट जाएं. इसे कहते हैं ,बेईमानी से जिंदगी जीने के मजे. कुछ ईमानदार अफसर बिल्कुल बुद्धिहीन होते हैं. उन्हें न दुनिया से मतलब, न दुनियादारी से कोई मतलब. बस सत्य के स्वप्न में विचरण करते रहते हैं. अरे भाई ! ईमानदारी, साहस और चरित्र शब्दकोश की शोभा बढ़ाने वाले शब्द होते हैं. इनको अपनी कोठी के ड्राइंग रूम में शोकेस में सजा कर रखो. आने वाला हर व्यक्ति जब पूछे कि यह क्या है ? तो गर्व से बताना –'यह हमें अभिनंदन के समय मिले हुए स्मृति चिह्न हैं, जिन पर साहस-ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा लिखा हुआ है. इन शब्दों को हमने शोकेस में बंद करके रख दिया है, ताकि यह हमारे ड्राइंग रूम से बाहर न आ पाएं. हम इनके बिना ही दफ्तर में जाते हैं और सारी नौकरी बेईमानी के साथ आराम से काट लेते हैं.' बड़ी संख्या में लोग इसी प्रकार से जीवन यापन कर रहे हैं. जरा अकल से काम लो. किसी को पकड़ो और उसे आरोपी बनाओ तो कम से कम अपनी औकात देखो और सामने वाले की हैसियत का अनुमान लगाओ. तुम ठहरे एक मामूली सरकारी कर्मचारी. सामने वाला अरबों–खरबों का खेल खेलता है. तुम चाहते हो कि उसे पकड़कर कानून के हवाले कर दोगे ? रहने दो भाई ! यह तुम्हारे बस की बात नहीं है. पुरानी कहावत है कि कमजोर लोग कानून के शिकंजे में फंसते हैं और ताकतवर लोग कानून के शिकंजे को तोड़कर बाहर आ जाते हैं. उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाता. जरा सोचो! बड़े लोगों के पास पैसा किसलिए होता है? वे सबसे पहले तुम्हें रिश्वत दे रहे हैं, ताकि तुम सुगमता से उन्हें गैरकानूनी काम करने दो. लेकिन नहीं, तुम पर तो ईमानदारी का भूत सवार है. तुम रिश्वत के ऑफर को ठुकरा देते हो. जैसे कोई बहुत बड़ा तीर मार लिया. अरे! तुम नहीं लोगे तो रिश्वत कोई दूसरा लेगा, दूसरा नहीं लेगा तो तीसरा लेगा. इतना बड़ा समाज का ताना-बाना है,



# Her Story



विदूषा वाजपेयी

## क्योंकि तूफां से लड़ने का मजा कुछ और ही है

बिजनेसमैन पिता और हाउसमेकर मां की सबसे बड़ी संतान विदूषा वाजपेयी की परवरिश ऐसे माहौल में हुई जहां पैसे के लिए कभी थमना होता हो, ऐसा नहीं देखा. फिर भी जाने क्यों तब अच्छा नहीं लगता था जब किसी काम के लिए पिता से मांगना पड़े. समृद्ध माहौल में भी खुद की कमाई के लिए एक तलब सी थी दिल में. पर पिता के बिजनेस में नहीं, खुद का अपना कोई रास्ता तैयार कर मंजिल तक पहुंचने की चाहत थी. इसी चाहत में पुणे से एमबीए किया जहां कैंपस सलेक्शन में बैंक में नौकरी भी लगी.

यह जिंदगी के खूबसूरत मोड़ में से एक था जहां से सपनों की मंजिल नजदीक नजर आ रही थी. इसी बीच शादी भी हो गई. सब कुछ सही चल रहा था कि प्रेग्नेंसी में कुछ कॉम्पलिकेशन के लिए विदूषा को नौकरी छोड़नी पड़ी. खैर, पति का समर्थन और सहयोग साथ था तो हौसला भी नहीं छूटा था. बेटे का जन्म हुआ और वह धीरे-धीरे गोद से उतर कर अपने पांवों पर खड़ा होना सीखने लगा. इस बीच विदूषा भी अपने पांवों पर खड़े होने की पुरानी ख्वाहिश फिर से सहलाने लगीं.

रांची के कोकर में एक प्ले स्कूल की शुरुआत की. लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सकारात्मक आ रही थीं और उम्मीद थी कि अपने लगन से प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक मुकाम बना सकेंगी. पर एक बार फिर आर्थिक स्वाबलंबन की उनकी कोशिशों को वक्त की ठोकर लगी. दरअसल तभी कोविड का दौर शुरू हुआ जब लोग सबकुछ छोड़ कर चारदीवारी में कैद हो चुके थे. दूसरी बार थमना शायद कई के हौसलों को तोड़ देगा, पर विदूषा के मन-मिजाज कुछ अलग हैं. पिता के सामने हाथ फैलाने में झिझकने वाली विदूषा तमाम सहयोग व स्नेह भाव के बावजूद पति से अलग अपनी आर्थिक स्वतंत्रता चाहती थीं. वो किसी शायर ने कहा है ना कि- साहिल के सुकूं से किसे इंकार है लेकिन तूफ़ान से लड़ने में मज़ा और ही कुछ है...सो एक बार फिर तूफान से लड़ने का लुत्फ उठाने के लिए विदूषा खड़ी हुईं और इस बार प्ले स्कूल के साथ अपने हनी ब्रांड की भी शुरुआत की. बकौल विदूषा, यह महज शुरुआत है, आगे बिजनेस में और पंख फैलाने की ख्वाहिश है.



advt

## महिलाएं करती हैं फाइनेंस मिस्टेक्स

# अर्थ का है अर्थ



शिखर चंद जैन

अमेरिका में नेशनल सेंटर फोर वुमन एंड रिटायरमेंट रिसर्च द्वारा किये गए एक अध्ययन में पाया गया कि महिलाओं की फाइनेंशियल हैबिट्स और उनके व्यक्तित्व के बीच गहरा सम्बन्ध है. अमेरिका की फाइनेंशियल एडवाइजर, टीवी होस्ट, लेखिका और मोटिवेशनल स्पीकर सूज ओर्मैन कहती हैं कि पैसों की समस्या से हमारे सामान्य जीवन और संबंधों की कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं. अगर आप अपनी फाइनेंशियल स्थिति को मजबूत बना लें तो जीवन की कई समस्याएं खुद ब खुद सुलझने लगती हैं. आज के युग में पावर, रिलेशन, कंट्रोल सब कुछ पैसे पर निर्भर करता है. पैसे की ताकत में हमारा भरोसा और इसके प्रति इमोशनल अटैचमेंट तय करता है कि हम पैसों को कैसे हैंडल करते हैं, इसे खर्च करने में कैसी सावधानी बरतते हैं और इसे कमाने के लिए कितनी शिद्दत से मेहनत करते हैं. जाहिर है अर्थ (पैसा) का भी अर्थ (मायने) है. आइए, हम महिलाओं द्वारा की जाने वाली आम वित्तीय गलतियों पर करें चर्चा....

### शादी के बाद भूल जाती हैं खुद को

अच्छे एकेडमिक रिकॉर्ड, डिग्री और अच्छी पगार वाली जॉब होने के बावजूद ज्यादातर महिलाओं को विवाह के बाद अपनी फाइनेंशियल जरूरतों के लिए अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता है. बच्चे होने के बाद अधिकांश महिलाएं जॉब छोड़ देती हैं. कुछ तो अपने मर्जी से ज्वाइन नहीं करतीं, कुछ सास ससुर या पति के दबाव से या फिर बच्चों में ही अपना भविष्य देखने की वजह से भी रीज्वाइन नहीं करतीं. कई घर और ऑफिस दोनों जगह के दबाव को न झेल पाने की वजह से नौकरी छोड़ने के लिए बाध्य हो जाती हैं. हार्वर्ड केनेडी स्कूल के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा युवा और एकल महिलाओं पर किए गए अध्ययन एविडेंस फॉर पॉलिसी डिजाइन में भी यह तथ्य सामने आया है.

### कमाई के रास्ते रखिए हमेशा खुले

अक्सर महिलाएं अपने पति, बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति ज्यादा समर्पित रहती हैं और अपना काफी समय उन्हीं की देखरेख में बिता देती हैं. इससे उन्हें अपने फाईनेंस पर ध्यान देने और सही ढंग से कमाने का समुचित मौका और समय नहीं मिल पाता. आगे चलकर उन्हें अपनी इस भूल का अहसास तब होता है जब बच्चे बड़े होकर दूर चले जाते हैं, पति का कमाया धन खर्च हो चुका होता है और उसका रिटायरमेंट होने की वजह से आय या तो सिकुड जाती है या समाप्त हो जाती है. समय रहते महिलाएं अपनी वित्तीय स्थिति को लेकर गंभीर हो जाएं और शुरू से ही अपने कमाई के रास्ते बंद न करें, विवाह होते ही जॉब, बिजनेस या पार्ट टाइम अर्निंग बंद न करें, बच्चों के पालन-पोषण के लिए गए ब्रेक के बाद दोबारा जॉब ज्वाइन करने में आलस्य न करें तो उन्हें आगे चलकर किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा और मदद के लिए अपने बच्चों की ओर नहीं ताकना पड़ेगा या हीन भावना से ग्रस्त नहीं होना पड़ेगा.



### नहीं समझना चाहतीं फाइनेंस की बारीकियां

फाइनेंस से जुड़ी अहम बातों पर खास गौर न करना महिलाओं को भारी पड़ जाता है. कुछ बातों को वे हमेशा नजरअंदाज करती हैं. जैसे इमरजेंसी फंड की अहमियत, अपने एम्प्लोयर से मिलने वाली सुविधाओं व हक की जानकारी, अपने लिए जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा लेना, निवेश की अहमियत और निवेश के सही तरीके आदि. कुछ महिलाएं पूर्वाग्रह के कारण पढ़ी-लिखी होने के बावजूद इन्वेस्टमेंट आदि को जटिल मानती हैं और इस ओर कोई खास प्रयास ही नहीं करतीं. जबकि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है. वे चाहें और ज़रा दिलचस्पी लें तो टीवी पर बिजनेस चैनल देखने, बिजनेस पेपर पढ़ने और वित्तीय सलाहकार से विमर्श करके वे आसानी से सही निर्णय लेने में सक्षम हो सकती हैं.

### अपना पैसा, अपना कंट्रोल

खुद के फाइनेंस पर कंट्रोल न रखना भी महिलाओं की एक बड़ी भूल है. कम पढ़ी-लिखी या औसत कमाई करने वाली ही नहीं बल्कि ऊंचे ओहदे पर काम करने वाली माहिलाएं भी अक्सर अपनी पूरी कमाई अपने पति या बच्चों के सुपुर्द कर देती हैं. उन्हें कमाना तो आता है लेकिन अपने पैसे को सम्भालकर रखना, उसका निवेश करना नहीं आता. या फिर खुद को एक समर्पित पत्नी या मां कहलवाने का लालच भी उन्हें कई बार ऐसा करने को मजबूर कर देता है. वक्त आ गया है कि महिलाएं अपने पैसों की सार-सम्भाल स्वयं करें और उसे पूरी तरह अपने ही नियंत्रण में रखें.

### भविष्य के प्रति लापरवाही

कुछ महिलाएं अपने पैसे को अपने पास रखती हैं लेकिन उसे घरेलू सामान खरीदने, बेटे-बेटी के विवाह या फिर अपने शौक पूरा करने में खर्च कर डालती हैं. इससे पैसे पर कंट्रोल रखने का मकसद पूरा नहीं हो पाता. होना यह चाहिए कि उन्हें यह पैसा घर खर्च या अन्य मदों में न उड़ाकर कुछ सीमित राशि ही खर्च करनी चाहिए और बाकी के पैसे अपना भविष्य संवारने के लिए सुरक्षित रखने चाहियें और सही जगह निवेश करने चाहिए ताकि पैसे की ग्रोथ भी होती रहे.

### खुद के नाम से प्रोपर्टी लेने में संकोच

अपने नाम से प्रोपर्टी या निवेश से कतराना भी महिलाओं की एक बड़ी वित्तीय भूल है. जिसका खामियाजा ज्यादातर महिलाओं को कभी न कभी जरुर भुगतना पड़ता है. जब चीजें सही स्थिति में होती हैं और सब कुछ ठीक -ठीक चलता रहता है तो कई बार पति या बच्चे निवेश या प्रोपर्टी की खरीद या तो उनके नाम से करना चाहते हैं या फिर उन्हें पार्टनर बनाना चाहते हैं, लेकिन तब महिलाएं यह कहकर मना कर देती हैं कि मुझे मत डालो इन पचडों में. बाद में जब तलाक या अन्य कारणों से परिस्थितियां विपरीत होने लगती हैं तो उन्हें अपनी नादानी पर बड़ा पछतावा होता है.

## OK NOT OK

### सवैतनिक पीरियड लीव

पिछले दिनों केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला कर्मचारियों के लिए अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश के विचार पर अपना विरोध जताया. राज्यसभा में सांसद मनोज कुमार झा के एक सवाल का जवाब देते हुए ईरानी ने कहा कि मासिक धर्म जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है और इसे विशेष अवकाश प्रावधानों की आवश्यकता वाली बाधा के रूप में नहीं माना जाना चाहिए. इस बयान के साथ ही एक बार फिर हमारे उन दिनों पर छुट्टी हो या नहीं, इस पर बहस चल पड़ी है.



It's okay

रश्मि सिंह

"मासिक धर्म के दौरान आराम देने की परंपरा हमारे यहां हमेशा से रही है, तब भी जब स्त्रियां खेतों में दिन भर काम करती थीं. ये तो उनका नैसर्गिक अधिकार है. इस आधार पर उन्हें सवैतनिक छुट्टी मिलनी चाहिए. बेशक आधुनिक आविष्कारों की बदौलत अब इस दौरान सहज सामान्य जीवन जीना संभव है, फिर भी कई को बहुत शारीरिक-मानसिक परेशानी रहती है."



It's okay

सुषमा झा

"इन दिनों सवैतनिक छुट्टी महिलाओं को मिलनी चाहिए. इस समय महिलाएं काफी तकलीफ में रहती हैं. कभी- कभी असह्य पीड़ा से गुजरना पड़ता है. ये समय काफी स्वच्छता बरतने का होता है और एक विशेष सतर्कता बरतते हुए अपने कार्य स्थल पर कार्य करना वाकई प्रत्येक महिला के लिए चुनौतीपूर्ण होता है. सवैतनिक छुट्टी लागू कर इन को कुछ हद तक राहत दी जा सकती है."



It's not okay

मीरा सिंह

"पीरियड्स के दिनों में सवैतनिक छुट्टी नहीं मिलनी चाहिए. पीरियड्स में छुट्टी का सवैतनिक अधिकार अगर सभी कामकाजी महिलाओं को चाहिए तो अपने अधिनस्थ काम करने वाली उन सारी महिलाओं पर भी ध्यान देना होगा जो उनके घर खाना बनाने या सफाई करने का काम करती हैं, क्या वो उन पांच दिन की सवैतनिक छुट्टी उन्हें भी दे पाएंगी, क्योंकि न्याय का अधिकार तो सबको मिलना चाहिए."



It's okay

सुनीता अग्रवाल

"पीरियड के दौरान महिलाओं को कई तकलीफ़ों से गुजरना होता है जिसके लिए उन्हें आराम करने की ज़रूरत होती है. ऐसे में कामकाजी महिलाओं के लिए काफी मुश्किल हो जाता है. कई बार इस कारण जहां टार्गेट पूरा करने का प्रेशर होता है, वहीं दौड़-भाग वाले कार्य भी करने होते हैं. ऐसे में सवैतनिक छुट्टी मिले तो काफ़ी सही निर्णय साबित होगा."



It's okay

डॉ दीप्ति वर्मा

"महिलाओं में पीरियड प्राकृतिक है. उस दौरान होने वाली परेशानियां भी स्वाभाविक हैं. इस समय अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है. कार्यस्थल की दूरी और व्यवस्था से ये सब प्रभावित हो सकता है. अतः इस दौरान महिलाओं को सवैतनिक छुट्टी जरूर मिलनी चाहिए."



It's okay

मंजुल शरण मंजू

"पीरियड के दौरान महिलाओं की शारीरिक-मानसिक अवस्था सामान्य दिनों से अलग होती है. कामकाजी महिलाओं के लिए यह समय मुश्किल भरा हो जाता है. सहकर्मियों के बीच, कार्य स्थल आने-जाने और शारीरिक समस्या जैसे दर्द, मूड खराब इत्यादि में सहज होना कठिन होता है. प्राचीन समय में भी दौरान इन्हें आराम दिया जाता था. सवैतनिक अवकाश देना सर्वथा उचित है."



It's okay

खुशबू बरनवाल 'सीपी

"मासिक धर्म के समय बहुत देर एक स्थिति में बैठे रहना, एकाग्रचित होकर काम करना कई बार बेहद कठिन होता है. सवैतनिक छुट्टी केवल कामकाजी महिलाओं को ही नहीं बल्कि घरेलू सहायिकाओं के लिए भी जरूरी है. संभव नहीं हो तो कम से कम वर्क फ्रॉम होम या ऑफिस के रिलैक्स रूम में काम का ऑप्शन होना चाहिए."

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ठंड का यह मेरा ब्यूटी सीक्रेट

**ठंड के मौसम में त्वचा और बालों की देखभाल के लिए थोड़ी अधिक केयर की दरकार होती है. वैसे तो मार्केट में एक से एक क्रीम, साबुन, तेल, लोशन उपलब्ध हैं, पर हमेशा से हम महिलाओं के लिए ठंड का एक अपना ब्यूटी सीक्रेट होता है जो चुपके से हमारी त्वचा-बालों को निखार देता है. ऐसे ही सीक्रट आज शेयर कर रही हैं हर स्टोरी की रीडर्स.**



### कॉफी-दही का कमाल



मिनाती चंदा



कॉफी पाउडर में में जरा सा दही मिला कर चेहरे पर मसाज करने से सर्दियों में गजब का ग्लो आता है. इसके बाद चेहरा साफ पानी से बस साफ कर लें. चमक बढ़ जाएगी. इसके अलावा मैं ठंड के दिनों में कुमकुमादि तैल का उपयोग करती हूं. सुबह ब्रश करने के बाद चेहरे पर दो तीन बुंद कुमकुमादि तैल से हल्का मसाज करती हूं जिसका बहुत अच्छा प्रभाव त्वचा पर दिखता है.

### शहद-तुलसी का रस



अर्पणा बहादुर



सर्दियों में त्वचा में डेड सेल्स की समस्या होती है. इसलिए मैं अच्छी कंपनी का स्क्रबर नियमित इस्तेमाल करती हूं. मेरी त्वचा नॉर्मल है. तो हर दूसरे दिन शहद में जरा सा तुलसी का रस मिल कर हल्का मसाज ही बेहतर परिणाम दे जाता है. इसके अलावा शैंपू करने के बाद आधा कप सिरका में पानी मिला कर बालों की कंडिशनिंग करती हूं.

### फटी एड़ियों के लिए खास मिश्रण



रानी प्रसाद

फटी एड़ियों की समस्या इन दिनों आम है. इसके लिए मैं एक खास मिश्रण घर में ही तैयार करती हूं जो गजब का परिणाम देता है. एक कप मोमबत्ती की खुरचन में आधा कप फ्रेश एलोवेरा जेल, एक कप नारियल तेल और आधा कप सरसो तेल डाल कर दस-12 मिनट गैस पर लगातार चलाते हुए चढ़ाती हूं. जब मिश्रण मिक्स हो जाता तो किसी कंटेनर में स्टोर करने के लिए रखती हूं और इसे भी लगातार चलाती रहती हूं जब तक कि पूरा जम नहीं जाए. रात में सोते समय या सुबह नहाने के बाद इस मिश्रण को लगाएं तो कितनी भी फटी एड़ी है, हफ्ते भर में चिकनी हो जाएगी. हाथों पर भी इसका इस्तेमाल बेहतर परिणाम देगा.



चेहरे के लिए बादाम रोगन तेल में ग्लिसरीन, एलोवेरा जेल और विटामिन ई के कैप्सूल मिला कर किसी बोतल में स्टोर कर लें. इसे रात में सोते समय लगाएं. किसी भी महंगे क्रीम मॉइश्चराइजर से बेहतर परिणाम नजर आएगा.

### बेसन-मलाई का जादू



पुष्पा पांडेय

मैं ठंड के दिनों में खासतौर पर कोई भी केमिकल यहां तक की बाजार के साबुन-मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल करने से बचती. प्रतिदिन नहाने से पहले नारियल तेल से चेहरे और हाथ-पैर आदि की मालिश करती हूं. हर दूसरे दिन बेसन, मलाई, नींबू के रस और हल्दी के मिश्रण को त्वचा पर थोड़ी देर के लिए लगाती हूं और फिर स्क्रब कर धो लेती हूं. साबुन सप्ताह में एक बार लगाती हूं. बालों के लिए हर्बल शैंपू का इस्तेमाल करती हूं. इससे इस उम्र में भी मेरी त्वचा का अलग ही ग्लो है.



### शहद-मलाई फेस पैक



बिंदू प्रसाद रिद्धिमा

खूब गुनगुने पानी पीती हूं. धूप में निकलने पर सनस्क्रीन एसपीएफ 40 से ज्यादा वाली क्रीम लगाती हूं. मेरा मॉइश्चराइजर गुनगुना नारियल का तेल होता है जो नहाने से पहले लगाती हूं. कभी-कभी शहद और मलाई का फेस पैक चेहरे पर लगाती हूं. हाथों और पैरों पर कभी कभी ग्लिसरीन भी लगाती हूं. खूब ठहाके लगाती हूं जिससे स्किन के पोर्स खुलकर निखरते हैं.



### टमाटर-आटे का पैक



अर्चना चौबे

एलोवेरा का पौधा घर में रखी हूं जिसका फ्रेश जेल निकाल कर नारियल तेल में मिलाती हूं और जब मौका मिले, बालों व चेहरे पर इससे मसाज करती हूं. चेहरे के ग्लो के लिए बेसन में दही, हल्दी मिला कर हफ्ते में दो-तीन दिन चेहरे पर लगाती हूं और सूखने पर धो लेती. सनटैन हटाने के लिए आटे में नींबू का रस, टमाटर का रस व हल्दी मिला कर लगाती हूं. इससे चेहरे की पूरी गंदगी भी हट जाती है.



## ब्रीफ खबरें

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**अररिया।** नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है. न्यायालय के पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अजय कुमार की अदालत ने ये सजा सुनाई है. इसमें न्यायालय ने दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का सश्रम कारावास और पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है. जुर्माना नहीं देने पर दोषी को तीन महीने और जेल में रहना होगा. इसके साथ विशेष न्यायाधीश ने विक्टिम कंपनसेशन एक्ट के तहत पीड़िता के लिए पांच लाख रुपये प्रतिकर देने का भी आदेश दिया है. बता दें की महिला थाना में 2020 में सिकटी की पीड़ित ने एक शख्स पर दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था.

### आभूषण दुकान में ज्वेलरी-नकदी की चोरी

**बेगूसराय।** बेगूसराय के भगवानपुर थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा में चोरों ने एक आभूषण दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है. चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है, जहां वह आराम से दुकान में चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं. इस घटना में चोरों ने तकरीबन 4 लाख के सोने चांदी के जेवरात और दस हजार नगद की चोरी की है. सूर्यपुरा बाजार स्थित शालनी अलंकार ज्वेलर्स में सोमवार देर रात चोर वेंटीलेशन के माध्यम से अंदर आए और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर अपने साथ ले गए. बता दें कि सोमवार रातदुकान बंद कर घर चला गया.

### 14 साल पुराने हत्या कांड में 4 दोषी करार

**रोहतास।** जिला मुख्यालय सासाराम स्थित रोहतास व्यवहार न्यायालय ने 14 साल पुराने एक हत्या के मामले में आरोपियों को दोषी करार दिया है. दरअसल, अपर सत्र न्यायाधीश तीन के न्यायालय ने सोमवार को 2009 के मामले में चार आरोपियों को दोषी करार दिया. अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक अनिल सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर 14 साल पहले सासाराम रेल थाना में दर्ज हुई थी. पूरा मामला 20 फरवरी 2009 का है. अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक अनिल सिंह ने बताया कि हत्या का कारण संपत्ति हड़पना था.

### बोधगया में पहला अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम 20 से 23 दिसंबर तक, दलाई लामा करेंगे उद्घाटन

# 33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान रखेंगे विचार

**संवाददाता। गया**



बौद्ध धर्म गुरु सह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और बौद्ध केंद्र के सहयोग से 20 से 23 दिसंबर के मध्य प्रथम अंतराष्ट्रीय संघ फोरम (आईएसएफ) का आयोजन होगा. यह कार्यक्रम बिहार के बोधगया में आयोजित होगा, जिसमें 33 देशों के दो हजार बौद्ध धर्म के विद्वान विचार रखेंगे. इसका उद्घाटन दलाई लामा करेंगे. आईएसएफ ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि दलाई लामा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बौद्ध नेताओं की मौजूदगी में एक सभा होगी. यह आयोजन भारत, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, बांग्लादेश और इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व और दक्षिण एशियाई देशों के पाली परंपराओं के कलाकारों के साथ-साथ तिब्बत से संस्कृत परंपरा के कलाकारों के एक साथ आने का भी गवाह बनेगा. इसके अलावा भूटान, नेपाल, वियतनाम, चीन, ताइवान, जापान, कोरिया, रूस, मंगोलिया और दुनिया के अन्य हिस्सों से भी कलाकार शामिल होंगे.

**खास बातें**

- आईएसएफ ने कहा–सीएम नीतीश भी होंगे शामिल
- कई देशों के कलाकार इसमें होंगे शामिल

कहा गया है कि आईएसएफ का लक्ष्य विनय नियमों के जटिल पहलुओं पर बातचीत को बढ़ावा देना और 21वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका का पता लगाना है. कार्यक्रम के पहले तीन दिनों में भिक्षुओं, ननों और भिक्षु विद्वानों के बीच चर्चा होगी. इसमें बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी. चर्चाओं के बाद मंच के समापन के अंतिम दिन बोधगया के प्रतिष्ठित महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा होगी.

उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिसंबर में भारत सहित दुनिया भर से लगभग 5,000 भिक्षु और नन दो से 12 दिसंबर तक 18वें अंतरराष्ट्रीय टिपिटका जप कार्यक्रम के लिए बोधगया में एकत्र हुए थे. संगठन अंतरराष्ट्रीय भिक्षुओं को लाकर और उनकी शिक्षाओं को उनके मूल रूप में सुनाकर भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थानों के पुनरुद्धार की दिशा में काम करता है. यह संघ को एक साथ लाने और प्रतिष्ठित बौद्धों द्वारा धम्म वार्ता आयोजित करने का भी एक प्रयास है.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- शिवाजी के प्रशासन में पेशवा किसे कहा जाता था – **मुख्यमंत्री**
- बिहार में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला – **पटना**
- हनुकाह त्योहार किस समुदाय के लोग मनाते हैं – **यहूदी**
- पाटलिपुत्र के संस्थापक कौन थे – **उदयन**
- भारतीय संगीत का आदिग्रंथ किसे कहा जाता है – **सामवेद**
- बिहार में सबसे कम वर्षा वाला जिला – **औरंगाबाद**
- किस देवता के लिए ऋग्वेद में पुरंदर शब्द का प्रयोग हुआ है – **इंद्र**
- मारापी ज्वालामुखी कहां है, जहां विस्फोट हुआ – **इंडोनेशिया**
- ऋग्वेद में संपत्ति का प्रमुख रूप क्या है – **गोधन**
- बिहार में कहां हे उदयपुर वन्य जीव अभ्यारण्य – **पश्चिम चंपारण**

### एसआईटी ने गोपालगंज पुजारी हत्याकांड का किया खुलासा

# प्रेमिका ने पहले हत्या की फिर दोनों आंखें निकाली

**संवाददाता। गोपालगंज**

गोपालगंज के बहुचर्चित पुजारी मनोज हत्याकांड को लेकर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने बड़ा खुलासा किया है. मनोज की शादीशुदा प्रेमिका ने अपनी चाची और भाई की मदद से इस घटना को अंजाम दिया था. पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है. पुजारी अपनी शादीशुदा प्रेमिका को अश्लील वीडियो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था. इसी से परेशान होकर प्रेमिका ने अपनी चाची और भाई के साथ मिलकर अपने प्रेमी को उसकी गलती की सजा दी.

बताया कि प्रेमिका अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मायके आयी थी. इस दौरान पुजारी उसे ब्लैकमेल करने लगा. इसी बात को लेकर प्रेमिका गुस्सा गयी और उसकी हत्या करने की साजिश रची. उसने अपने प्रेमी को धोखे से घर बुलाया और चार दिनों तक उसे बंधक बनाकर रखा. इसके बाद उसकी बर्बरता से हत्या कर दी. इसके बाद उसकी जीभ व प्राइवेट पार्ट को काटा और फिर दोनों आंखें भी निकाल दी. इसके बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया. उक्त बातें सारण डीआईजी विकास कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बतायी.



**भड़कुईया गांव के समीप झाड़ी में मिला था शव**

गौरतलब है कि पुजारी मनोज का शव 16 दिसंबर को भड़कुईया गांव के समीप झाड़ी से बरामद किया गया था. पुजारी मनोज 10 दिसंबर को मांझागढ थाना क्षेत्र के दानापुर गांव स्थित शिव मंदिर से लापता हो गया था. इस मामले को लेकर उसके भाई अशोक ने थाना में शिकायत की थी. लेकिन पुलिस ने मामले में सुध नहीं ली. इसके बाद लापता होने के छह दिन बाद उसका शव बरामद हुआ. पुजारी की विभत्स तरीके से हत्या करने के बाद आक्रोशितों ने जमकर बवाल किया. लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया. पुजारी मनोज हत्याकांड को लेकर मांझा थाना में एफआईआर दर्ज की गयी थी. मामले की जांच के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था. जिसने मामले की जांच की और इस हत्याकांड के रहस्य से पर्दा उठाया.

### जमुई में जदयू नेता को मारी गोली

**जमुई।** जमुई में जदयू नेता को गोली मारी दी. घटना महिसौड़ी चौक के पास सोमवार रात की है. जदयू नेता पवन साह को गंभीर हालत में एक निजी क्लीनिक में लाया गया. यहां से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया. छाती और कनपटी में बदमाशों ने गोली मारी है. घटना को लेकर कारण पता नहीं चला है. दरअसल, पवन साह जदयू युवा नगर के अध्यक्ष हैं. महिसौड़ी निवासी पवन साह सोमवार को अपनी श्रृंगार की दुकान से रात में करीब 10 बजे पैदल ही घर लौट रहे थे. इसी दौरान महिसौड़ी चौक के पास बेखौफ बदमाशों ने पवन साह को गोली मार दी. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से स्वजनों ने निजी क्लीनिक में भर्ती कराया. यहां से गंभीर हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया. बताया जाता है कि घात लगाए बदमाशों ने पवन साह को देखते ही ताबड़तोड़ गोली चला दी. एक गोली कनपटी तो दूसरी छाती में लगी है. गोली लगने के बाद पवन साह जमीन पर गिर गए. जब तक स्थानीय लोग समझ पाते गोली मारकर बदमाश फरार हो गए.

### मुजफ्फरपुर में अपराधियों का तांडव

# तेल गोदाम में की ताबड़तोड़ फायरिंग

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के तेल गोदाम में फायरिंग की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश की गई. फायरिंग होते ही मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. पूरा मामला साहेबगंज थाना क्षेत्र के वैद्यनाथपुर गांव का है. जहां व्यवसायी काशी प्रसाद के तेल गोदाम में घुसकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया. बताया गया कि साहेबगंज में काशी प्रसाद का कई तरह का व्यवसाय है. उनके काशी धर्मकांटा के मास खाद्य तेल के गोदाम में फायरिंग हुई. घटना में गोदाम के अंदर मौजूद स्टाफ और अन्य लोग बाल-बाल बच गए. गोलीबारी की घटना को किस मंशा से अंजाम दिया गया है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिली है. मामले में काशी प्रसाद ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है. पीड़ित व्यवसायी ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि बाईपास रोड में काशी धर्मकांटा नाम की उनकी दुकान है, जिसका गोदाम वैद्यनाथपुर मुशहरी टोला रोड में है. स्टाफ दयाशंकर चार-पांच पलदारों के साथ पिकअप वैन पर माल लोड करा रहा था. गोदाम का गेट खुला था, तभी मुंह बांधे हुए बाइक सवार दो बदमाश अंदर घुस गये और पिस्टल निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी.

### खेल-खेल में कार का गेट हुआ लॉक

# कार में लगी आग, जिंदा जल गए भाई और बहन

**संवाददाता। पटना**

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी रामपुर इलाके में सोमवार देर रात खेल-खेल में कार का गेट ऑटो लॉक हो गया. इसके बाद अचानक कार में आग लग गयी और धूं-धूं कर जलने लगी. जिसकी वजह से कार के अंदर फंसे भाई-बहन जिंदा जल गये. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी. मृतक की पहचान संजीत राम का सात साल का बेटा राजपाल और उनके चचेरे भाई सुक्कन की 6 साल की बेटी सृष्टि के रूप में हुई है.

बताया जाता है कि संजीत ने तीन माह पहले ही सेकंड हैंड कार खरीदी थी. सोमवार को संजीत कार से आया था और घर के बाहर कार खड़ी की थी. इसी दौरान संजीत का बेटा राजपाल और उनके चचेरे भाई सुक्कन की बेटी सृष्टि कार में घुस गये. दोनों कार की पिछली सीट पर बैठकर खेल रहे थे. तभी कार अचानक से ऑटो लॉक हो गया. इसके बाद अचानक से कार में आग लग गयी और वह धूं-धूं कर जलने लगी. स्थानीय लोगों और परिजनों ने आग बुझाने में जुट गये. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. दोनों बच्चों को तुरंत कार से बाहर निकाला गया, लेकिन आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### तिहरे हत्याकांड : आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**लखीसराय ।** लखीसराय जिले में तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने करीब एक महीने तक पुलिस को चकमा देने के बाद मंगलवार को एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखीसराय जिले में कबैया पुलिस चौकी क्षेत्र के एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की हत्या के मुख्य आरोपी ने अदालत में मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी आशीष चौधरी की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था. इस कांड में आशीष चौधरी के तीन सहयोगियों की पहले ही गिरफ्तारी की जा चुकी है. पुलिस ने एक बयान में बताया कि इस घटना में प्रयुक्त एक हथियार, खोखा एवं कारतूस को जब्त कर जांच के लिए भजा गया है.

## कारोबार

### स्पाइसजेट ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई

**नयी दिल्ली।** एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने गो फर्स्ट का अधिग्रहण करने में रुचि व्यक्त की है और दिवालिया विमानन कंपनी की उचित जांच-पड़ताल के बाद प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है. गो फर्स्ट ने 'प्रैट एंड व्हिटनी इंजन' समस्याओं के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट के बीच तीन मई से उड़ान सेवाएं बंद कर दी थी. कंपनी अभी दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है. स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर के समक्ष रुचि व्यक्त की है.

### जेबी फार्मा ने 1,089 करोड़ के किए समझौते

**नयी दिल्ली।** जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (जेबी फार्मा) ने चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के लिए नोवार्टिस के साथ प्रचार व वितरण समझौते के साथ-साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौता किया है. समझौते कुल 1,089 करोड़ रुपये के हैं. जेबी फार्मा ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने 19 दिसंबर 2023 को हुई बैठक में चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के खंड के लिए नोवार्टिस इनोवेटिव थैरेपीज एजी के साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौते के निष्पादन को मंजूरी दे दी.

### स्मार्टवर्ल्ड 3,200 करोड़ करेगी निवेश

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स मजबूत मांग के बीच अपने कारोबार का विस्तार करने के मकसद से गुरुग्राम में एक लक्जरी हाउसिंग परियोजना के लिए अगले पांच साल में करीब 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. कंपनी ने गुरुग्राम के सेक्टर 66 में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड में एक नई आवासीय परियोजना 'स्मार्टवर्ल्ड द एडिशन' पेश की है. यह परियोजना 10 एकड़ में फैली हुई है और इसमें करीब 900 लक्जरी फ्लैट शामिल हैं. इन अपार्टमेंट को 5.5 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है.

### भारतीय अर्थव्यवस्था पर आईएमएफ की असिस्टेंट डायरेक्टर नाडा बोले

# भारत इस साल ग्लोबल ग्रोथ में 16% योगदान देगा

**भाषा । नयी दिल्ली**

इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड यानी आईएमएफ ने भारत को स्टार परफॉर्मर बताया है. आईएमएफ ने कहा कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ में भारत 16% से अधिक योगदान दे सकता है. डिजिटलीकरण और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों के कारण भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है. आईएमएफ की असिस्टेंट डायरेक्टर नाडा चौएरी ने कहा कि हम पिछले कुछ समय से देख रहे हैं कि भारत बहुत मजबूत दर से बढ़ रहा है. जब हम समकक्ष देशों को देखते हैं और वास्तविक विकास की बात आती है तो यह स्टार परफॉर्मेंस करने वालों में से एक के रूप में दिखाई देता है. यह सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजारों में से एक है. आईएमएफ ने सोमवार को भारत के साथ अपना सालाना आर्टिकल-IV परामर्श जारी करते हुए कहा कि भारत इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है. हालांकि, नाडा चौएरी ने कहा कि भारत को ग्लोबल ग्रोथ स्लोडाउन सहित ग्लोबल एडवर्सिटीज का सामना करना पड़ रहा है.




**डूब रही चीन में रियल एस्टेट कंपनियां**

दूसरी ओर आईएमएफ के इस कथन पर भारत को लेकर चीन क्या सोचता है यह किसी से छिपा नहीं है. एक ओर चीन की इकॉनमी डूब रही है. चीन में रियल एस्टेट कंपनियां डूब रही हैं. चीन का बैंकिंग सेक्टर लड़खड़ा रहा है. चीन का निर्यात घट रहा है. विदेशी कंपनियां चीन से बाहर निकालकर भारत की ओर अपने कदम बढ़ा रही हैं. भारत चीन का विकल्प बनता जा रहा है. विदेशों से भारत के संबंध सुधर रहे हैं. तमाम एजेसियां भारत के विकास दर के अनुमान को बढ़ा रही है तो वहीं चीन का ग्रोथ अनुमान घट रहा हैं. ऐसे में दक्षिण एशिया में भारत की मजबूती चीन की चिंता बढ़ा सकता है.

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कोरोना महामारी से भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से उभरी है. वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, हेडलाइन इन्फेशन कम हो गई है और बजट घाटा कम हो गया है. हालांकि, पब्लिक डेट हाई पर बना हुआ है. एक सवाल का जवाब देते हुए चौएरी ने कहा कि निवेश और विकास के लिए राजनीतिक स्थिरता महत्वपूर्ण है. कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, लेकिन कई राज्यों में अभी भी बहुत नौकरशाही और बहुत अधिक लालफीताशाही है. वहीं, आईएमएफ ने कहा कि यदि व्यापक सुधार किए जाते हैं तो भारत में एक्स्ट्रा लेबर और ह्यूमन कैपिटल की मदद से हाई ग्रोथ एक्सपीरिएंस करने की कैपेसिटी है. दो महीने पहले 10 अक्टूबर को आईएमएफ ने फाइनेंशियल ईयर-2024 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 6.1% से बढ़ाकर 6.3% कर दिया था. अक्टूबर 2023 की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) रिपोर्ट में आईएमएफ ने इस बात की जानकारी दी थी.

इससे पहले जून में भी भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 0.20% बढ़ाकर 6.1% किया था.

**घाटा कम**

- भारत सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजारों में एक
- कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के कदम उठाए

### वेदांता को एनसीडी के जरिए 3,400 करोड़ जुटाने की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** खनन समूह वेदांता लिमिटेड के निदेशक मंडल द्वारा गठित निदेशकों की एक समिति ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिए 3,400 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दे दी है. कंपनी निजी नियोजन के आधार पर एक या अधिक बार में गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जारी करेगी. वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, निदेशकों की विधिवत अधिकृत समिति ने मंगलवार को अपनी बैठक में निजी नियोजन के आधार पर अंकित मूल्य के 3,40,000 सुरक्षित, बिना रेटिंग वाले, असूचीबद्ध, प्रतिदेय, गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) जुटाने पर विचार किया और मंजूरी दे दी. इसकी कुल कीमत 3,400 करोड़ रुपये बैठती है. वेदांता समूह की प्रमुख कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) ने पिछले सप्ताह ही बताया था कि वह अपने कर्जों की अदायगी के लिए 1.25 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल करने में सफल रही है. कंपनी ने कहा था कि इस वित्तपोषण से उसे दीर्घकाल में टिकाऊ पूंजी ढांचा खड़ा करने में मदद मिलेगी.

# कमजोर हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को सोने की कीमत 121 रुपये की गिरावट के साथ 62,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी, 2024 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 121 रुपये यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसमें 14,771 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,038.60 डॉलर प्रति औंस रह गया.

### मजबूत हाजिर मांग से चांदी वायदा कीमतों में आई तेजी



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 90 रुपये की तेजी के साथ 74,500 रुपये प्रति किग्रा हो गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मार्च, 2024 महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 90 रुपये यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया. इसमें 13,749 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में मजबूती के रुख के कारण कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 24.19 डॉलर प्रति औंस हो गयी.

### जापान अर्थव्यवस्था | निवेशकों और विश्लेषकों का मानना है कि मूल्य वृद्धि के कारण होगा बदलाव

# केंद्रीय बैंक ने अपनी नकारात्मक ब्याज दर को रखा अपरिवर्तित

**एजेंसी। बैंकॉक**

बैंक ऑफ जापान (बीओजे) ने अपनी ऋण नीति को मंगलवार को अपरिवर्तित रखा और कहा कि वह अपनी नकारात्मक ब्याज दर बढ़ाने से पहले कीमत व वेतन रुझानों पर नजर रखेगा. बीओजे से इसी फैसले की उम्मीद की जा रही थी. हालांकि निवेशकों और विश्लेषकों का मानना है कि केंद्रीय बैंक मूल्य वृद्धि के कारण बदलाव की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिससे मुद्रास्फीति अपने दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी है.

बीओजे के मंगलवार के फैसले के बाद जापानी येन के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में तेजी आई और शेयरों की कीमतें बढ़ गईं. नकारात्मक 0.1 प्रतिशत की नीतिगत दर का उद्देश्य बैंकों को अधिक ऋण देने और व्यवसायों तथा उपभोक्ताओं को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करना है.



जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी है लेकिन अमेरिका की तुलना में बहुत धीमी गति से साथ ही अमेरिकी डॉलर, जापानी येन के मुकाबले चढ़ा है. इससे येन की क्रय शक्ति कम हो गई है, जिससे ऊर्जा तथा अन्य वस्तुओं की लागत बढ़ गई है. अमेरिकी डॉलर के जापानी येन के मुकाबले चढ़ने की वजह मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए दरें बढ़ाना है. बीओजे के गवर्नर काजुओ उएदा दरें बढ़ाने को लेकर सतर्क हैं. उनका कहना है कि वेतन वृद्धि बढ़ती कीमतों से पीछे रह गई है और मुद्रास्फीति का तय लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है. केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि आवास निवेश कमजोर बना हुआ है और सरकारी खर्च सपाट है. बीओजे ने बयान में कहा, देश और विदेश में अर्थव्यवस्थाओं तथा वित्तीय बाजारों को लेकर अत्यधिक अनिश्चितताओं के बावजूद बैंक धैर्यपूर्वक मौद्रिक सहजता जारी रखेगा. केंद्रीय बैंक अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है, लेकिन मात्रात्मक सहजता के अपने मौजूदा रुख को छोड़ने की जल्दबाजी नहीं करेगा.

**खास बातें**

- मंगलवार को जापानी येन के मुकाबले डॉलर में तेजी आई
- केंद्रीय बैंक अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है

# ओएनडीसी ने मेटा के साथ की नयी साझेदारी की घोषणा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




मेटा और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने मंगलवार को एक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा. इस साझेदारी का मकसद छोटा कारोबार चलाने वालों को शिक्षित करना है, ताकि वे मेटा के व्यवसाय और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के जरिए व्हाट्सएप पर खरीदारों से बेहतर ढंग से जुड़ सकें. ओएनडीसी इन व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं को विक्रेता ऐप बनने में मदद करेगा, उन्हें ओएनडीसी नेटवर्क पर लाएगा और कारोबार संचालित करने में मदद करेगा. बयान में कहा गया कि अगले दो वर्षों में मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के जरिये पांच लाख एमएसएमई को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जाएगा. यह पहल देश में एक करोड़ छोटे व्यवसायों को प्रशिक्षित करने की मेटा की योजना का हिस्सा है. मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने कहा कि ओएनडीसी के साथ साझेदारी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के लिए सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है.

## ब्रीफ खबरें

### स्टूडेंट्स भिड़े, छापेमारी में शराब बरामद

**कांके।** एनयूएसआरएल में सोमवार की शाम कुछ स्टूडेंट्स आपस में भिड़ गए. मारपीट में कुछ घायल भी हो गए. घायलों को इलाज के लिए युनिवर्सिटी प्रशासन के द्वारा कांके जनरल हास्पिटल भेजा गया. देर रात उनको वापस हॉस्टल ले आया गया. मारपीट शराब पीने के बाद हुए किसी बात पर हुआ. घटना के बाद स्टूडेंट्स के कमरों की तलाशी ली. वहां से शराब की कई बोतलें बरामद हुई हैं.

### आजसू ने कंबल का वितरण किया

**नामकुम।** प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत के बजरंग बली मन्दिर परिसर एवं तेतरी गांव प्रभारी,पप्पू सिंह,वार्ड सदस्य सोभा मुण्डा, गायत्री देवी, गीता देवी,सुनीता देवी एंव पंचायत समिति सदस्य रोजलिन तिर्की के अगुवाई में बढ़ते ठण्ड को देखते हुए,वृद्ध महिला पुरूष को आजसू पार्टी के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया.आजसू रांची जिला उवरीय पाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है. मौके जितेन्द्र सिंह,लक्ष्मण महतो,प्रदीप तिर्की घुमेश्वर महतो एवं सैकड़ों ग्रमीण उपस्थित थे.

### विहिप और बजरंग दल की बैठक संपन्न

**बुंडू।** विशाल क्लब दुर्गा मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक आयोजित हुई. बैठक में मुख्य अतिथि कैलाश केशरी महानगर अध्यक्ष रांची एवं रतन केशरी, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख रांची के उपस्थिति में जिला सहमंत्री राजीव कुमार झा के द्वारा ताऊ पंचायत समिति का गठन किया गया.पंचायत समिति अध्यक्ष शिवनारायण महतो, मंत्री दिलीप कुमार महतो, बजरंग दल संयोजक,कुश कश्यप, मातृशक्ति प्रमुख चिंता देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मुस्कान कुमारी, सिकंदर महतो ,को घोषित किया गया.

### मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय कुटे पंचायत के कुटे गांव में पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के बीच प्रभारी मुखिया नाजरीन परवीन ने पोशाक वितरण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही पोशाक, किताब, छात्रवृत्ति वितरण योजना सराहनीय है.यह योजना गरीब अभिभावकों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है. इन योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है.

### जय गुरुदेव के भक्तों ने किया कंबल वितरण

**बेड़ो।** जय गुरुदेव आश्रम के सदस्यों ने तीन प्रखंडों में मंगलवार को मांडर,लापुंग व बेड़ो प्रखंड के 24 गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया 1 इस दौरान सदस्यों ने जरियाडीह, कटर माली, टेंगरिया, नहरटोली, दरहाटांड़ ,सरनाटोली, पीपर टोली, मासू, मुड़ामू , गड़गांव बेड़ो, डूमरटोली, पुरियो, कठर टोली, विसाहा खटंगा, दर्जीजाड़ी, महुआजाड़ी, जोल्हाटोली नवा टोली, ददगो , बलांदु,चपा टोली, दरंदा, तेतरा,नदी टोली आदि गांवों में कंबल का वितरण किया.

### कांके के चौक चौराहों में नहीं जला अलाव

**कांके।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड . लेकिन कांके तथा आसपास के प्रमुख चौक चौराहों तथा सीआईपी, रिनपास जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के निकट शाम में अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे बाहर से आने वाले लोग ठंड का शिकार नहीं बनें. बताते चलें कांके क्षेत्र में बीएयू, सीआईपी, रिनपास तथा जुमार और पोटपोटो नदी के आसपास के इलाकों में ठंड का प्रभाव कहीं अधिक पड़ता है. अभी कांके का तापमान गिरकर चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है.

### एनसीसी कैडेट्स ने कपड़ा वितरण का किया आयोजन

**ओरमांझी।** आरटीसी आईटी के एनसीसी 3 झारखंड बटालियन के कैडेटों ने सोमवार को एनसीसी द्वारा वर्ष के अंत की गतिविधियों को चिह्नित करने के लिए कपड़ा वितरण की योजना बनाई. यह गतिविधि आरटीसीआईटी के एनसीसी कैडेटों द्वारा की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में से एक है. क्योंकि यह हर साल कपड़ा वितरण की जाती है. एएनओ आस्था प्रिया एवं नंदकिशोर , महेंद्र , सुनील द्वारा सहायता प्रदान की गई.

---

लापुंग के अकमरोमा और डाडी.रामाटोली में जंगली हाथियों ने किसानों पर बरपाया कहर

## अकमरोमा और रामाटोली में जंगली हाथियों ने बरपाया कहर

संवाददाता।लापुंग



**खास बातें**

- खेतों में रखी 55 पैकेट बोराबंद शकरकंद को बर्बाद किया
- खेतों में खड़ी फसलों पर भी ढाया कहर,लाखों का नुकसान

लापुंग प्रखंड के अकमरोमा एवं डाडी. रामाटोली गांव में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया और किसानों के फसलों को बर्बाद किया. पोकटा जंगल और बांध की ओर से अकमरोमा में देर रात तीन जंगली हाथी पहुंचे और खेत में सकरकंद की खेती को रौंद डाला. कृष्णा साहु के खेत में बोरा बंद पैकेट किए गए 55 पैकेट शकरकंद को जमकर खाया और बुरी तरह बर्बाद कर दिया. वहीं सुरेश साहु और भीमा मुंडा के खेतों में लगी शकरकंद के फसल को बुरी तरह रौंद कर बर्बाद कर दिया. कृष्णा साहु ने बैंक से ऋण लेकर दो एकड़ में शकरकंद की खेती की थी. जबकि सुरेश साहु और भीमा मुंडा ने भी एक से डेढ़ एकड़ खेत में शकरकंद लगाया था. अकेले कृष्णा साहु को पचास हजार रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है. उधर डाडी. रामाटोली गांव में जंगली हाथियों ने राजू गोप पिता तुलसी गोप के घर के दरवाजे को तोड़कर घर के अंदर रखें धान को बोरा सहित बाहर निकाल कर खा गए. इससे राजू गोप को भी भारी नुक़सान उठाना पड़ा. वहीं रामाटोली गांव के आम बगीचा के निकट बांध के पास मनोज कुमार नाग पिता मंगल साहु के एक एकड़ खेत में लगी आलू की फसल को जंगली हाथियों ने बर्बाद कर दिया. जंगली हाथियों के उत्पात से किसानों को अब तक लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है. लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने वन विभाग से प्रभावित लोगों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है. जंगली हाथियों की धमक और उत्पात के संदर्भ में वन विभाग को जानकारी मिलने पर वनरक्षी सुभाष चन्द्र प्रमाणिक सहित कई कर्मी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया. लंबे समय के बाद जंगली हाथियों की धमक से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त हो गया है.

---

गूंज महोत्सव का दूसरा दिनः किसानों, पशु व कृषि सखियों को सम्मानित किया गया

## कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव की आवश्यकताः सुदेश महतो

संवाददाता।सिल्ली/मुरी





गूंज महोत्सव का दूसरा दिन किसानों को समर्पित रहा. महोत्सव में विधान सभा क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने सम्मानित किया. इनमें प्रखंड के 75 उत्कृष्ट किसान सम्मानित किए गए. महोत्सव के दौरान 22 किसानों के बीच 18 लाख 26 हजार रुपए का केसीसी वितरण भी कियाकृषि के क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए सिल्ली प्रखंड के झाबरी गांव को उन्नत कृषि विकास के लिए विभाग ने गोद लिया है. जबकि प्रखंड के 25 किसानों को राज्य के बाहर कृषि उन्नति की जानकारी लेने के लिए परिभ्रमण के लिए चयनित किया गया.

**किसान गोष्ठी का आयोजन :** किसान महोत्सव के मौके पर परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें अलग-अलग गांवों से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया. कृषि वैज्ञानिक प्रदीप सरकार ने किसानों को जैविक खेती से बेहतर उत्पादन करने के तरीके बताए. स्थानीय प्रगतिशील किसान उमेश कोइरी ने भी जैविक खेती पर अपने अनुभव से किसानो को उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी.

### कृषि के क्षेत्र में बदलाव की आवश्यकता : सुदेश

इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में क्रांति और बदलाव की आवश्यकता है. आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर झारखंड बनाने के लिए किसानों को तकनीकी रूप से प्रेरित करना और जोड़ना होगा. इसके साथ उनके लिए बाजार भी उपलब्ध कराना होगा. राज्य में उचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के चलते किसान चाह कर भी अपनी आमदनी नहीं बढ़ा पा रहे हैं. किसान जिन्होंने अपनी खेत छोड़ दिया है उन्हें वापस खेती की ओर लाना होगा.

### पशु और कृषक सखियों को भी मिला सम्मान

महोत्सव में प्रखंड के 45 पशु सखियों और 55 कृषक सखियों को सम्मानित किया गया. इन पशुसाखियों ने बकरी, मुर्गी पालन में तथा कृषि सखियों को जैविक खाद, सब्जी नर्सरी लगाने में सराहनीय योगदान दिया है. कार्यक्रम के दौरान जिला और पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

### किसान मेले का आयोजन

किसान महोत्सव के मौके पर कृषि मेला का आयोजन किया गया. इसमें किसानों ने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई .जिसे लोगों ने सराहा.

### बुंडू में संयुक्त किसान मोर्चा ने काला दिवस मनाया

**बुंडू।** बुंडू में शहीद बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल के समक्ष संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा लखिनपुर खिरी किसान नरसंहार के खिलाफ काला दिवस मनाया, एवं मोदी सरकार का पूतला फूंका. किसानों का हत्यारा गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा टोनी को बर्खास्त करो, गिरफ्तार करो, हत्यारा केन्द्रीय मंत्री का दो साल बाद तक गिरफ्तारी क्यों नहीं, मोदी सरकार जबाव दो, किसानों के फसलों के लिए एमएसपी क्यों नहीं मोदी सरकार ज़बाब दो, सर्वाधिक मंहगाई, बेरोजगारी, निजीकरण क्यों मोदी सरकार ज़बाब दो आदि नारे लग रहे थे. हत्यारा केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टोनी आज भी मोदी सरकार के मंत्री मंडल में शामिल हैं,यह मोदी सरकार के कानून व्यवस्था को उजागर करती है.

### पिपरवार के लोग तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित आस पास के क्षेत्रो के विभिन्न अंजुमन के लोग मंगलवार को चतरा के हंटरगंज मे एदारा शरिया द्वारा आयोजित तहरीक ए बेदारी कान्फ्रेंस मे शामिल हुए. पिपरवार क्षेत्र के बचरा अंजुमन, कल्याणपूर अंजुमन और न्युमंगरदाहा अंजुमन के लोग टंडवा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद ताज के नेतृत्व मे एक साथ चतरा के लिए रवाना हुए.इस संबंध मे बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने कहा कि टंडवा प्रखंड के सभी अंजुमन कमेटी के लोग एक साथ वाहनो पर सवार होकर तहरीक ए बेदारी कांफ्रेंस के लिए रवाना हुए.. बेहतर समाज के लिए इस तरह का आयोजन काफी जरूरी है.

## पीएम के सपनों को पूरा करना है : अलका तिर्की



संवाददाता।लापुंग

लापुंग प्रखंड के लतरातु एवं महुगांव पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. लतरातु एवं महुगांव पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम के कृषि वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को हम सभी को मिलकर पूरा करना है. इसके लिए यहां के किसानों को उन्नत तकनीक के माध्यम से उन्नत खेती खासकर ऑर्गेनिक खेती को अपनाना होगा. केंद्र सरकार ने किसानों की आय को चौगुना करने के लिए कई तरह की कार्यक्रम चला रखें हैं. तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती. कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षिका सोनी तिग्गा, आंगनबाड़ी सेविका रंजीता कुमारी, फूलजेंसिया आईंद, शांति धान, आशा लकड़ा, बहालेन होरो सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वहीं दूसरी ओर लतरातु पंचायत सचिवालय में अरसेन होरो, उप मुखिया सुखदेव उरांव, वार्ड सदस्य रेखा उरांव, बिगन देवी, रिंकी उरांव, अश्रिता खाखा, श्यामा मुंडा, गंदुर उरांव, श्यामलाल बडाईक, संदीप उरांव, बसंत उरांव, कर्मवीर तिर्की , लतरातु एवं बलांदु विद्यालय के दर्जनों छात्र छात्राएं सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे.

### मांडर कॉलेज के 54 छात्र परीक्षा दिए ही हुए प्रमोट

**रांची।** मांडर कॉलेज के 54 विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रमोट हो गया है. 54 छात्रों का प्रैक्टिकल लिए बिना ही परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. इन छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा रांची विश्वविद्यालय को लेना था. लेकिन विश्वविद्यालय ने प्रैक्टिकल की परीक्षा ली ही नहीं. ये सभी छात्र स्नातक सेमेस्टर 1 के हैं. इन छात्रों को स्टॉक मार्केटिंग विषय में प्रमोट कर दिया गया है. नियमतः परीक्षा दो चरण में होती है, पहले एक बार इंटरनल या प्रैक्टिकल परीक्षा होती है और एक एक्सटर्नल परीक्षा होती है. इन दोनों परीक्षाओं का नंबर जोड़कर रिजल्ट जारी किया जाता है. इंटरनल परीक्षा कॉलेज या विभाग स्तर से लिया जाता है. वहीं प्रैक्टिकल के लिए विश्वविद्यालय तिथि जारी करता है. इन दोनों परीक्षाओं का अंक जोड़कर रिजल्ट जारी किया जाता है. दोनों में से किसी एक में फेल होने पर उसे फेल या प्रमोट किया जाता है. मांडर कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार, 54 छात्रों का प्रैक्टिकल परीक्षा लेना था. लेकिन विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए बिना ही इसका रिजल्ट जारी कर दिया गया है.

## सुनील लोहरा की हैट्रिक गोल नामकुम क्वार्टर फाइनल में

संवददाता।सिकिदिरी

स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में मंगलवार को खेले गए 10 वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के एक तरफा मुकाबले में गत उपविजेता सावना लकड़ा एफसी नामकुम की टीम ने सुनील लोहरा की शानदार हैट्रिक गोल की बदौलत बीपीएसएस एफसी दुबलिया को 3-0 से हराकर कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली.पूरे खेल के दौरान सुनील लोहरा मैदान में छाए रहे.खेल के पहले हाफ में नामकुम की ओर से स्टार खिलाड़ी सुनील लोहरा ने15वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई.मध्यांतर तक नामकुम की टीम 1-0 से आगे थी.खेल के दूसरे हाफ में नामकुम की ओर से सुनील लोहरा ने फिर से 56वें और 59वें मिनट में हैट्रिक गोल कर अपनी टीम को 3-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी.सुनील लोहरा ने शानदार खेल से दर्शकों की वाहवाही लूटी.शानदार हैट्रिक गोल के लिए सुनील लोहरा को मुख्य अतिथि स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा व अतिथि कार्यपालक अभियंता संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया.इस से पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि फुटबाल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है.यह बहुत ही रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण खेल है.इस तरह के आयोजन से युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपने कौशल को बेहतर करने का मौका मिलता है.कहा कि कल यही युवा खेल के माध्यम से पूरी दुनिया में अपने राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे. मंच में अतिथि के रूप में आजसू के वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जितेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, भाजपा नेता राजनंदन साहू व कांग्रेस के युवा नेता गुलफाम आलम उपस्थित थे.

---

धनबाद जेल में अमन हत्याकांड के बाद व्यवस्था सुधारने के लिए उठे कदम

## बंटी व गोडविन समेत 14 कुख्यात किए जा रहे दूसरे जेल में शिफ्ट

- कोर्ट ने दी इजाजत, कहा– जेल में अंदर के हालात प्रशासन के काबू में नहीं



- आईजी जेल को निर्देश- कोर्ट को भेजें बंदियों की रिपोर्ट
- तीन माह के लिए मिली इजाजत, आदेश का उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई

संवाददाता।धनबाद

धनबाद मंडल कारा में यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या के बाद तनाव को देखते हुए अदालत ने जेल प्रशासन को धनबाद जेल में बंद कुख्यात बंदियों को दूसरे जेल में तीन माह के लिए भेजने की सशर्त अनुमति दी है. धनबाद जेल प्रशासन ने जेल आईजी के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत से 14 बंदियों को सुरक्षा एवं जेल के अंदर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से दूसरे जेलों में भेजने की इजाजत मांगी थी. इस पर अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि धनबाद जेल के अंदर की स्थिति जेल प्रशासन के काबू में नहीं दिख रही. कैदियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है. अदालत ने यह भी कहा है कि जेल आईजी ने अदालत को आश्वस्त किया है कि सभी बंदियों को निर्धारित तिथि को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश कराएंगे. यदि किसी बंदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी नहीं हो पाई, तो दूसरी तिथि को जेल प्रशासन को उसे किसी अन्य माध्यम से या सशरीर पेश करना होगा. यदि जेल प्रशासन ऐसा करने में असफल रहा, तो यह आदेश स्वतः खत्म हो जाएगा. ऐसे में जेल प्रशासन पर अदालत के आदेश की अवमानना की भी कार्रवाई हो सकती है. जज ने कहा है कि अदालत में मुकदमे की सुनवाई प्रभावित न हो इसे सुनिश्चित करने का काम जेल अधिकारियों का होगा. अदालत ने अपने आदेश में जेल आईजी को निर्देशित किया है कि वह बंदियों से संबंधित रिपोर्ट त्रैमासिक भेजेंगे.

### इन बंदियों को बाहर भेजने की मिली इजाजत

अदालत ने धनबाद जेल में बंद मो. शाहिद को सरायकेला जेल, गॉडविन खान को लोहरदगा, बंटी खान को पाकुड़, मोहम्मद औरंगजेब को तेनुघाट,आशीष शुक्ला उर्फ सत्यनारायण को होटवार रांची, अरुण कुमार को खूंटी, कुंदन धिकार को पलामू ,अफरीदी राजा को जमशेदपुर और जय मंगल हाजरा को रामगढ़ जेल भेजने की इजाजत दी है.

### तेज रफ्तार कार ने बरपाया कहर,3 किशोरों को रौंदा

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पेट्रोल पंप के समीप में मंगलवार को लगभग पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े तीन किशोर सहित व एक दिव्यांग बुजुर्ग को रौंद दिया. घायलों में 9 वर्षीय दिलशाद अंसारी पिता मुखसाद अंसारी, 10 वर्षीय छोटू अंसारी उर्फ शाहिद पिता मकसूद अंसारी, 14 वर्षीय शाहिद अंसारी पिता शमीम अंसारी करांजी गांव निवासी और 55 वर्षीय दिव्यांग बिग्गा तिर्की कुदारखो गांव निवासी के रूप में हुई. जिन्हें ग्रामीणों ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया. इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रांची की ओर से लोहरदगा की ओर तेज रफ्तार में जा रहें कार ने सड़क किनारे धूप ताप रहे किशोर व दिव्यांग को रौंद दिया. जिसमें दिलशाद, छोटू व शहीद के पैर टूट गया.

---

## न्यूज अपडेट

### शिव मंदिर गुम्बद भराई अनुष्ठान संपन्न



**राहे।** प्रखंड के प्रसिद्ध विसना बाबा पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण के गुम्बद भराई अनुष्ठान को विधिवत संपन्न किया गया. राहे विसना बाबा पहाड़ी शिव मंदिर तीन शिवलिंग के लिये काफी प्रसिद्ध है. श्रद्धालुओं के द्वारा गुंबद में सोना चांदी और धन से भरा गया . अनुष्ठान में सोलह आना समिति के सदस्य, राहे पंचायत और अंबाझरिया पंचायत के ग्रामीण, श्रद्धालु और पुजारी ने संयुक्त रूप में अनुष्ठान को संपन्न कराया.

### निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**नामकुम।** प्राण बजाना क्लीनिक और स्वयंसेवी संगठन आशा के तत्वावधान में सरला बिरला विश्वविद्यालय और एनएसएस के सहयोग से पंचायत भवन में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में डॉ. अविनाश गुप्ता और डॉ. गीता गुप्ता ने मरीजों की जांच कर मुफ्त में दवाएं वितरित की.

### सशस्त्र सीमा बल ने किया बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**अनगड़ा।** 26वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अनगड़ा के द्वारा कमांडेंट एसडी शेरखाने के मार्गदर्शन में मंगलवार को दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने से तीन दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्‌घाटन जेके शर्मा कमांडेंट पशुचिकित्सक एसएसबी व डॉक्टर सुशील प्रसाद अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महा विद्यालय रांची ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

### क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे राजा पीटर



**बुंडू।** जेल से रिहाई के 72 घण्टे पाश्चात झारखंड के पूर्व मंत्री सह पूर्व तमाड़ विधायक विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर बुंडू प्रखंड के आसपास क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं. अपने खास लोगों के घर पहुंच कर उनका हाल-चाल ले रहे हैं. इस बीच कोरोना काल में दिवंगत हुए कार्यकर्ता के घर जाकर उनके परिवारों से भी मिले तथा बुंडू के विभिन्न कार्यकर्ताओं के घर जाकर लोगों का कुशलक्षेमा

### नलिनी रमन ने मरीजों के बीच किया फल का वितरण



**सिल्ली/मुरी।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नलिनी रमन राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके बीच में फल का वितरण भी किया.बता दें कि नलिनी रमण तीन दिन के झारखंड प्रवास पर हैं.

### परासी पंचायत सचिवालय परिसर में लगा शिविर



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती परासी पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे सैकड़ो की संख्या में भारी भीड़ उमड़ी. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घघाटन विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति अंचल अधिकारी अतुल रंजन भगत मुखिया ब्रमहानंद सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से किया .

## पेज एक का शेष...

### बिरंची,भानु व जेपी...

**दूसरा अनुपूरक बजट पास...**

वहीं जेपी पटेल को भी सदन से निकाल दिया गया. उन्हें निलंबित करने का आदेश शाम को दिया गया. तीनों विधायकों को निलंबित करने के कारण बीजेपी ने सदन का बहिष्कार किया. सारे विधायक सदन से बाहर निकल गये. इस बीच सदन में प्रश्नकाल चल रहा था.

### लोस के 49 सांसद फिर...

महंत, जसवीर गिल, कार्ति चिदंबरम, मोहम्मद सादिक, एम के विष्णु प्रसाद, रवनीत सिंह बिट्टू, के. सुधाकरन, वी. वैथिलिंगम, फ्रांसिस्को सरदिन्हा, अदूर प्रकाश, चेल्ला कुमार और प्रतिभा सिंह शामिल हैं. डीएमके के निलंबित किए गए सदस्यों में एस. जगतरक्षण, एस. आर. पार्थिबन, ए. गणेश मूर्ति, पी. वेलूस्वामी, डीएनवी सेंथिल कुमार और एम. धनुष कुमार, एनसीपी के निलंबित सदस्यों में सुप्रिया सुले, अमोल कोल्हे और पी.पी. मोहम्मद फैजल शामिल हैं. लोकसभा से जदयू के राजीव रंजन सिंह, गिरधारी यादव, संतोष कुमार, दुलाल चंद गोस्वामी, दिनेश चंद्र यादव, महाबली सिंह, दिनेश्वर कामत, सुनील कुमार, चंद्रेश्वर प्रसाद और आलोक कुमार सुमन को भी सदन से निलंबित किया गया है. टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय, माला राय, सजदा अहमद और खलीलुर रहमान को, सपा की डिंपल यादव और एसटी हसन को और नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और हसनैन मसूदी को भी निलंबित कर दिया गया है. बसपा से हाल में निलंबित किए गए दानिश अली, वीसीके सांसद थोल तिरुमावलवन, आईयूएमएल के अब्दुस समद समदानी और आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार रिंकू को भी निलंबित किया गया है.

**टीएमसी सांसद मजाक उड़ाते रहे...**

अपना मजाक उड़ाए जाने पर जगदीप धनखड़ ने सख्त टिप्पणी की है. उधर, भाजपा ने भी इस प्रकरण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरा है. भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी देश के उपराष्ट्रपित की मिमिक्री उड़ाने वाले को रोकने की जगह खुद हंसते हुए वीडियो बना रहे थे, जो शर्मनाक है. उन्हें इसे बचना चाहिए था.

### सीटों का बंटवारा जनवरी...

बैठक में कुल 28 दलों के नेता शामिल हुए. बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, गठबंधन की चौथी बैठक में 28 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया. खुशी की बात है कि सभी ने एक होकर यह फैसला किया कि आगे किस तरह से मिल कर काम करना है. उन्होंने कहा कि सभी दलों ने 8-10 जनसभाएं करने का फैसला किया. खरगे ने कहा कि पहले प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल पर बात होगी और अगर कोई मुद्दा आया, तो राष्ट्रीय स्तर पर बात होगी. उन्होंने कहा कि सांसदों के निलंबन के खिलाफ 22 दिसंबर को अखिल भारतीय प्रदर्शन होगा. गठबंधन के घटक दलों ने तय किया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे देंगे. इस बैठक में टीएमसी ने गठबंधन की पार्टियों से एकसाथ मिलकर सभी सीटों के बंटवारे पर बातचीत को पूरा करने के लिए 31 दिसंबर की समय सीमा तय की है. संयुक्त विपक्षी गठबंधन 30 जनवरी से 2024 आम चुनाव के लिए संयुक्त कैंपेन शुरू करेगा.

**बैठक में ये हुए शामिलः** राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल, जदयू से बिहार के सीएम नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, टीएमसी से बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी, राजद से लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव, राकांपा के प्रमुख शरद पवार तथा शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव, द्रमुक से तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन और टीआर बालू, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, झामुमो की तरफ से महुआ माजी, विजय हांसदा और बाबुल सुप्रियो, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेताओं ने बैठक में भाग लिया.




24.75 करोड़ रुपये में बिके मिचेल स्टार्क

**आईपीएल ऑक्शन :** महज डेढ़ घंटे में अपने साथी खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़कर स्टार्क ने रचा इतिहास

# आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने मिचेल स्टार्क

भाषा । दुबई

मिचेल स्टार्क मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अपने गेंदबाजी जोड़ीदार और कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर 24 करोड़ 75 लाख रुपये के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने जबकि इस दौरान तेज गेंदबाजों के लिए बड़ी बोली लगी. सनराइजर्स हैदराबाद के रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपये में कमिंस को अपने साथ जोड़ने के कुछ ही घंटों बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली लगा दी. स्टार्क पिछली बार 2015 में आईपीएल में खेले थे. आईपीएल की हैरान करने वाली बोली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाजी तिकड़ी में शामिल जोश हेजलवुड के लिए किसी टीम ने बोली नहीं लगाई. उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था. गुजरात टाइटंस और नाइट राइडर्स के बीच स्टार्क को लेकर रस्साकशी देखने को मिली लेकिन अंततः कोलकाता की टीम बाजी मारने में सफल रही. तैंतीस साल के स्टार्क आम तौर पर आईपीएल पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को तरजीह देते हैं लेकिन आईपीएल तुरंत बाद होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए उन्होंने इस लुभावनी टी20 लीग की नीलामी में उतरने का फैसला किया. स्टार्क आईपीएल के सिर्फ दो सत्र में खेले हैं जिसमें उन्होंने 27 मैच में 20.38 की औसत से 34 विकेट चटकाए हैं. इसके विपरीत कमिंस आईपीएल में नियमित तौर पर खेलते आए हैं लेकिन एशेज और एकदिवसीय विश्व कप पर ध्यान देने के लिए 2023 टूर्नामेंट में नहीं खेले थे. कमिंस के लिए भी फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी जंग देखने को मिली. मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने उनके लिए लगातार बोली लगाई. अंत में कमिंस सनराइजर्स की झोली में गए और उस समय आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने. कमिंस ने इंग्लैंड के सैम कुरेन को पीछे छोड़ा जिनके लिए पिछले साल पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए थे. आईपीएल नीलामी में कमिंस पर पहली बार बड़ी बोली नहीं लगी है. 2020 के टूर्नामेंट से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 15 करोड़ 50 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा था.

**2015** में मिचेल स्टार्क ने आखिरी बार खेला था आईपीएल

- मिचेल स्टॉर्क को कोलकाता नाइटराइडर्स ने खरीदा

## झारखंड के तीन खिलाड़ी बने करोड़पति




### बेस प्राइस से 36गुना अधिक रकम में बिके झारखंड के कुशाग्र

शुभम किशोर । रांची

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मिनी ऑक्शन में झारखंड के तीन खिलाड़ी करोड़पति बनें. ऑक्शन में कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स और रॉबिन मिंज व सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने खरीदा. झारखंड के बोकारो के 19 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र के लिए दिल्ली ने दिल खोलकर बोली लगाई. 19 साल के कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा. वहीं युवा अनकैप्ड खिलाड़ी रांची के सुशांत मिश्रा को 20 लाख बेस प्राइज से 2 करोड़ 20 लाख रुपये बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया.



7.2 करोड़ में बिके कुमार कुशाग्र

दिल्ली कैपिटल्स



2.20 करोड़ में बिके सुशांत मिश्रा

गुजरात टाइटंस

### ऑक्शन के समय मेन रोड में घुम रहे थे रॉबिन



3.60 करोड़ में बिके रॉबिन मिंज

गुजरात टाइटंस

शुभम संदेश से बातचीत में रॉबिन ने आईपीएल में चुने जाने पर खुशी जाहिर की. रॉबिन ने बताया कि उन्हें काफी डर लग रहा था इसलिए वह ऑक्शन नहीं देख रहे थे. वहीं कुमार कुशाग्र जेएससीए में ऑक्शन देख रहे थे.

**रॉबिन पर की टीमों ने लगाई बोली :** झारखंड रॉबिन मिंज के लिए कई टीमों ने बोली लगाई. 20 लाख रुपये बेस प्राइज वाले विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज को अंत में गुजरात टाइटंस ने 3.60 करोड़ रुपये में खरीदा. उन्हें खरीदने के लिए चेन्नई से लेकर मुंबई ने बोली लगाई थी.

### 14 करोड़ रुपये में बिके न्यजीलैंड के डेरिल मिचेल




बल्लेबाजों के वर्ग में एकदिवसीय विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स ने 14 करोड़ रुपये की भारी भरकम बोली लगाई.



20.50 करोड़ रुपये में बिके पैट कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस को खरीदा

### भारतीय खिलाड़ियों में सबसे महंगे हर्षल पटेल




इस आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ियों में हर्षल पटेल सबसे आगे रहे. हर्षल को पंजाब किंग्स की टीम ने 11.75 करोड़ खरीदा वहीं अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर), उमेश यादव (5.80 करोड़ में गुजरात टाइटंस) और शिवम मावी (6.40 करोड़ में लखनऊ सुपर जाइंट्स) के लिए फ्रेंचाइजियों ने बड़ी बोली लगाई. नीलामी से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर द्वारा छोड़े गए हर्षल पर नीलामी के दौरान टीमों ने खासी दिलचस्पी दिखाई और भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस तेज गेंदबाज को अंततः पंजाब किंग्स ने खरीदा.

## ब्रीफ खबरें

### पाक गेंदबाजों ने निराश किया : अजहर

**कराची ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपने गेंदबाजों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्थ की उस पिच पर वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे असमान उछाल मिल रही थी. ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 360 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की. अजहर ने कहा कि जिस तरह से चौथे दिन पिच से असमान उछाल मिल रही थी उसे देखते हुए पाकिस्तान का 89 रन पर आउट होना हैरानी भरा नहीं रहा. हर समय इस तरह की असमान उछाल से निपटना मुश्किल था.

### केकेआर की किस्मत बदल सकते हैं गंभीर : मोर्गन

**बेंगलुरु ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि मेंटर (मार्गदर्शक) गौतम गंभीर और कप्तान श्रेयस अय्यर मिलकर आईपीएल 2024 में टीम की किस्मत बदल सकते हैं. केकेआर 2022 और 2023 में सातवें स्थान पर रहा था. उसने आईपीएल के अगले सत्र के लिए गंभीर को अपना मेंटर नियुक्त किया है, जो इससे पहले कप्तान के रूप में टीम को दो बार खिताब दिला चुके हैं.अय्यर चोटिल होने के कारण पिछले आईपीएल में नहीं खेल पाए थे और उनकी जगह नितीश राणा ने टीम की कप्तानी की थी.

### महान फुटबॉलर बो लारसन का निधन

**माल्मो (स्वीडन) ।** स्वीडन के लिए 70 अंतरराष्ट्रीय मैच और तीन विश्व कप खेलने वाले महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का निधन 79 वर्ष की उम्र में हो गया. स्वीडन के फुटबॉल संघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बोसे के नाम से पहचाने जाने वाले लारसन के पास मिडफील्ड और स्ट्राइकर के रूप में खेलने की क्षमता थी. उन्होंने 1970, 1974 और 1978 में विश्व कप टीम का प्रतिनिधित्व किया था. वह घरेलू फुटबॉल में माल्मो का प्रतिनिधित्व करते थे. उन्होंने इस क्लब के लिए 1965 से 1977 के बीच 546 मैच में 289 गोल किये थे.

## अलावेस को हराकर गिरोना फिर से शीर्ष पर




भाषा । मैड्रिड

गिरोना ने स्ट्राइकर आर्टेम डोवबीक के दो गोल की मदद से अलावेस को 3-0 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. इस जीत से गिरोना ने रियाल मैड्रिड को पीछे छोड़ा. उसके 17 मैच में 44 अंक हैं और वह रियाल मैड्रिड से दो अंक और तीसरे नंबर पर काबिज बार्सिलोना से नौ अंक आगे हो गया है. डोवबीक ने 23वें मिनट में गिरोना की तरफ से पहला गोल किया. इसके बाद उन्होंने 59वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला. इस बीच पोर्तू ने मध्यांतर से चार मिनट पहले टीम की तरफ से दूसरा गोल किया था. अलावेस ने पिछले 24 मैच से अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज नहीं की है जो उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है. अलावेस ला लिगा की अंक तालिका में अभी 13वें स्थान पर है.




**ला लिगा**

- गिरोना ने अलावेस को 3-0 से पराजित किया
- अंक तालिका में 13वें स्थान पर है अलावेस

## आओ जानें

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

| खिलाड़ी | रुपये | टीम | साल |
|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 24.75 करोड़ | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2024 |
| पैट कमिंस | 20.5 करोड़ | सनराइजर्स हैदराबाद | 2024 |
| सैम करन | 18.5 करोड़ | पंजाब किंग्स | 2023 |
| कैमरून ग्रीन | 17.5 करोड़ | मुंबई इंडियंस | 2023 |
| बेन स्टोक्स | 16.25 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स | 2023 |
| क्रिस मॉरिस | 16.25 करोड़ | राजस्थान रॉयल्स | 2021 |
| पूरन | 16 करोड़ | लखनऊ सुपर जायंट्स | 2023 |
| युवराज सिंह | 16 करोड़ | दिल्ली कैपिटल्स | 2015 |
| पैट कमिंस | 15.5 करोड़ | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2020 |
| ईशान किशन | 15.25 करोड़ | मुंबई इंडियंस | 2022 |

## जनवरी में झारखंड शिक्षा विभाग खिलाड़ियों को करेगा सम्मानित

शुभम किशोर । रांची

झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित करने वाली फाइल अब आगे बढ़ती दिख रही है. विभाग जनवरी में खिलाड़ियों को सम्मानित करने की तैयारी कर रहा है. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) स्कूल के तत्वावधान में दिल्ली और भोपाल में आयोजित 66 वें नेशनल स्कूल गेम्स में झारखंड ने 3 स्वर्ण समेत 14 पदक अलग अलग स्पर्धा में जीता था. गत 29 जून को राज्य के शिक्षा सचिव के रविकुमार की अध्यक्षता में बैठक कर फैसला लिया गया था कि पदक वाले सभी खिलाड़ियों को लैपटॉप और खेल किट देकर सम्मानित किया जाएगा. छह महिने बीत जाने के बाद भी अब तक खिलाड़ियों को सम्मानित नहीं किया गया है. बता दें कि 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तायक्वोंडो, भारोत्तोलन, फ्री स्टाइल कुश्ती, कुश्ती ग्रीको रोमन और योगासन में झारखंड के कुल 47 खिलाड़ियों ने पदक जीता था. इसमें हॉकी और फुटबॉल के 36 खिलाड़ी शामिल हैं. इस मामले में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला फाइलों में नहीं दबेगा.

### टी20 शृंखला से बाहर हो सकते हैं शादाब

**कराची ।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की शृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया. सूत्रों ने कहा कि चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी-20 टीम के नए कप्तान से ऑनलाइन चर्चा की.

## गीता कर रही हैं भारतीय टीम की कप्तानी

संवाददाता । हजारीबाग

झारखंड से कई बड़े क्रिकेट उभरे हैं. जिसमें भारतीय पुरुष टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी, सौरभ तिवारी, वरुण एरोन, शहबाज नदीम औ शुभलक्ष्मी शर्मा शामिल हैं. नेत्रहीन क्रिकेटर की बात करें तो सुरजीत मुंडा का नाम सबके जहन में आता है.

लेकिन अब हजारीबाग के केरेडारी की रहने वाली नेत्रहीन क्रिकेटर गीता महतो भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम की कप्तानी कर रही हैं. गीता ने ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.



**झारखंड की बेटी ने ब्लाइंड क्रिकेट में मनवाया है अपना लोहा**

### गीता की कप्तानी में हाल ही में भारत ने नेपाल को 5 दिवसीय क्रिकेट में हराया था

गीता महतो का जन्म 20 जुलाई 2004 को हुआ था. पिता दुखन महतो रांची में कैटरिंग का व्यवसाय करते हैं और माता गृहणी हैं. गीता महतो की कप्तानी में भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में मुंबई में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट के फाइनल में नेपाल को हराकर हिंदुस्तान का परचम लहराया है. समाजसेवी रंजन चौधरी बताते हैं कि गीता महतो किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं. गीता ने राजधानी रांची के संत माइकल ब्लाइंड स्कूल में अपनी पढ़ाई की है और यही से क्रिकेट खेलना शुरू किया. गीता इन दिनों दिल्ली यूनिवर्सिटी में हिंदी जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन से ग्रेजुएशन कर रही हैं. गीता बचपन से ही धुन की पक्की और कुछ कर गुजरने का सपना लिए क्रिकेट के क्षेत्र में आयी. अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम तक का सफर तय किया है.

**वापसी की उम्मीद** दिल्ली कैपिटल्स ने जारी किया वीडियो, पंत ने फैंस को दिया संदेश

## चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी, कुछ समय लगेगा : पंत

भाषा । दुबई

भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रशंसकों के प्यार और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए उन्हें अभी कुछ महीने और लगेंगे. पंत पिछले साल कर दुर्घटना में घायल हो गए थे और इस कारण वह 2023 में पूरे वर्ष नहीं खेल पाए थे. इस दुर्घटना के कारण उन्हें अपने घुटने का ऑपरेशन करवाना पड़ा था. दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं. मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं.

**2023** में घायल होने के कारण पूरे वर्ष नहीं खेल पाए थे ऋषभ पंत

- पिछले साल सड़क दुर्घटना पंत को आयी थी गंभीर चोट
- दुर्घटना के कारण पंत ने घुटने करवाया था का ऑपरेशन



### पंत ने कहा- प्रशंसकों के प्यार से जल्दी फिट होने में मदद मिली

पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ. उन्होंने कहा कि इसे जल्दी फिट होने में उन्हें मदद मिली. इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि यह वास्तव में शानदार अहसास है क्योंकि जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसा लगता है कि कोई हमसे प्यार नहीं करता क्योंकि कई चीजों का दबाव रहता है. लेकिन वास्तव में यह काफी मुश्किल समय था और मुझे पता चला कि लोग हमें प्यार करते हैं. वे हमारा सम्मान करते हैं और मेरे चोटिल होने के बाद वे भी चिंतित थे.

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को आठ विकेट से हराया

एजेंसी । केबेरा

दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को आठ विकेट से हरा दिया है. इस जीत के साथ ही अफ्रीकी टीम ने तीन मैच की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 211 रन बनाए थे. इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 42.3 ओवर में दो विकेट खोकर 215 रन बना लिए और मैच अपने नाम किया. दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्ले के साथ टोनी डी जॉर्जी ने कमाल किया और नाबाद 119 रन बनाए. रीजा हेंड्रिक्स ने 52 और रासी वन डर डुसेन ने 36 रन का योगदान दिया. गेंद के साथ अफ्रीकी टीम के लिए नांद्रे बर्गर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. हेंड्रिक्स और केशव महाराज ने दो-दो विकेट झटके. विलियम्स-मार्करम को एक-एक विकेट मिला. भारत के लिए साई सुदर्शन ने 62 और कप्तान राहुल ने 56 रन का योगदान दिया. इन दोनों के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया.



- तीन मैच की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबरी की, जॉर्जी की शतकीय पारी

### घायलों को आधी रात को ही अस्पतालों में भर्ती किया गया, गांसू-किंघाई प्रांत में 6.2 तीव्रता का भूकंप

# चीन में भूकंप से 118 की मौत, 500 से अधिक घायल

भाषा। बीजिंग

उत्तर पश्चिमी चीन के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में मध्य रात्रि को आए शक्तिशाली, 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 118 लोगों की मौत हो गयी और 500 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात 11 बजकर 59 मिनट पर गांसू और किनघई प्रांतों में हल्का भूकंप आया और इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था. विशेषज्ञों ने बताया कि हल्के भूकंप से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होता है. भूकंप का केंद्र लियुगोऊ शहर में था जो गांसू में जिशिशान काउंटी से करीब आठ किलोमीटर दूर है. किनघई प्रांत हिमालय के तिब्बत क्षेत्र से सटा है जहां महाद्वीपीय प्लेटों के टकराने से आए दिन भूकंप आते रहते हैं. इसके कुछ घंटों बाद मंगलवार को सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर पड़ोसी शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में दूसरा भूकंप आया. 'सीईएनसी' के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था. गांसू और किनघई में भी भूकंप के बाद के झटके भी महसूस किए गए. स्थानीय मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, गांसू में भूकंप से 105 लोगों की मौत हुई जबकि किनघई में 13 लोगों की मौत हुई. अधिकारियों ने बताया कि अभी तक भूकंप प्रभावित इलाकों में 579 लोगों के घायल होने की खबर है. भूकंप से जिशिशान में 6,381 मकान क्षतिग्रस्त हो गए.



**खास बातें**

- जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था भूकंप का केंद्र
- भूकंप ने मचाई तबाही जमींदोज हुईं इमारतें

**भूकंप के बाद 32 झटके महसूस किए गए**

प्रांतीय आपात प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता हान शुजुन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी तक भूकंप के बाद के 32 झटके महसूस किए गए हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा तीव्रता 4.0 रही. भूकंप से कुछ ग्रामीण सड़कें नष्ट हो गयीं जिससे बिजली गुल हो गयी और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गयी. परिवहन मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह बताया कि भूकंप के कारण 'पीली नदी' पर बने एक पुल में दरार आ गयी है. स्थानीय मौसम विज्ञान प्राधिकारियों के अनुसार, जिशिशान में मंगलवार को पारा शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की आशंका है. प्रांतीय दमकल एवं बचाव विभाग ने आपदाग्रस्त क्षेत्र में 580 बचावकर्मियों, 12 खोजी कुत्तों और 10,000 से अधिक उपकरण भेजे हैं. रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में यात्री और मालवाहक ट्रेन निलंबित कर दी है और रेलवे की पटरियों की सुरक्षा जांच का आदेश दिया है. चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भूकंप के बाद हताहतों की संख्या कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है.

**आओ जानें**

**जनसंख्या के हिसाब से दुनिया के 20 सबसे बड़े शहर (मिलियन में)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टोक्यो-योकोहामा | 37.73 | 11. | न्यूयॉर्क | 21.50 |
| 2. | जकार्ता | 33.75 | 12. | काहिरा | 20.29 |
| 3. | दिल्ली | 32.22 | 13. | ढाका | 18.62 |
| 4. | गुआंगज़ौ फ़ोशान | 26.94 | 14. | बीजिंग | 18.52 |
| 5. | मुंबई | 24.97 | 15. | कोलकाता | 18.50 |
| 6. | मनीला | 24.92 | 16. | बैंकॉक | 18.00 |
| 7. | शंघाई | 24.07 | 17. | शेन्ज़ेन | 17.61 |
| 8. | साओ पाउलो | 23.08 | 18. | मॉस्को | 17.33 |
| 9. | सियोल-इंचियोन | 23.01 | 19. | ब्यूनस आयर्स | 16.71 |
| 10. | मेक्सिको सिटी | 21.80 | 20. | लागोस | 16.63 |

## ईंधन डिपो में विस्फोट, कम से कम 13 की मौत, 178 घायल

एजेंसी। कोनाक्री



गिनी की राजधानी कोनाक्री में स्थित देश के मुख्य ईंधन डिपो में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 178 घायल हो गए. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी के राष्ट्रपति ने कहा कि रविवार आधी रात को गिनी पेट्रोलियम कंपनी के डिपो में भीषण विस्फोट के कारण आग लग गई, जिससे कलौम प्रशासनिक जिले में बहुत नुकसान हुआ. सरकार ने एक बयान में कहा कि घायल हुए 178 लोगों में से कम से कम 89 लोगों का उपचार हो चुका है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है.

बयान के मुताबिक, हादसे में मारे गए 13 लोगों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं. अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच शुरू हो गई है तथा इस तरह के हादसे से बचने के लिए डिपो को किसी सुदूर स्थल पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है. सरकार ने बयान में कहा कि अधिकारी राजधानी से देश के अन्य हिस्सों में आपूर्ति में संभावित व्यवधान को रोकने के लिए महत्वपूर्ण ईंधन संबंधी जरूरतों की पहचान कर रहे हैं. कोनाक्री स्थित गिनी मैटिन समाचार वेबसाइट ने डिपो के एक कर्मचारी के हवाले से कहा कि विस्फोट तब हुआ जब एक जहाज सामान उतार रहा था.

अहमद कोंडे नामक कर्मचारी ने कहा कि इस आग में मैंने अपने कई दोस्तों को खो दिया. मेरे जैसे कुछ गार्ड हैं, कुछ तकनीशियन हैं. सभी कार्यालय और उसके भीतर रखे सामान भी नष्ट हो गए. रक्षा मंत्री बाचिर डायलो ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और चिकित्सा और सुरक्षा दल भेज रहे हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### पाक में अर्धसैनिक बलों पर आतंकवादी हमला

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में मंगलवार को आतंकवादियों ने अर्धसैनिक फ्रंटियर कोर की एक टीम पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई. आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबीलाई जिले तिराह वैली खैबर के ऊपरी बारा इलाके में पास के पहाड़ों से फ्रंटियर कोर की बम निरोधक इकाई पर गोलीबारी की, जिसमें दो सैनिक घायल हो गए और अस्पताल में उनकी मौत हो गई. आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया तथा भाग रहे आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया.

### गुजरात कांग्रेस विधायक चिराग पटेल का इस्तीफा

**अहमदाबाद।** आसन्न लोकसभा चुनाव के बीच गुजरात में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है. पार्टी के विधायक चिराग पटेल ने नेतृत्व के कामकाज की शैली से निराशा जताते हुए मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. पार्टी की प्रदेश इकाई में गुटबाजी का आरोप लगाते हुए पटेल ने कहा कि पार्टी को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सीधे दिल्ली से ऐसे चलाया जा रहा है जैसे कि वे एयर कंडीशंड बंगलों में बैठकर कोई रियासत चला रहे हैं. उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस में कई अन्य विधायक भी नाखुश हैं.

### मणिपुर में हिंसा के बाद चुराचांदपुर में धारा 144

**चुराचांदपुर।** मणिपुर सरकार ने नए सिरे से हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में दो महीने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है. एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी है. इस पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस साल मई के बाद से जातीय संघर्ष जारी है. चुराचांदपुर जिले में सोमवार को खासतौर पर थिंगकांगफई गांव में कई स्थानों पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गयीं. जिला मजिस्ट्रेट ने एक आदेश में कहा कि लोगों के दो समूहों के बीच टकराव के कारण शांति भंग होने की आशंका अब भी है.

### आदमखोर बाघ को पृथकवास में लाया

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले में वन अधिकारियों ने मंगलवार को एक आदमखोर बाघ को पुथुर जूलॉजिकल पार्क के एक पृथकवास केंद्र में रखा है. इस महीने की शुरूआत में इस बाघ ने वायनाड जिले के वकेरी में 36 वर्षीय एक व्यक्ति पर हमला कर उसे मार डाला था. सोमवार को बाघ के पकड़े जाने के बाद वकेरी में स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि बाघ के पुनर्वास के बजाय उसे गोली मार दी जाए. अधिकारियों ने बताया कि बाघ को जूलॉजिकल पार्क में ले जाने के आदेश के बाद उसे विशेषज्ञ टीम की निगरानी में वहां ले जाया गया.

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में 3 साल की जेल

**जम्मू।** जम्मू की एक अदालत ने मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक सरकारी अधिकारी को तीन साल की सजा सुनाई. जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा के एक प्रवक्ता ने बताया कि विशेष भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने दोषी अधिकारी को 50 लाख रुपये का जुर्माना भरने के लिए भी कहा है. प्रवक्ता के अनुसार, जम्मू के उपायुक्त कार्यालय में तैनात अनुभाग अधिकारी निसार खान ने भ्रष्ट आचरण में लिप्त होकर और एक लोक सेवक के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमताओं का दुरुपयोग कर अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है.

### पीएम ने भाजपा सदस्यों से गरिमा बनाए रखने व लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान

# पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर उन पर निशाना साधा. कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जायेगी जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा होगा. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने संसद की सुरक्षा में सेंध को उचित ठहराने के प्रयासों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह उतना ही चिंताजनक है जितना की सुरक्षा में सेंध का मुद्दा है. समारोह स्थल में कुछ खाली पंक्तियों की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन्हें 2024 के चुनावों के बाद भरा जाएगा.

**विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं :** शून्यकाल के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया. प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को सामूहिक रूप से निंदा करनी चाहिए थी. भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के अनुसार, मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली पार्टी खुले तौर पर या गुप्त रूप से इसे कैसे सही ठहरा सकती है. प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं. उन्होंने भाजपा सदस्यों से गरिमा बनाये रखने और लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान किया. वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के खिलाफ रणनीति तैयार करने के वास्ते मंगलवार को हो रही विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक के मद्देनजर मोदी ने कहा कि उनका (विपक्ष का) लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन उनकी सरकार का लक्ष्य देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है. उन्होंने भाजपा सांसदों को संसद सत्र के बाद सीमावर्ती गांवों का दौरा करने की भी सलाह दी.

**खास बातें**

- यही आचरण रहा तो 2024 चुनावों में भाजपा को ही फायदा
- विपक्षी दल हालिया चुनावों में अपनी हार से है हताश

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले शिवराज सिंह चौहान, कहा-

## मेरी भूमिका पार्टी तय करेगी

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी जो भी भूमिका तय करेगा, वह उसका निर्वहन करेंगे. मध्य प्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने के बाद मंगलवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे चौहान ने नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की. सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात एक घंटे से भी अधिक समय तक चली. बाद में पत्रकारों ने जब उनकी भावी भूमिका को लेकर सवाल किया तो चौहान ने कहा, एक कार्यकर्ता के नाते पार्टी जो भूमिका तय करेगी, वह मैं करूंगा.

**मैं दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा :** चौहान ने बातचीत के इस क्रम में यह संकेत दिया कि पार्टी उन्हें दक्षिण के राज्यों में कोई बड़ी भूमिका दे सकती है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा में कुछ जगह मुझे जाने को कहा जायेगा तो मैं दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा. मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद के गठन से जुड़े एक सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी तय करेगी और सलाह मशिवरा जो होना था वह हो गया है. उन्होंने कहा कि भोपाल में विधायक दल की बैठक है और चूंकि सरकार गठन के बाद यह पहली बैठक है इसलिए उसमें उनका रहना आवश्यक है.

**चौहान ने कहा - हम राज्य में भी रहेंगे, केंद्र में भी रहेंगे**



यह पूछे जाने पर कि वह केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहेंगे या फिर राज्य की राजनीति में, इसके जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो पार्टी तय करेगी. हम राज्य में भी रहेंगे, केंद्र में भी रहेंगे. एक अन्य सवाल के जवाब में चौहान ने कहा कि वह अपनी भूमिका के बारे में नहीं सोचते हैं. उन्होंने कहा कि मैं मेरे बारे में सोचता ही नहीं. जो अपने बारे में सोचता है वह अच्छा इंसान नहीं होता है. अगर आप एक बड़े मिशन के लिए काम करते हो तो पार्टी तय करती है कि आप कहां काम करोगे. यह पूछे जाने पर कि मध्य प्रदेश की बहनें उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाह रही हैं, चौहान ने कहा कि बहन और भाई का प्यार अमर है. उसका किसी पद से कोई संबंध नहीं है.

## मप्र विस में नेहरू की तस्वीर हटाने पर भाजपा की आलोचना

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर हटाकर उसकी जगह बी.आर. आंबेडकर की तस्वीर लगाने के फैसले पर विवाद खड़ा हो गया है. इस पर कांग्रेस ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा पर राष्ट्र निर्माता का अपमान करने का आरोप लगाया. कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह सदन में संविधान निर्माता की तस्वीर प्रदर्शित करने का स्वागत करती है, लेकिन इसे महात्मा गांधी और नेहरू की तस्वीरों के साथ रखा जा सकता था. सोलहवीं मध्य प्रदेश विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को यहां शुरू हुआ. मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी. सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पिछले सत्र के दौरान ही नेहरू की तस्वीर की जगह आंबेडकर की तस्वीर लगाई गई थी. उन्होंने कहा कि तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने जुलाई के पिछले सत्र में (नेहरू की) तस्वीर बदलने का निर्देश दिया था क्योंकि यह बहुत पुरानी थी और खराब हो रही थी.

**बोली कांग्रेस**

- भाजपा पर राष्ट्र निर्माता का अपमान करने का आरोप
- गांधी और नेहरू की तस्वीरों के साथ लगा सकते थे तस्वीर

### एल्गार परिषद मामला : उच्च न्यायालय का फैसला

## गौतम नवलखा को मिली बेल

एजेंसी। मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता गौतम नवलखा को मंगलवार को जमानत दे दी. न्यायमूर्ति ए एस गडकरी के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा कि जमानत का आग्रह करने वाली नवलखा की याचिका को स्वीकार किया जाता है. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अदालत से छह सप्ताह की अवधि के लिए आदेश के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आग्रह किया, ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके. इस पर पीठ ने आदेश पर तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी. अगस्त 2018 में गिरफ्तार किए गए नवलखा को पिछले साल नवंबर में उच्चतम न्यायालय ने घर में नजरबंद करने की अनुमति दी थी. वह फिलहाल नवी मुंबई में हैं. उच्च न्यायालय ने नवलखा को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी. वह इस मामले में जमानत पाने वाला सातवें आरोपी हैं. इस साल अप्रैल में, एक विशेष अदालत ने नवलखा को जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि प्रथम दृष्टया ऐसे सबूत हैं कि कार्यकर्ता प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सक्रिय सदस्य थे.

उच्च न्यायालय में दायर अपनी अपील में नवलखा ने कहा कि विशेष अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार करके गलती की है. नियमित जमानत के लिए उच्च न्यायालय में नवलखा की यह दूसरे दौर की अपील है. पिछले साल सितंबर में विशेष एनआईए अदालत द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद नवलखा ने पूर्व में उच्च न्यायालय का रुख किया था.

**खास बातें**

- एनआईए को चुनौती देने के लिए कोर्ट ने दिया तीन हफ्ते का समय
- एल्गार परिषद् के सम्मेलन में भड़काऊ भाषण का है आरोप

### सांसदों के निलंबन से पूरा देश चिंतित है : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों के निलंबन पर मंगलवार को चिंता जताते हुए कहा कि संसद में जो कुछ भी हो रहा है वह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है. गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि संसद में जो कुछ हो रहा है उससे पूरा देश चिंतित है. इनको (केंद्र सरकार) घमंड नहीं करना चाहिए... 24 (2024) के चुनाव भी आ रहे हैं. इनका एजेंडा सबको मालूम है. उन्होंने कहा कि जिस तरह ये विपक्ष के साथ व्यवहार कर रहे हैं वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है. यह कोई दुश्मनी का खेल नहीं है राजनीति है. लोकतंत्र में लड़ाई विचारधारा और सिद्धांतों की होती है. गहलोत ने कहा कि सदन में विरोध आम बात नहीं है.

## वाराणसी-नयी दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत ट्रेन भगवा नहीं

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जिस दूसरी वाराणसी-नयी दिल्ली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, वह पहली वाली ट्रेन की तरह ही सफेद और नीले रंग की है. उत्तर रेलवे ने एक दिन पहले संवाददाताओं के बीच वितरित विवरण पुस्तिका में वंदे भारत ट्रेन को भगवा और भूरे रंग में दर्शाया था.

उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारी योजना भविष्य में वंदे भारत को भगवा-भूरे रंग में बदलने की है. कोच कारखानों में इसकी प्रक्रिया चल रही है. अधिकारी ने कहा कि भविष्य के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, हमने अपनी विवरण पुस्तिका में भगवा-भूरे रंग के वंदे भारत को दर्शाया था. उत्तर रेलवे ने कहा कि ट्रेन में सूचना और मनोरंजन प्रदान के लिए वाई-फाई, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आरामदायक व्यवस्था, बायो-वैक्यूम शौचालय, हर सीट पर चार्जिंग सुविधा और किताब पढ़ने के लिए रोशनी जैसी बेहतर सुविधाएं हैं. बयान में कहा गया है कि ट्रेन में हवा की रोगाणु मुक्त आपूर्ति के साथ ही बेहतर एयर कंडीशनिंग प्रणाली है.



### एन्नोर क्रीक में पानी में तेल की मात्रा कम हुई

**चेन्नई।** चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) ने मंगलवार को कहा कि एन्नोर क्रीक में सफाई अभियान तेजी से चल रहा है तथा पानी में तेल की मात्रा में कमी आ रही है. सीपीसीएल ने एक बयान में कहा कि 125 नौकाओं, प्रेशर जेट सफाई मशीनों, रोकथाम और अवशोषक उपकरणों के साथ लगभग 240 प्रशिक्षित लोग वर्तमान में खाड़ी में तेल साफ करने में जुटे हैं. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी ने एक बयान में कहा कि आठ स्थानों पर लगभग 1,500 मीटर के रोकथाम बूम स्थापित किए गए हैं और नियमित रूप से इसकी निगरानी की जा रही है. इन क्षेत्रों में, छह तेल स्कीमर तैनात किए गए हैं. वैसे पानी में तेल की मात्रा और कम हो गई है.

### ज्ञानवापी | 1991 में जिला अदालत के समक्ष दायर मुकदमा कायम रखने योग्य है : अदालत

# कोई भी चीज तश्तरी में सजाकर नहीं देंगे : समिति

एजेंसी। लखनऊ

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति 'अंजुमन इंतजामिया मसाजिद' ने उच्चतम न्यायालय का रुख करने का संकेत देते हुए मंगलवार को कहा कि वह कोई भी चीज तश्तरी में सजाकर नहीं देगी और आखिरी सांस तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी.

प्रबंधन समिति का यह बयान इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व मामले में वर्ष 1991 के दीवानी मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज किये जाने के बाद आया है. अंजुमन इंतजामिया मसाजिद के संयुक्त सचिव सैयद मुहम्मद यासीन ने मंगलवार को फोन पर बातचीत में कहा कि हमारे पास आदेश आ गया है, लेकिन अभी हम उसका अध्ययन करेंगे और कमेटी की बैठक में तय करेंगे कि आगे हमें क्या करना है.



हम बुधवार शाम तक किसी निर्णय पर पहुंच जाएंगे. शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम यह मानकर चल रहे हैं कि यह फैसला हुआ है, इंसाफ नहीं हुआ है. इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व मामले में 1991 के दीवानी मुकदमे को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया और कहा कि निचली अदालत के समक्ष मुकदमा कायम रखने योग्य है.

**ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ी सभी पांच याचिकाएं खारिज**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के स्वामित्व को लेकर वाराणसी की एक अदालत में लंबित मूल वाद की पोषणीयता और ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली सभी पांच याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं. न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई के दौरान कहा कि वर्ष 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद पोषणीय (सुनवाई योग्य) है और यह पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध नहीं है. अदालत ने निचली अदालत को अपने समक्ष लंबित इस वाद पर तेजी से सुनवाई कर छह महीने के भीतर निर्णय करने का निर्देश दिया. अदालत ने कहा कि किसी भी पक्ष के अनुरोध पर सुनवाई को अनावश्यक टाला नहीं जाना चाहिए. अगर कोई अंतरिम आदेश है, तो उसे हटाया जाता है. जरूरत पड़ने पर निचली अदालत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को आगे सर्वेक्षण का निर्देश दे सकती है. अदालत ने अपने 63 पन्नों के आदेश में कहा कि धार्मिक पूजा स्थल अधिनियम, 1991 'धार्मिक चरित्र' को परिभाषित नहीं करता और इस अधिनियम के तहत केवल परिवर्तन और पूजास्थल को परिभाषित किया गया है.

## ढाका में अज्ञात लोगों ने ट्रेन को आग लगाई, चार की मौत

भाषा। ढाका

बांग्लादेश में अगले साल सात जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अज्ञात लोगों ने मंगलवार को राजधानी ढाका में एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी, जिससे एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई. यह हमला, देश की मुख्य विपक्षी 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी'' (बीएनपी) द्वारा चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध शुरू करने के लिए चल रहे अभियान के तहत बुलाए गए राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान हुआ. पिछले कुछ महीनों में ट्रेन में आगजनी की यह पांचवी घटना है. इस बार चार लोगों की इसमें जान चली गई. पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजधानी के प्रवेश बिंदु पर हवाईअड्डा रेलवे स्टेशन से, ढाका जाने वाली अंतर-जिला मोहनगंज एक्सप्रेस खुलने के तुरंत बाद उपद्रवियों ने सुबह ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी.

तेजगांव पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि हवाईअड्डा स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद यात्रियों ने आग देखी, जिसके बाद इसे अगले पड़ाव तेजगांव स्टेशन पर रोक दिया गया. बीएनपी द्वारा आहूत हड़ताल के बीच ट्रेन में आग लगाए जाने से एक महिला और उसके बच्चे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई.

शीतलहर के कारण बढ़ रही है कनकनी, तापमान में दर्ज की गयी 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट

# झारखंड में शीतलहर का असर, न्यूनतम पारा 7 डिग्री के नीचे

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में शीतलहर का असर दिखने लगा है. शीतलहर के कारण कनकनी बढ़ रही है और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक तापमान 26 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया. राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट से सुबह भी ठंड महसूस हो रही है. मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है. आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. 22 दिसंबर के बाद आंशिक बादल देखे जा सकते हैं. पिछले पांच सालों के डाटा के अनुसार दिसंबर 2018 में रांची में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था. वहीं सबसे अधिक तापमान 31.4 जमशेदपुर में दर्ज किया गया था. पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा ठंड है.



### प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.2 | 9.8 |
| जमशेदपुर | 25.3 | 11.2 |
| मेदिनीनगर | 25.4 | 7.7 |
| बोकारो थर्मल | 22.1 | 7.6 |
| चाईबासा | 26.0 | 8.2 |
| देवघर | 24.2 | 9.5 |
| गिरिडीह | 22.3 | 9.8 |
| गढ़वा | 23.6 | 6.9 |
| रामगढ़ | 22.2 | 7.0 |
| गोड्डा | 25.5 | 9.0 |

### दिसंबर महीने में पिछले पांच साल का रिकॉर्ड

| साल | रांची | जमशेदपुर | डाल्टेनगंज | बोकारो |
|---|---|---|---|---|
| 2018 | 26.2-4.6, | 28.5-6.8, | 28.0-4.6, | ....-.... |
| 2019 | 25.8-4.7 | 29.6-7.2 | 28.6-4.7 | 27.7-5.1 |
| 2020 | 29.4-7.0 | 31.6-7.6 | 31.7-5.9 | 28.6-6.1 |
| 2021 | 26.8-5.8 | 30.0-6.8 | 29.4-5.2 | 27.6-5.1 |
| 2022 | 29.8-8.5 | 31.4-10.2 | 31.3-6.5 | 28.1-7.5 |



## आओ जानें

## 20 दिसंबर का इतिहास

- 1780- ब्रिटेन ने हालैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
- 1830- ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और रूस ने बेल्जियम को मान्यता प्रदान की.
- 1876- महान कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की.
- 1924- जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की जेल से रिहाई.
- 1951- ओमान और ब्रिटेन के बीच समझौते के बाद ओमान स्वतंत्र हुआ.
- 1963- जर्मनी में बर्लिन की दीवार को पहली बार पश्चिमी बर्लिनवासियों के लिए खोला गया.
- 1985- तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जड़ित मुकुट चढ़ाया गया.

# कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 को लेकर राज्य में अलर्ट




संवाददाता । धनबाद

देश में एक बार फिर से कोरोनावायरस का खतरा मंडराने लगा है. केरल में पिछले 8 दिसंबर को कोरोना वायरस का नया वेरिएंट जेएन1 मिलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया है. इसके आलोक में राज्य सरकार ने धनबाद समेत सभी जिलों के सिविल सर्जन को अलर्ट रहने को कहा है. कोरोना से पीड़ित मरीजों की सतत निगरानी करने का निर्देश जारी किया है. केरल में इन दोनों कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है.

**सर्दी खांसी के साथ तेज बदन दर्द की शिकायत:** जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग के प्रमुख डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि कोरोना का नया वेरिएंट सर्दी, खांसी के साथ तेज बदन दर्द लेकर आ रहा है. इसे लेकर सभी प्रभारी को निर्देश जारी किया जा रहा है. सरकारी अस्पताल में जांच की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है. इसे लेकर जिला स्तर पर तैयारी की जा रही है. उन्होंने बताया कि हालांकि अभी जिले में संक्रमण का एक भी मामला नहीं है. विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं.

**धनबाद में टीकाकरण का कार्य भी अधूरा:** धनबाद में अब तक 17 लाख लोगों को कोरोना वायरस रोधी का टीका लगाया गया है. जबकि 20 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. जिले में अभी कोरोना वायरस का कोई भी टीका सरकारी अस्पताल में मौजूद नहीं है.

### लगातार बदल रहा रूप

केरल में एक सौ से अधिक मामले सामने आए हैं. वहीं तमिलनाडु के साथ देश के बाहर सिंगापुर में भी वेरिएंट तेजी से लोगों को चपेट में ले रहा है. 78 साल की एक महिला की जांच में इस वैरिएंट की पुष्टि हुई. इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कोरोना का नया वैरिएंट विकसित हो रहा है और यह खुद को लगातार बदल रहा है. कोरोना के इस नए वैरिएंट को अन्य वेरिएंट के मुकाबले फिलहाल खतरनाक माना जा रहा है. इसके लक्षण भी पिछले वेरिएंट जैसे ही हैं.

कार्डधारियों ने छतरपुर के समीप गुमला के चैनपुर रोड को किया जाम

# अनाज के लिए ठंड में रात भर लाइन में खड़े रहे ग्राहक

संवाददाता। गुमला

छतरपुर की डीलर ख्रिस्टिना लकड़ा के विरोध में मंगलवार को चैनपुर प्रखंड के छतरपुर पेट्रोल पंप के पास उपभोक्ताओं ने दो घंटे तक चैनपुर गुमला सड़क को जाम कर दिया. जिससे आवागमन बाधित हो गया और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. उपभोक्ताओं के चेहरे में डीलर के प्रति काफी आक्रोश और गुस्सा था. उपभोक्ताओं ने बताया कि वे लोग अनाज लेने के लिए कंपकंपाती ठंड में रात के दस बजे पीडीएस दुकान के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं.

पांच डिग्री तापमान में ग्रामीण अलाव ताप कर व पुवाल की मचान में सोकर कंपकंपाती ठंड में सुबह किया हैं. कार्डधारकों ने कहा कि डीलर पूरे माह में सिर्फ एक दिन राशन बांटता है और देर से पहुंचने पर राशन खत्म होने की बात करता है और पर्व नजदीक है, जिससे काफी दिक्कत होती है और भविष्य में भी राशन नहीं मिलने से परेशानी होगी. यही कारण है के कार्ड धारी रात में ही दुकान में लाइन लगा कर रात गुजारने लगे और इसकी सूचना मुखिया सुशील दीपक मिंज वह जिप सदस्य मेरी लकड़ा को दी. सुबह दोनों जनप्रतिनिधि राशन दुकान पहुंचे और दृश्य देखकर आश्चर्यचकित हो गए. उग्र ग्रामीणों ने सुबह पांच बजे छतरपुर में सड़क को जाम कर दिया और हल्ला हंगामा करने लगे. सूचना मिलने के बाद चैनपुर बीडीओ शिशिर कुमार सिंह साढ़े सात बजे जाम स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले से अवगत हुए. बीडीओ ने राशन डीलर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.

उन्होंने बुधवार को सुबह नौ बजे से अधिकारी व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनाज वितरण कराने का आश्वासन दिया. बीडीओ ने डीलर को फटकार लगाया. बीडीओ के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर डीलर के पुत्र शशि लकड़ा को पुलिस अपने साथ थाना ले आयी. हालांकि चैनपुर थाना में बाउंड लिखवा कर उसे छोड़ा गया.



आक्रोशित कार्डधारियों ने सुबह में छतपपुर के समीप गुमला चैनपुर रोड को किया जाम

### खास बातें

- जांच के बाद बीडीओ ने डीलर को किया निलंबित
- डीलर के पुत्र को थाना में भरना पड़ा बांड
- ठंड में अलाव ताप कर ग्रामीणों ने गुजारी रात

# रांची की प्रियंका को पुरी में मिला इंडियन ग्लोरी अवार्ड

संवाददाता। रांची



ओडिशा के पुरी में आईबीडब्ल्यू और हैप्पी मोमेंट्स ने इंडियन ग्लोरी अवार्ड का आयोजन किया. इसमें पूरे देश से बहुत सारे गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया. समारोह में रांची की प्रियंका जयसवाल को भी सम्मानित किया गया. प्रियंका बीडी इवेंट्स की डायरेक्टर और जेडी नेशनल बीएड कॉलेज की प्रोफेसर हैं. उनको इंडियन ग्लोरी अवार्ड दिया गया. उन्हें यह अवार्ड प्रसिद्ध भारतीय ओलंपियन दुती चंद ने दिया. प्रियंका हमेशा ही सामाजिक कार्यों में एक्टिव रहती हैं और सोशल मीडिया पर भी उनके 1.30 लाख हैं.

# दहेज के खिलाफ एक मुहिम है सर्वधर्म सामूहिक विवाह

संवाददाता । धनबाद

दहेज प्रथा के खिलाफ सर्वधर्म सामूहिक विवाह एक मुहिम है, जिसमें एक ही स्थल पर मौलाना, पंडित, पादरी और सिख धर्म गुरु जोड़ों को उनके धार्मिक रीति रिवाज से उन्हें शादी के बंधन में बांधते है. सर्वधर्म सामूहिक विवाह में 2014 से 2023 तक झारखंड , बंगाल और बिहार के 860 जोड़े एक दूसरे के हो चुके है. सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 2014 में देश से दहेज प्रथा को मिटाने के लिए कोयलांचल में सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति बनाई गई. जिसमे प्रत्येक वर्ष 17 जनवरी को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पूरे धूमधाम और पूरे रीति रिवाज से रजिस्ट्रेशन कराए गए जोड़ों की शादी कराई जाती है. सामूहिक विवाह में गरीब और अमीर दोनों परिवार के लोग शामिल होते हैं.

सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन दुर्गा पूजा की सष्टि से सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति के कार्यालय पंडित डेकोरेटर्स बेकारबांध धनबाद में शुरू हो जाती .इसके लिए माता पिता और वर वधु का आधार कार्ड और वर वधु की 2 फोटो की आवश्यक्ता होती है . सिंह ने यह भी कहा कि सामुहिक विवाह में समिति द्वारा जोड़ों को गद्दा ,ट्रंक ,5 - 5 जोड़े साड़ी , बच्चों के कपड़े ,बर्तन और एक जोड़े पर 100 बराती सराती का भोजन की व्यवस्था की जाती है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# 12वीं के बाद इंटीग्रेटेड कोर्स कर छात्र बचा सकते हैं समय और पैसा

रजनीश प्रसाद । एजुकेशन रिपोर्टर

इंटीग्रेटेड कोर्स यूजी और पीजी के कोर्सेज का एक संयोजन है. इसके कुछ उदाहरण बीबीए एमबीए, बीसीए एमसीए, बीएससी एमएससी, आदि हैं. इंटीग्रेटेड कोर्स की अवधि 5 वर्ष है और यह अलग-अलग यूजी और पीजी कोर्सेज से एक वर्ष कम है. कोर्स को 10 समान सेमेस्टर में विभाजित किया गया है. छात्र कोर्स को यूजी और पीजी स्तरों के संतुलन और समन्वय के साथ कवर करता है.



### क्यों करें इंटीग्रेट कोर्स

**अधिक अवसर:** इंटीग्रेटेड कोर्स छात्रों को एक साथ दो कोर्सेज का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करते हैं. उदाहरण स्वरूप एक इंजीनियरिंग छात्र एक इंटीग्रेटेड कोर्स चुन सकता है, जो इंजीनियरिंग के साथ मैनेजमेंट कोर्स भी प्रदान करता है. ये कोर्सेज छात्र को अपने ज्ञान को बढ़ाने और नौकरी के अधिक क्षेत्रों को खोलने में मदद करते हैं.

**समय की बचत:** इंटीग्रेटेड कोर्स, छात्रों के समय को बचाता है. बैचलर डिग्री तीन साल की होती है और मास्टर डिग्री कोर्स के आधार पर दो से तीन साल तक की हो सकती है. इंटीग्रेटेड कोर्स उस एक वर्ष को कम करते हैं.

**पैसों की बचत:** प्रवेश प्रक्रिया का पालन करना फिर से अलग अलग कोर्स के लिए आवेदन करना समय के साथ खर्चिला हो सकता है. इंटीग्रेटेड कोर्स विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश की लागत को कम करता है.

### 12वीं के बाद 5 ईयर इंटीग्रेटेड कोर्सेज की लिस्ट

**▪ बीबीए-एमबीए**

बीबीए एमबीए इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम एक पांच साल का अंडरग्रेजुएट प्लस पोस्टग्रेजुएट इंटीग्रेटेड कोर्स है, जिसे उम्मीदवार 10 2 परीक्षा पास करने के बाद ही कर सकते हैं. यह एक इंटीग्रेटेड कोर्स में अंडरग्रेजुएट बीबीए और पोस्टग्रेजुएट एमबीए डिग्री प्रोग्राम दोनों को जोड़ती है. उम्मीदवार 10 2 के पूरे होने के बाद ही इसे आगे बढ़ा सकते हैं. अलग बीबीए की अवधि 3 वर्ष है. एमबीए की अवधि 2 साल होती है. एक इंटीग्रेटेड बीबीए एमबीए करने के इच्छुक उम्मीदवारों को दोनों डिग्री के लिए केवल एक बार आवेदन करने की आवश्यकता होती है.

**▪ बीटेक एमबीए**

बीटेक एमबीए इंटीग्रेटेड कोर्स पांच साल का लॉन्ग टर्म कोर्स है. यह बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का मिश्रण है. इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को टेक्निकल और मैनेजेरियल दोनों ज्ञान प्राप्त होता है. बीटेक कोर्स चार साल का होता है और एमबीए कोर्स दो साल का होता है. दोनों कोर्स की कुल अवधि छह साल है. लेकिन अगर छात्र बीटेक, एमबीए इंटीग्रेटेड कोर्स चुनते हैं, तो वे इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री और प्रबंधन में मास्टर डिग्री दोनों एक ही समय में प्राप्त कर सकते हैं. इंजीनियरिंग के बाद एमबीए बीटेक छात्रों को विभिन्न अवसर और कॅरियर ग्रोथ प्रदान करता है.

**▪ बीएससी एमएससी**

बीएससी एमएसी एक इंटीग्रेटेड कोर्स है, जिसे छात्र 10 2 पूरा करने के बाद कर सकते हैं. कोर्स की अवधि पांच वर्ष है और आठ से दस सेमेस्टर में फैली हुई है. कोर्स में कुछ अन्य विषयों के अलावा मुख्य विषय के रूप में विज्ञान शामिल है. कोर्स पूरा होने के बाद आपको मास्टर डिग्री प्रदान की जाती है.

**▪ बीएससी बीएड**

बीएससी बीएड चार वर्षीय इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम है. छात्र भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित विषयों में अपनी 10 2 बोर्ड परीक्षा पूरी करने के तुरंत बाद इस कार्यक्रम को शुरू कर सकते हैं. बीएससी बीएड एक दोहरी डिग्री है जिसमें बीएससी और बीएड दोनों शामिल हैं जहां बीएससी बैचलर ऑफ साइंस के लिए है, जबकि बीएड बैचलर ऑफ एजुकेशन के लिए है. चूंकि बीएससी बीएड चार साल का इंटीग्रेटेड कोर्स है, यह आपके समय की बचत करेगा क्योंकि यदि आप दोनों डिग्री कोर्सेज को अलग-अलग अध्ययन करेंगे, तो इसमें आपको पांच साल (3 साल का बीएससी कोर्स और दो साल का बीएड कोर्स) खर्च करना पड़ेगा. तो, बीएससी बीएड के इच्छुक उम्मीदवार बीएससी बीएड इंटीग्रेटेड डुअल डिग्री प्रोग्राम को अपनाकर एक साल बचा सकते हैं.

**▪ बीए बीएड**

बीए बीएड चार साल का एक इंटीग्रेटेड कोर्स है, जिसमें थ्योरी कक्षाएं और इंटर्नशिप का संयोजन होता है. बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ आर्ट्स बैचलर ऑफ एजुकेशन है. इसमें बीए एक अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है, जबकि बैचलर ऑफ एजुकेशन एक पोस्टग्रेजुएट डिग्री है. इन्हें साथ में बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स कहा जाता है. चार वर्षों में विभाजित, यह कोर्स कला और व्यावसायिक अध्ययन से संबंधित विषयों का गहन ज्ञान प्रदान करता है. कोर्स छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल्स और शिक्षण कार्य के लिए एक अनुभव देता है.

**▪ ए एलएलबी**

बीए एलएलबी (बैचलर ऑफ आर्ट्स-बैचलर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ) कानूनी मामलों में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए पांच वर्षीय दोहरी डिग्री लॉ कोर्स है. किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास करने वाले छात्र बीए एलएलबी कोर्स के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं. बीए एलएलबी कोर्स कला विषयों और कानून विषयों दोनों को इंटीग्रेटेड करता है. बीए एलएलबी कई शीर्ष लॉ कॉलेजों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय कानून कोर्सेज में से एक है.

### 12वीं साइंस के बाद में 5 ईयर इंटीग्रेट कोर्सेज

- इंटीग्रेटेड एमएससी इन इकोनॉमिक्स
- इंटीग्रेटेड एमएससी इन कंप्यूटर साइंस
- इंटीग्रेटेड एमएससी इन स्टेटिक्स
- इंटीग्रेटेड एमएससी इन एमएलटी
- इंटीग्रेटेड एमएससी इन बायोटेक्लॉजी
- इंटीग्रेटेड एमटेक एजुकेशनल टेक्नोलॉजी
- इंटिग्रेटेड एमटेक कंप्यूर साइंस एडं इंजीनियरिंग

### 12वीं कॉमर्स के बाद में 5 ईयर इंटीग्रेटेड कोर्सेज

- इंटीग्रेटेड एमबीए
- इंटीग्रेटेड बीकॉम सीआईएमए
- इंटीग्रेटेड बीकॉम सीएमए

### भारतीय यूनिवर्सिटीज में आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.



### बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षाओं के नाम

- आरआईई सीईई
- सीयूसीईटी
- एलपीयूएनईएसटी

### इंटीग्रेटेड कोर्सेज के लिए यूनिवर्सिटीज

- ✓ स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- ✓ यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- ✓ यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- ✓ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- ✓ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी
- ✓ यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया
- ✓ कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- ✓ पेकिंग यूनिवर्सिटी
- ✓ यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज
- ✓ उट्रेच यूनिवर्सिटी

### भारतीय विश्वविद्यालय

- ✓ ग्रामीण महिला महाविद्यालय, सीकर
- ✓ वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय, छतरपुर
- ✓ पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, देहरादून
- ✓ जीएचजी खालसा कॉलेज, लुधियाना
- ✓ केशव प्रसाद राली पीजी कॉलेज, भदोही
- ✓ मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, ग्रेटर नोएडा
- ✓ खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर
- ✓ भगवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मेरठ
- ✓ पन्नाधाय महाविद्यालय, टोंक
- ✓ सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार

### 12वीं आर्ट्स के बाद में 5 ईयर इंटीग्रेटेड कोर्सेज

- इंटीग्रेटेड बीए एमए इंग्लिश
- इंटीग्रेटेड बीए एमए हिस्ट्री
- इंटीग्रेटेड बीए एमए पॉलिटिकल साइंस
- इंटीग्रेटेड बीए एमए सोसियोलॉजी
- इंटीग्रेटेड बीए एलएलबी

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)